CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 29⁰ C
न्यूनतम : 23⁰ C

नई दिल्ली, गुरुवार 21 अगस्त 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 139 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 26 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



देश को पुलिस स्टेट बनाने की साजिश :ओवैसी पेज 2



वनडे बैटर्स रैंकिंग से रोहित-कोहली गायब खेल टाइम्स



जननायक राहुल गांधी का एक और दांव सम्पादकीय



हमारे कच्चे तेल का कोई विकल्प नहीं: रूस पेज 12

# अग्नि-5 मिसाइल का सफल परीक्षण, रेंज 5000 किमी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत ने अपनी पहली इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 का सफल परीक्षण कर लिया है। ओडिशा के चांदीपुर में इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज में बुधवार को इसकी टेस्टिंग हुई।

यह मल्टिपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल री-एंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) टेक्नोलॉजी से लैस है। यानी इसे एक साथ कई टारगेट्स पर लॉन्च किया जा सकता है। इसका पहला परीक्षण अप्रैल 2012 में हुआ था। अग्नि-5 की रेंज 5000 किमी है। ऐसे में यह मिसाइल पाकिस्तान, चीन, तुर्की जैसे कई देशों तक मार करने की क्षमता रखती है। मिसाइल 7500 किलोग्राम के बंकर बस्टर वारहेड ले जाने और जमीन में 100 मीटर की गहराई तक जाकर दुश्मनों के न्यूक्लियर सिस्टम, रडार सिस्टम, कंट्रोल सेंटर, हथियार स्टोरेज को तबाह कर सकेगी। डिफेंस मिनिस्ट्री ने बुधवार को अग्नि-5 के सफल परीक्षण की जानकारी दी। अग्नि-5 भारत की पहली और एकमात्र इंटर कान्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बनाया है। ये भारत के पास मौजूद लंबी दूरी की मिसाइलों में से एक है।



**चीन और पाकिस्तान तक मार करने की क्षमता, भारत की पहली इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल**

## भारतीय वायुसेना को मिलेंगे 97 एलसीए मार्क 1ए फाइटर जेट

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के लिए 97 एलसीए मार्क 1ए फाइटर जेट खरीदने के लिए 62 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी। रक्षा सूत्रों ने बताया कि एक हाई लेवल मीटिंग में फाइटर जेट की खरीद को अंतिम मंजूरी दे दी गई।

# दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता पर हमला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर बुधवार सुबह सीएम आवास में जनसुनवाई के दौरान हमला हुआ।

दिल्ली सीएम ऑफिस ने बयान में कहा कि बुधवार को जनसुनवाई के दौरान एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री पर हमला किया। उसे दिल्ली पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ की जा रही है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आरोपी ने सीएम का हाथ पकड़कर खींचा। वे मेज के कोने से टकराईं। सिर पर चोट आई है। मीडिया में चल रही थप्पड़ वाली बात गलत है। दिल्ली पुलिस ने आरोपी पर अटेम्प्ट टू मर्डर (हत्या की कोशिश) का केस दर्ज किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आरोपी को बुधवार को ही कोर्ट में पेश भी किया गया। आरोपी का नाम राजेशभाई खीमजीभाई सकरिया (41) है। वह गुजरात के राजकोट का रहने वाला है।



IFTM UNIVERSITY
(Established under Section 2 (f) of UGC Act 1956 by UP Govt. Act No. 24 of 2010)
Lodhipur Rajput, Delhi Road, Moradabad - 244102 (U.P.)
NAAC A
29 Years of Excellence in Quality Education
REGISTRATIONS / ADMISSIONS OPEN FOR THE SESSION 2025-26

MANAGEMENT 9458032396, 9837350198, 8791090789
• BBA -3 yrs. • MBA
• BBA (Hons. with Research) - 4yrs.
• B.Com -3 yrs. • M.Com
• B.Com (Hons. with Research) - 4yrs.
• Diploma in Hotel Mgmt. (DHM)
• Bachelor of Hotel Mgmt. & Catering Technology (BHMCT)
• Master of Hotel Management (MHM)

PHARMACY 9451751810, 7906044144, 9927111259
• D. Pharm
• B. Pharm
• B. Pharm (2nd Year Lateral Entry)
• M.Pharm
- Pharmaceutics
- Pharmacology
- Pharmaceutical Chemistry
- Pharmacognosy

COMPUTER 9319160550, 9410013261, 9927048126
• BCA/BCA (Data Sci.) - 3 yrs. • MCA
• BCA (Hons. with Research) - 4yrs.
• B.Tech • M.Tech
Computer Science & Engineering
Artificial Intelligence & Machine Learning
• B.Tech (2nd Year Lateral Entry) • PGDCA

ENGINEERING 9997998354, 9458526285, 9997474743
• B.Tech
- Electronics & Comm. Engineering
- Electrical Engineering
- Mechanical Engineering
- Civil Engineering
• B.Tech (2nd Year Lateral Entry)
• M.Tech
- Electronics & Comm. Engineering
- Electrical Engineering (Power Sys. Engg.)
- Mechanical Engineering
- Civil Engineering (Structural Engg.)

BIOTECHNOLOGY 9837612666, 7017344483, 9760353953
• B.Tech • M.Tech
- Biotechnology
• B.Sc. - 3 yrs. • M.Sc.
- Biotechnology
- Food Technology
- Microbiology
• B.Sc. (Hons. with Research) - 4yrs.
- Biotechnology
- Microbiology

AGRICULTURE 8477061540, 9456981453, 9758531198
• B.Tech
- Agricultural Engineering
• M.Tech
- Farm Machinery & Power Engineering
- Soil & Water Conservation Engineering
- Process & Food Engineering
• B.Sc. (Hons.) - Agriculture
• M.Sc. (Ag.)
- Agronomy
- Horticulture (Veg. Sci., Floriculture & Landscaping)

POLYTECHNIC 7310703861, 9457636158, 8923771133
• Diploma in Engineering
- Electronics Engineering
- Electrical Engineering
- Computer Engineering
- Computer Engg (Artificial Intelligence)
- Mechanical Engineering
- Civil Engineering
- Production Engineering
- Refrigeration & Airconditioning
• Diploma in Engineering (2nd Year Lateral Entry)

nirf NATIONAL INSTITUTIONAL RANKING FRAMEWORK

SCIENCES 9412391675, 9259410042, 8077580771
• B.Sc. - 3 yrs.
• B.Sc. (Hons. with Research) - 4yrs.
- Physics - Zoology
- Chemistry - Botany
- Mathematics
• M.Sc.
- Physics - Zoology
- Chemistry - Botany
- Mathematics
• B.Sc.
- Home Science
• M.Sc.
- Home Science

HUMANITIES 9997473840, 7505488018, 7906392179
• BA -3 Yrs.
• BA (Hons. with Research) - 4yrs
- English - Hindi - Economics
- Sociology - Geography - Education
- Political Science - Home Science
- History - Sanskrit
• MA
- English - Hindi - Economics
- Sociology - Geography - Education
- Political Science
• Master of Social Work (MSW)
• B.Lib. M.Lib.
• BA (Journalism)
• MA (Journalism)

EDUCATION 8126543884, 7906512226, 8445230387
• BA-B.Ed. • B.Ed.
• B.Sc.-B.Ed. • M.Ed.

LAW 8791491123, 9837589666, 9412565607
• B.A.-LL.B. • B.B.A.-LL.B.
• LL.B. • LL.M.

SPECIAL FACILITIES
• Free Uniform to the students
• Fee waiver to meritorious students
• Separate Hostels for Girls and Boys
• Career- Oriented and Skill Development Courses
• Convenience of lift in most of buildings of the University
• Banking facility with ATM
• Post Office facility on Campus
• Wi-Fi / Internet facility
• Canteen / Cafeteria facility for students
• Medical facility (Dispensary and Ambulance)
• Sports facility (In-door & Out-door games)

छात्राओं के लिए ट्यूशन फीस में 10% की छूट
SUNDAY OPEN

Free Bus Service for Pick and Drop from the City and places nearby, namely, Hasanpur, Gajraula, Dhanaura, Nauganva Sadaat, Amroha, Bilari, Chandausi, Kanth, Seohara, Sherkot, Dhampur, Nagina, Noorpur, Ganva, Chandpur, Singhpur Sahni, Asmoli, Sambhal, Rampur, Thakurdwara, Milak, Behjoi, Bisauli, Saidnagli, Dilari, Shahbad, Tanda, Bhawalpur, Agwanpur, MDAColony and Lajpatnagar.

Telephone- 9639004077, 9837504666, (0591)- 2360817/18
E-mail : admissions@iftmuniversity.ac.in Website : www.iftmuniversity.ac.in

## NCERT ने ऑपरेशन सिंदूर पर स्पेशल मॉड्यूल किया जारी

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर पर एनसीईआरटी (नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग) ने दो स्पेशल मॉड्यूल जारी किए हैं। इन्हें क्लास 3 से 12 तक के छात्रों के लिए सप्लीमेंट्री मटेरियल के तौर पर शामिल किया गया है। मॉड्यूल में बताया गया है कि पाकिस्तान भले ही पहलगाम आतंकी हमले में किसी भी तरह से शामिल होने से इन्कार करता है, लेकिन यह हमला पाकिस्तान की सैन्य और राजनीतिक लीडरशिप के सीधे आदेश पर हुआ था। ये मॉड्यूल स्कूली बच्चों के बीच भारत की सैन्य शक्ति के बारे में जागरूकता बढ़ाने के मकसद से बनाए गए हैं। क्लास 3 से 8 के लिए मॉड्यूल का टाइटल ऑपरेशन सिंदूर-वीरता की गाथा और 9 से 12 तक के लिए मॉड्यूल का टाइटल ऑपरेशन सिंदूर- सम्मान और बहादुरी का मिशन है। एनसीईआरटी के स्पेशल मॉड्यूल रेगुलर कोर्स का हिस्सा नहीं होते। इसे कोई खास टापिक बच्चों को समझाने के लिए सप्लीमेंट्री मटेरियल के तौर पर तैयार किया जाता है।

# नया विधेयक: 30 दिन हिरासत में रहे, तो माननीय खो देंगे पद

## सरकार लाई बिल, मंजूरी के लिए जेपीसी को भेजा गया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या किसी भी मंत्री की गंभीर अपराध में गिरफ्तारी और 30 दिन तक न्यायिक हिरासत में रखे जाने पर उन्हें पद से हटाने के प्रावधान वाले संविधान संशोधन विधेयक तथा दो अन्य विधेयकों को विपक्ष के भारी विरोध और हंगामे के बीच संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया।

क्षुब्ध विपक्षी सदस्यों ने सदन में गृह मंत्री के ऊपर कागज के गोले भी फेंके। गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के भारी विरोध के बीच संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025, केंद्र शासित प्रदेश (संशोधन) विधेयक, 2025 तथा जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2025 संसद में पेश किया। विपक्षी दलों ने इन विधेयकों को विपक्षी दलों की सरकारों को लक्ष्य कर बनाया गया विधेयक करार देते हुए इसे वापस लेने की मांग की। विधेयक में प्रावधान है कि पांच वर्ष या उससे अधिक की सजा वाले गंभीर अपराधों में अगर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या किसी अन्य मंत्री को 30 दिन की हिरासत में रखा जाता है, तो इसके अगले दिन ही उसे पदमुक्त समझा जाएगा। हिरासत से छूटने के बाद ऐसे व्यक्ति को फिर से पद दिया जा सकता है। श्री शाह ने विधेयक को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का प्रस्ताव किया जिसे ध्वनिमत से स्वीकार कर लिया गया।



**विपक्ष ने तीनों बिलों को वापस लेने की मांग की, सदन में गृह मंत्री के ऊपर कागज के गोले फेंके**

### टीम इंडिया की स्पॉन्सर ड्रीम-11 हो सकती है बैन

**नई दिल्ली।** लोकसभा में बुधवार को विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच ऑनलाइन खेल संवर्धन एवं विनियमन विधेयक, 2025 ध्वनिमत से पारित किया गया। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विधेयक को लेकर कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी हाल के कुछ वर्षों में तेजी से फैल रही है। इससे शिक्षा और खेलों के क्षेत्र में सीखने के अनेक आसान उपाय एवं साधन उपलब्ध हुए हैं और लोगों के सीखने की गति तेज हुई है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक ई-स्पोर्ट और ऑनलाइन सोशल गेम्स को प्रोत्साहित करता है।

# अब्बास अंसारी की विधायकी होगी बहाल

**प्रयागराज।** उप्र के प्रयागराज में बुधवार को मुख्तार अंसारी के बेटे पूर्व विधायक अब्बास अंसारी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है।

हाईकोर्ट ने अब्बास अंसारी की याचिका को मंजूर कर लिया और उनको एमपी- एमएलए स्पेशल कोर्ट मऊ से मिली दो साल की सजा रद्द कर दी है। बता दें कि अब्बास अंसारी ने सजा रद्द करने के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। जिस पर सुनवाई करते हुए जस्टिस समीर जैन ने अब्बास अंसारी की 2 साल की सजा को रद्द कर दिया है। अब अब्बास अंसारी की विधायकी बहाल हो जाएगी।



**हाईकोर्ट ने दो साल की सजा पर रोक लगाई**

## मोदी की स्नातक डिग्री विवाद मामले में फैसला टला

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने पीएम मोदी की स्नातक डिग्री विवाद से संबंधित मामले में बुधवार को अपना फैसला टाल दिया। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की एकल पीठ ने इस मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद 27 फरवरी को अपना फैसला सुरक्षित रखा लिया था। उन्होंने यह भी कहा कि डीयू को अदालत को रिकॉर्ड दिखाने में कोई आपत्ति नहीं है। हाईकोर्ट ने डीयू की याचिका पर सुनवाई के बाद 23 जनवरी, 2017 को सीआईसी के आदेश पर रोक लगा दी थी। सीआईसी ने 21 दिसम्बर, 2016 को आवेदक नीरज को उन सभी विद्यार्थियों के अभिलेखों के निरीक्षण की अनुमति दी थी, जिन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से 1978 में स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण की थी।

# राज्यपाल-सरकार रिश्ते पर सुप्रीम नजर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि क्या आजादी के बाद से देश संविधान निर्माताओं की उस उम्मीद पर खरा उतरा है, जिसमें राज्यपाल और राज्य सरकार के बीच सामंजस्य और आपसी परामर्श की व्यवस्था की कल्पना की गई थी।

यह टिप्पणी पांच जजों की संविधान पीठ ने की, जिसकी अध्यक्षता चीफ जस्टिस बीआर गवई कर रहे हैं। इस पीठ में न्यायमूर्ति सूर्यकांत, विक्रम नाथ, पीएस नरसिम्हा और एएस चंद्रचूड़कर भी शामिल हैं। वहीं सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केंद्र सरकार की ओर से पेश होकर कहा कि संविधान सभा में राज्यपाल की नियुक्ति और उनकी शक्तियों को लेकर गहन बहस हुई थी। अक्सर आलोचना होती है कि राज्यपाल का पद राजनीतिक शरण लेने वालों का ठिकाना है, लेकिन असल में यह पद संवैधानिक जिम्मेदारियों और कुछ निश्चित शक्तियों से जुड़ा हुआ है। पीठ राष्ट्रपति के उस राष्ट्रपति संदर्भ पर सुनवाई कर रही है, जिसमें सवाल उठाया गया है कि क्या सुप्रीम कोर्ट राज्यपाल और राष्ट्रपति को यह निर्देश दे सकता है कि वे राज्य विधानसभाओं से पास हुए बिलों पर तय समय सीमा के भीतर फैसला लें। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और अटॉर्नी जनरल से यह पूछा था कि आखिर क्यों कई राज्यों के विधानसभा से पास हुए बिल साल 2020 से ही राज्यपालों के पास लंबित पड़े हुए हैं। यह चिंता का विषय है, लेकिन अदालत संवैधानिक दायरे में रहकर ही अपनी राय देगी।



**अदालत ने अहम टिप्पणी करते हुए कहा- संविधान निर्माताओं का सपना, हकीकत से कितना दूर**

ADMISSION OPEN 2025
JMS GROUP OF INSTITUTIONS
16 Years Excellence
B.TECH | POLYTECHNIC | LLB | BA LLB
BBA | BCA | B.Com | B.SC (BIO) | B.SC (CS)
B.SC (BIOTECH) | 'O' LEVEL | BPES | BA
B.PHARMA | D.PHARMA | MBA | MCA
+91 7302252600
NH-9, Hapur Bypass Hapur 245101

## संक्षिप्त समाचार

### राजीव गांधी की 81वीं जयंती, संसद में श्रद्धांजलि दी गई

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की बुधवार को 81वीं जयंती थी। इस मौके पर संसद में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत कई सांसद शामिल हुए। इधर, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे दिल्ली के वीर भूमि पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस पूर्व पीएम के जन्मदिवस को दिवस के रूप में मना रही है। राहुल गांधी ने एक्स पर पापा राजीव गांधी की फोटो शेयर कर लिखा कि एक ऐसा भारत जहां हर नागरिक को सम्मान मिले, जहां सद्भावना हो, लोकतंत्र और संविधान से देश मजबूती से खड़ा हो। पापा, आपके देखे इस सपने को पूरा करना ही मेरा जीवन लक्ष्य है। पीएम मोदी ने कहा कि आज उनकी जयंती पर, पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी जी को मेरी श्रद्धांजलि।

### मुंबई में लगातार तीसरे दिन स्कूल-कॉलेज दफ्तर बंद

**नई दिल्ली।** मुंबई में तेज बारिश का बुधवार को तीसरा दिन था। 24 घंटे में यहां 300 एमएम बारिश हुई। मुंबई में लगातार तीसरे दिन स्कूल-कॉलेज, गवर्नमेंट और सेमी-गवर्नमेंट ऑफिस बंद रहे। मुंबई लोकल की 34 ट्रेनें (17 जोड़ी) कैंसिल हैं। 250 से ज्यादा फ्लाइट्स पर भी असर पड़ा है। मंगलवार शाम मुंबई में एक मोनोरेल से करीब 800 लोगों को रेस्क्यू किया गया। मैसूर कॉलोनी रेलवे स्टेशन के पास शाम 6 बजे एक मोनोरल एलिवेटेड ट्रैक पर अटक गई थी। इसमें मौजूद 582 यात्रियों को विंडो तोड़कर क्रेन की मदद से करीब 40-50 फीट की ऊंचाई से रेस्क्यू किया गया।

# अधर्म के खिलाफ जारी रहेगा युद्ध: अखिलेश यादव

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा-भाजपा वोट चोर है, चुनाव आयोग-जिलाधिकारी इनके साथी

**लखनऊ।** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने वोटी चोरी के मामले में भाजपा की केन्द्र और प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा और कहा कि यूपी में 2022 के विधानसभा चुनाव में नाम काटने को लेकर हमने जो 18000 शपथपत्र दिए थे, भाजपा सरकार उनमें से एक का भी जवाब सही तरीके से देना नहीं चाहती है। यहां तक की चुनाव आयोग ने भी कह दिया कि उन्हें कोई शपथपत्र नहीं मिला।

अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव आयोग की बात को यूपी के 3 जिलाधिकारियों ने झूठा करार दे दिया है। उन्होंने 18000 शपथपत्र मिलने की बात स्वीकारी है। जिस तरह कासगंज, बाराबंकी, जौनपुर के डीएम हमारे 18000 शपथपत्रों के बारे में अचानक अति सक्रिय हो गए हैं, उसने एक बात तो साबित कर दी है कि जो चुनाव आयोग कह रहा था कि एफिडेविट की बात गलत है' एफिडेविट नहीं मिले, उनकी वो बात झूठी निकली। अब सतही जवाब देकर खानापूर्ति करने वाले इन जिला. धिकारियों की संलिप्तता की भी जांच होनी चाहिएख कोर्ट संज्ञान ले, चुनाव आयोग या डीएम में से कोई एक तो गलत है ही न? जो सीसीटीवी पर पकड़े गए हों उनके द्वारा अपने घपलों पर दी गई सफाई पर किसी को भी रत्ती भर विश्वास नहीं है। ऐसे भ्रष्ट लोग न तो अपने ईमान के सगे होते हैं, न परिवार, न समाज के, तो फिर भला अपने साझेदारों के कैसे होंगे।

ये बेईमान लोग देश और देशवासियों से ताउम्र दगा करते हैं और अंतत: पकड़े जाने पर अपमान से भरी जिंदगी जीने की सजा काटते हैं। भाजपा सरकार, चुनाव आयोग और स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत वो 'चुनावी तीन तिगाड़ा' है, जिसने सारा काम बिगाड़ा है, देश के लो. कतंत्र पर डाका डाला है। अब जनता इस 'त्रिगुट' की अदालत लगाएगी। जिलाधिकारी को आगे करके चुनाव आयोग बच नहीं सकता। इस मामले की गहन जांच-पड़ताल हो। डीएम साहब दिखाएं कि नाम काटते समय जो 'मृतक प्रमाणपत्र' लगाए गए थे वो कहां हैं, अगर ये झूठ नहीं है तो ये सफाई देने में इतने साल क्यों लग गए? अखिलेश ने कहा कि किसानों की स्थिति लगातार बिगड़ रही है। सरकार किसानों को खाद तक नहीं दे पा रही है। अयोध्या में किसान खाद के लिए घंटों लाइनों में खड़े हैं, ये लोग किसानों की आय दोगुनी करने की बात करते थे, लेकिन आज किसान लागत भी नहीं निकाल पा रहे। आलू किसान बुरी तरह से परेशान हैं।

राहुल गांधी के साथ यूपी चुनाव लड़ने के सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा कि यह धर्मयुद्ध है और इसमें साथ आना पड़ेगा। चुनाव आयोग पर बोलते हुए उन्होंने भाजपा पर वोट चोरी का आरोप लगाया कि भाजपा वोट चोर है। ये लोग वोटों को त्रिकोण बनाकर चोरी करते हैं, जिसमें चुनाव आयोग और अधिकारी तक शामिल हो जाते हैं, लेकिन, 2027 का चुनाव हम कार्यकर्ताओं के सहयोग से लड़ेंगे और वोट चोरी नहीं करने देंगे।

# देश को पुलिस स्टेट बनाने की साजिश

## पीएम-सीएम व मंत्रियों को हटाने वाले विधेयक पर बोले ओवैसी

नई दिल्ली, वार्ता



■ इससे कार्यकारी एजेंसियों को खुली छूट मिल जाएगी कि वे मामूली आरोपों और शक के आधार पर ही जज व जल्लाद दोनों बन जाएं

लोकसभा में बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तीन अहम विधेयक पेश किए, जिन पर संसद के अंदर तीखी बहस और हंगामा देखने को मिला।

एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने इन तीनों विधेयकों का कड़ा विरोध किया। उन्होंने कहा कि यह बिल संविधान में निहित शक्ति-विभाजन के सिद्धांत का उल्लंघन है और जनता के जरिए चुनी हुई सरकारों के अधिकार को कमजोर करता है। ओवैसी ने कहा कि इससे कार्यकारी एजेंसियों को खुली छूट मिल जाएगी कि वे मामूली आरोपों और शक के आधार पर ही जज और जल्लाद दोनों बन जाएं। ओवैसी ने संसद में कहा कि यह सरकार किसी भी कीमत पर देश को 'पुलिस स्टेट' में बदलने पर तुली हुई है। उनके अनुसार यह कदम चुनी हुई सरकारों पर सीधा हमला है और लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करने वाला है।

उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इन विधेयकों को लागू किया गया, तो यह भारत के लोकतंत्र पर 'डेथ नेल' (अंतिम वॉर) साबित होगा। ओवैसी ने इसे संविधान के साथ छेड़छाड़ कर जनता की आवाज दबाने की को. शिश बताया। ओवैसी के बयान के बाद विपक्षी दलों ने भी सरकार पर निशाना साधा। उनका आरोप है कि भाजपा सत्ता के केंद्रीकरण और कार्यपालिका को असीमित ताकत देने का काम कर रही है। विपक्ष का कहना है कि इससे न्यायपालिका की भूमिका कमजोर होगी और लोकतंत्र केवल नाम का रह जाएगा। इन विधेयकों को लेकर संसद के बाहर भी राजनीतिक टकराव तेज हो गया है और आने वाले दिनों में यह मुद्दा बड़ी बहस का कारण बनेगा।

# राधाकृष्णन ने उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन किया

नई दिल्ली, वार्ता

■ राजग के 160 सदस्य नामांकन के समय उपस्थित रहे

उप राष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस ऐतिहासिक मौके पर प्रधानमंत्री उप राष्ट्रपति उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन के प्रस्तावक बने।

इस अवसर पर उनके साथ मोदी के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और राजग सहयोगी दलों के वरिष्ठ नेता तथा जनता दल यूनाइटेड से ललन सिंह और संजय झा, लोजपा (रामविलास) से चिराग पासवान, केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी के अलावा और भी कई केन्द्रीय मंत्री मौजूद थे। श्री राधाकृष्णन का नामांकन चार सेटों में दाखिल हुआ है। जिनमें से प्रत्येक पर 20 प्रस्तावकों और 20 अनुमोदकों के हस्ताक्षर हैं। पहले सेट में मुख्य प्रस्तावक के रूप में प्रधानमंत्री मोदी के हस्ताक्षर हैं, जबकि बाकी सेटों में केंद्रीय मंत्रियों और वरिष्ठ राजग नेताओं के हस्ताक्षर हैं, जो गठबंधन में व्यापक सहमति को दर्शाता है। उप राष्ट्रपति उम्मीदवार राधाकृष्णन के इस ऐतिहासिक मौके पर संसद भवन में नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान मंत्रियों और सांसदों सहित राजग के लगभग 160 सदस्य उपस्थित रहे।

## दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के आरोप में 10 अन्य को भी नोटिस

# यूपी के तीन जिलों के कृषि अधिकारी सस्पेंड

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ खाद की कमी पर सवाल उठाए जाने पर मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा अखिलेश को बोलने का कोई हक नहीं



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा है कि पदीय दायित्वों का निर्वहन में लाप. रवाही बरतने के आरोप में तीन जिलों के जिला कृषि अधिका. रियों को निलंबित करने के साथ ही दस अन्य लोगों को नोटिस जारी की जा रही है।

उन्होंने कहा कि नोटिस उन लोगों को जारी की जा रही है, जिनके पास खेत कम है और उन्होंने खाद ज्यादा उठा ली है। यहां कृषि भवन में बुधवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कृषि मंत्री ने कहा कि जिन जिला कृषि अधिकारियों को निलंबित किया गया है। उनमें मंजीत कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी बलरामपुर प्रकाश चंद्र विश्वकर्मा और अशोक प्रसाद मिश्र जिला कृषि अधिकारी श्रावस्ती शामिल है। प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में खाद की कालाबाजारी को लेकर रिपोर्ट मंगाई जा रही है। जांच के बाद उन पर कार्रवाई की जाएगी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा खाद की कमी पर सवाल उठाए जाने को लेकर कृषि मंत्री ने कहा कि अखिलेश को बोलने का कोई हक नही है। उनके समय मे खरीफ सीजन में केवल 91.45 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में खरीफ फसलों की बुवाई हुई थी, जबकि किसानों को समय से उन्नत बीज खाद पानी सिंचाई संसाधनों में निरंतर वृद्धि के परिणाम स्वरुप वर्ष 2023 24 में खरीफ के फसलों का आच्छादन बढ़कर 101-आई 8 हेक्टेयर हो गया है। 2024 में यह क्षेत्रफल 105.93 लाख हेक्टेयर हो गया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकार बनते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 36000 किसानों की ऋण माफी की थी। कृषि मंत्री ने बताया कि महाराजगंज में जून माह के दौरान 186 लोग ऐसे पाए गए हैं। जिन्होंने एक मीट्रिक टन से लेकर 2.375 मीट्रिक टन तक यूरिया का क्रय किया गया है। इन लोगों के द्वारा चार बार से लेकर 13 बार तक खाद का क्रय किया गया है। जांच के दौरान यदि कालाबाजारी पाई जाती है तो उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

### राज्य कर विभाग ने बीमा कंपनियों को जारी किया नोटिस

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह विभाग के राजस्व वृद्धि को बढ़ाने की कवायद के तहत रियल एस्टेट और खनन जैसे क्षेत्रों की तर्ज पर बीमा कंपनियों पर अपना ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया है। राज्य कर विभाग ने उत्तर प्रदेश में राज्य जीएसटी के तहत पंजीकृत सभी बीमा कंपनियों को नोटिस जारी कर लगभग 40 प्रश्नों के उत्तर मांगे हैं, ताकि यह सत्यापित किया जा सके कि क्या वे प्रीमियम पर ग्राहकों से वसूला गया पूरा जीएसटी जमा कर रही हैं अथवा नहीं। पहली बार, विभाग ने अपने मुख्यालय में एक संयुक्त आयुक्त के अधीन सेंटर भी स्थापित किया है ताकि यह जांच की जा सके कि क्या बीमा कंपनियां कर-संबंधी शिकायतों में लिप्त हैं या किसी प्रकार की अनियमितता में लिप्त हैं जिससे राज्य के खजाने को राजस्व का नुकसान हो रहा है।



सेंसेक्स 81857.84
निफ्टी 25000

सोना रु. 98803
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

चांदी रु. 111225
प्रति किलो

# आईटी, एफएमसीजी में लिवाली से गुलजार हुआ शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता



आईटी, एफएमसीजी और रियलिटी क्षेत्रों की कंपनियों में लिवाली से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी रही और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (सूचकांक) का निफ्टी-50 सूचकांक करीब चार सप्ताह बाद 25,000 अंक के पार बंद हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 213.45 अंक (0.26) प्रतिशत की तेजी के साथ 81,857.84 अंक पर पहुंच गया। आईटी सेक्टर में लिवाली से इंफोसिस और टीसीएस के शेयरों में सबसे अधिक तेजी रही। नेशलन स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक कारोबार की समाप्ति पर 69.90 अंक यानी 0.28 फीसदी की बढ़त में 25,050.55 अंक पर रहा। यह गत 24 जुलाई के बाद पहली बार 25 हजार अंक के पार बंद हुआ है। दोनों प्रमुख सूचकांकों में सुबह मामूली उतार-चढ़ाव था, लेकिन बाद में उनका ग्राफ लगातार ऊपर की ओर बढ़ता गया। मजबूत निवेश धारणा के कारण सेंसेक्स और निफ्टी-50 लगातार पांचवें दिन मजबूती के साथ बंद हुए हैं। आईटी कंपनियों में निवेशकों ने जमकर लिवाली की और निफ्टी आईटी 2. 69 प्रतिशत चढ़ गया। निफ्टी एफएमसीजी और निफ्टी रियलिटी में भी एक प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। बैंकिंग, वित्तीय सेवा, फार्मा और स्वास्थ्य क्षेत्र के सूचकांक लाल निशान में रहे। सेंसेक्स 27.08 अंक की तेजी के साथ 81,671.47 अंक पर खुला। खुलने के तुरंत बाद यह 81,494.50 अंक तक उतर गया। इसका दिवस का उच्चतम स्तर 81,985.62 अंक रहा। निफ्टी-50 सूचकांक 14.85 अंक की गिरावट में 24,965.80 अंक पर खुला। यह नीचे 24,929.70 अंक और ऊपर 25,088.70 अंक तक गया। ज्यादा शेयरों पर आधारित निफ्टी-100 सूचकांक भी 0.30 अंक की बढ़त में रहा। मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली से निफ्टी मिडकैप-50 में 0.57 फीसदी और स्मॉलकैप-100 में 0.46 फीसदी की तेजी रही।

# सोने और चांदी के भाव में रही गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में बुधवार को भारी गिरावट देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 365 रुपए गिरकर 98,803 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। चांदी की कीमत भी 2,400 रुपए कम होकर 1,11,225 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,13,625 रुपए पर थी। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,003,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,950 रुपये रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,150 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,800थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,150 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,800 रही, वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,150 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,800 रही, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,200 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,850 रही। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 22,641 रुपए बढ़कर 98,803 रुपए पर पहुंच गया है। चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 25,208 रुपए बढ़कर 1,11,225 रुपए पर पहुंच गया है। पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

# गेहूं महंगा, चावल हुआ सस्ता, दालों व खाद्य तेलों में रही तेजी



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव टूट गए, जबकि गेहूं में तेजी देखी गयी। चीनी के भाव में लगभग टिकाव रहा, जबकि दालें और खाद्य तेल महंगे हो गए। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा 24 रिंगिट फिसलकर 4,497 रिंगिट प्रति टन बोला गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.58 प्रतिशत की गिरावट के साथ 51.51 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 14 रुपए फिसलकर 3,819.41 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। गेहूं चार रुपए प्रति क्विंटल बढ़कर 2,841.09 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। वहीं, आटा 3,293.57 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। सरसों तेल औसतन करीब 72 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया। मूंगफली तेल 54 रुपए फिसल गया, जबकि वनस्पति में 65 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। पाम ऑयल आठ रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सूरजमुखी तेल में 44 रुपए की तेजी रही। सोया तेल भी 57 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में मसूर दाल औसतन दो रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गयी। तुअर दाल और मूंग दाल के दाम लगभग स्थिर रहे। चना दाल तीन रुपए और उड़द दाल 12 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई। गुड़-चीनी : बाजार में गुड़ की औसत कीमत करीब चार रुपए बढ़ गयी। चीनी की कीमतों में कमोबेश टिकाव रहा।

# भारतीय प्रबंधन संस्थान विधेयक राज्यसभा में ध्वनिमत से पारित

**नई दिल्ली।** राज्यसभा ने असम के गुवाहाटी में भारतीय प्रबंधन संस्थान खोलने से संबंधित भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक 2025 बुधवार को विपक्ष के बहिर्गमन के बीच ध्वनिमत से पारित कर दिया। इसके साथ ही विधेयक पर संसद की मुहर लग गई है। लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है।

विपक्षी सदस्यों ने बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर चर्चा कराए जाने की मांग नहीं माने जाने पर जोरदार हंगामा किया और सदन से बहिर्गमन किया। विपक्ष के हंगामे के कारण दो बार के स्थगन के बाद पीठासीन उप सभापति भुवनेश्वर कलिता ने अपराह्न दो बजे सदन की कार्यवाही शुरू करते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से भारतीय प्रबंधन संस्थान संशोधन विधेयक चर्चा और पारित करने के लिए कहा। प्रधान के बोलने के लिए खड़े होते ही विपक्षी सदस्यों ने मतदाता सूची के मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग शुरू कर दी। विपक्षी सदस्य आसन के निकट आकर नारेबाजी करने लगे। इस पर कलिता ने विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को अपनी बात रखने की अनुमति दी। खड़गे ने मतदाता सूची के मुद्दे को उठाने की कोशिश की, लेकिन आसन ने उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी। आसन ने कहा कि आप इस विधेयक के अलावा और किसी विषय पर बात नहीं रख सकते। विपक्ष के सदस्य इसके विरोध में नारेबाजी करते हुए सदन से बहिर्गमन कर गए। इसके बाद सदन ने संक्षिप्त चर्चा और शिक्षा मंत्री द्वारा उसका जवाब दिए जाने के बाद विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। विपक्ष के सदस्यों ने विधेयक के कुछ प्रावधानों पर संशोधन के प्रस्ताव दिए थे, लेकिन सदस्यों के सदन से अनुपस्थित रहने के कारण इन्हें सदन में नहीं रखा जा सका। विधेयक में गुवाहाटी में भारतीय प्रबंधन संस्थान की स्थापना का प्रावधान है। संस्थान के पहले निदेशक मंडल के गठन तक इसका कामकाज केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त व्यक्ति संभालेंगे। इस संस्थान पर 5500 करोड़ रूपए की लागत आएगी। विधेयक में भारतीय प्रबंधन संस्थान अधिनियम 2017 में संशोधन के साथ-साथ भारतीय प्रबंधन संस्थानों को राष्ट्रीय महत्व के संस्थान घोषित करने और उनके कामकाज को विनियमित करने के प्रावधान किए गए हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

राव नदीम एडवोकेट जिन्दाबाद
आवाम-ए-हिन्द पार्टी जिन्दाबाद
ऑल इण्डिया
आवाम-ए-हिन्द पार्टी
मिशन-2027
नया विजन-हमारा मिशन
हिन्दू-मुस्लिम साथ चलेगा, एकता का राज चलेगा।



राव नदीम एड.
राष्ट्रीय अध्यक्ष
साथियों हक और इंसाफ के लिए अपनी आवाज बुलंद करने के लिए आवाम-ए-हिन्द पार्टी से जुड़कर राव नदीम एड. के हाथों को मजबूत करें।
Ph. 9027879829, 9411626066

# दिल्ली के 50 से ज्यादा स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**कई घंटे जांच के बाद पुलिस ने इस धमकी को फर्जी बताया, अब तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में फिर ५० से ज्यादा स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ताजा मामले में ईमेल के जरिए मिली इस धमकी से हड़कंप मच गया। एहतियात के तौर पर आनन-फानन में सभी स्कूल परिसरों को खाली कराया गया। बम की धमकी की सूचना पर जांच के लिए डॉग स्क्वायड, बम डिस्पोजल टीम, दिल्ली पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची है। छात्र-छात्राओं को वापस घर भेजा गया है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, खुद को आतंकवादी १११बताने वाले ग्रुप ने डीएवी पब्लिक स्कूल, फेथ अकादमी, दून पब्लिक स्कूल, सर्वोदय विद्यालय और अन्य स्कूलों को ईमेल भेजकर २५,००० डॉलर की मांग की। इसी समूह ने १८ अगस्त को भी कई स्कूलों को बम की धमकी भेजने के बाद कथित तौर पर क्रिप्टोकरेंसी में ५,००० डॉलर की मांग की थी।

ईमेल में लिखा था, हमने आपके आईटी सिस्टम में सेंध लगाई है, छात्रों और कर्मचारियों का डाटा निकाला है और सभी सुरक्षा कैमरों को नुकसान पहुंचाया है। हम आपकी गतिविधियों पर रीयल- टाइम नजर रख रहे हैं।

४८ घंटों के भीतर २००० अमेरिकी डॉलर इथेरियम पते पर ट्रांसफर करें, वरना हम बम विस्फोट कर देंगे। दिल्ली के स्कूलों को बम धमकी मिलने का यह पहला मामला नहीं है बल्कि अब ये आम हो चला है। इससे पहले, सोमवार यानी १८ अगस्त को दिल्ली के ३२ स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी ईमेल से मिली थी। ये सभी दक्षिण, दक्षिण पश्चिम और द्वारका जिले के स्कूल थे।

कई घंटे तक चली जांच के बाद यह धमकी फर्जी निकली थी। जानकारी के मुताबिक, एसकेवी स्कूल मालवीय नगर ईमेल के जरिये धमकी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस व बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा है। स्कूल को बंद कर छात्रों को घर भेज दिया गया। कई घंटे जांच के बाद पुलिस ने इस धमकी को फर्जी बताया। अब तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

# धमकी के साथ की गई पैसे की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्कूलों में बम से उड़ाने की धमकी से दहशत है। इस तरह के मेल स्कूलों में आए दिन आ रहे हैं। इस बार सुरक्षा एजेंसियां सकते में है। सोमवार को दिल्ली के जिन ३२ स्कूलों को धमकी भरे मेल मिले उन स्कूलों से ४,३५,४२७.५० रुपये यानि ५००० अमेरिकी डॉलर की मांग की गई थी। पैसे नहीं देने पर स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। इससे पहले स्कूलों व कॉलेजों समेत कई शैक्षणिक संस्थानों को मिले धमकी भरे मेल में पैसे की मांग नहीं की गई थी।

स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दिल्ली के ३२ स्कूलों यानि दक्षिण जिले के ७, दक्षिण-पश्चिमी जिले के १३, द्वारका के ११ और मध्य जिले के १ स्कूल को बम से उड़ाने के धमकी भरे मेल मिले थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सभी स्कूलों को मिले मेल एक जैसे हैं और सभी जी मेल आईडी से भेजे गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मेल भेजने के लिए वीपीएन का इस्तेमाल किया गया है। इसका इस्तेमाल करने से मेल भेजने के बाद आईपी एड्रेस किसी भी देश का बन जाता है। स्पेशल सेल के पुलिस उपायुक्त अमित कौशिक ने बताया कि वीपीएन का अभी तक कोई तोड़ नहीं हैं। वीपीएन प्रोवाइड करने वाली एजेंसियां इसकी डिटेल नहीं देती है। गूगल की जानकारी देने से मना किया... वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गूगल से जब धमकी भरे मेल भेजने के बाद जानकारी मांगी गई तो जानकारी देने से मना दिया है। गूगल ने सिर्फ इतना बताया कि धमकी भरे मेल विदेशी आईपी एड्रेस से भेजे गए हैं।

दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ऐसी जानकारी सामने आ रही है कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का इसके पीछे हाथ है। आईएसआई की ये मंशा हो सकती है कि धमकी भरे मेल भेजने से एक तो स्कूलों, प्रशासन व सुरक्षा एजेंसियों में दशहत फैलेगी, दूसरा धमकी भरे मेलों से सुरक्षा एजेंसियां बिजी होंगी व रिसोर्स खत्म होंगे। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने स्कूलों व कॉलेजों को लगातार मिल रही बम धमकियों पर चिंता जताई है। उन्होंने इसकी गहन जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि इन धमकियों से छात्र, अभिभावक और स्कूल प्रबंधन भय और असुरक्षा के माहौल में जी रहे हैं, जिससे उनकी मानसिक स्थिति पर नकारात्मक असर पड़ रहा है।

यादव ने बताया कि १८ अगस्त को ही ३२ स्कूलों को बम की धमकी मिली। जुलाई में चार दिनों में ५० से ज्यादा स्कूलों और इस वर्ष जनवरी से अगस्त तक १०० से अधिक स्कूलों को ऐसी धमकियां मिल चुकी हैं। पिछले वर्ष मई २०२४ से अब तक ३०० से ज्यादा स्कूल और कॉलेज को धमकी ईमेल प्राप्त हुए हैं। उन्होने कहा, मुख्यमंत्री व उपराज्यपाल को गृहमंत्री से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करनी चाहिए। सुरक्षा की जिम्मेदारी भाजपा सरकार की है।

# दुर्गा पूजा समितियों को सरकार देगी पूरा सहयोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने ग्रेटर कैलाश की विधायक शिखा राय एवं दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में आगामी दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियों एवं आयोजनों में आ रही विभिन्न बाधाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस मौके पर मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि दुर्गा पूजा केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं है बल्कि यह दिल्ली की गंगा-जमुनी संस्कृति और सामाजिक एकता का जीवंत प्रतीक है। हमारी सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि किसी भी समिति को आयोजन में कोई दिक्कत न आए। दिल्ली सरकार की प्राथमिकता है कि यह महोत्सव भव्य, सुरक्षित और बिना किसी बाधा के सम्पन्न हो।उन्होंने आगे कहा कि माँ दुर्गा की शक्ति हमें अन्याय और बुराई के खिलाफ खड़े होने की प्रेरणा देती है। यह पर्व हमें एकजुट होकर समाज की भलाई के लिए काम करने का संदेश देता है।ग्रेटर कैलाश विधायक शिखा राय ने भी क्षेत्र में हो रहे कार्यों और समितियों की समस्याओं को विस्तार से रखा। बैठक में उपस्थित दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारियों ने आयोजन से संबंधित व्यवस्थाओं पर अपने सुझाव दिए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रशासन और पुलिस विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक सुविधाएँ और सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए जाएँ। कपिल मिश्रा ने आश्वासन दिया कि दिल्ली सरकार दुर्गा पूजा महोत्सव को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए पूरा सहयोग देगी। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव २८ सितम्बर से २ अक्टूबर तक भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा और प्रशासन की ओर से हर संभव सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।



**कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ग्रेटर कैलाश की विधायक शिखा राय एवं दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारियों के साथ।**

## एक नजर

### पूर्व मर्चेंट नेवी कर्मचारी समेत तीन ड्रग्स तस्करी में धरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अंतर्राज्यीय ड्रग सिंडिकेट के तीन सप्लायरों को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। जिसमें से एक आरोपी पूर्व मर्चेंट नेवी कर्मचारी और जिम मालिक है। जिनके कब्जे से ४.१३३ किलोग्राम हाइब्रिड गांजा (ऑर्गेनिक थाईलैंड मारिजुआना) बरामद किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों की पहचान फहीम अहमद ,दीपक शर्मा उर्फ दीपू और समीर के रूप में हुई है। दिल्ली जल बोर्ड बस स्टैंड, एम.जी. रोड, महरौली के पास से तीनों को पकड़ा।

### धोनी ने की कार्यक्रम में शिरकत

**नई दिल्ली।** क्रिकेटर और एशियन फुटवियर्स के ब्रांड एंबेसडर एम.एस. धोनी ने नया सिग्नेचर और प्रीमियम स्नीकर्स कलेक्शन लॉन्च किया । इस श्रेणी में हाइपर कुशन और पावरकिक स्नीकर्स, वंडर वॉक वॉकिंग रेंज, मोजो प्रीमियम स्नीकर्स लाइन तथा क्वांटम २.० सिग्नेचर कलेक्शन शामिल हैं। इस अवसर पर एशियन फुटवियर्स के चेयरमैन, राजिंदर जिंदल ने कहा, हमें गर्व है कि एम.एस. धोनी हमारे नवीनतम प्रीमियम स्नीकर्स कलेक्शन का शुभारंभ कर रहे हैं। नई श्रेणी का शुभारंभ करते हुए एशियन फुटवियर्स के ब्रांड एंबेसडर, एम.एस. धोनी ने कहा, मैंने समय के साथ ब्रांड को बढ़ते और नवाचार करते हुए देखा है। आज, इस नई श्रेणी के लॉन्च का हिस्सा बनकर मुझे खुशी हो रही है।

### वीकेंड के दौरान दिल्ली में यात्रा में हुई बढ़ोत्तरी

**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस जन्माष्टमी वीकेंड ने कई लोगों को लंबी छुट्टी का मौका दिया,जिसके चलते दिल्ली ने देशभर में यात्रा के मामले में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की है। रेडबस पर बस बुकिंग में ४८ प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यह वृद्धि त्योहारों के दौरान इंटसिटी बस यात्रा की बढ़ती लोकप्रियता की ओर इशारा करती है, जिसके पीछे आसान पहुंच, सुलभ यात्रा और देशभर में बेहतर कनेक्टिविटी जैसे कारण हैं। यात्रा गंतव्य दो तरह के रुझानों को दर्शाते हैं, जहां देहरादून और ऋषिकेश जैसे हिल स्टेशन यात्रियों को आकर्षित कर रहे हैं, वहीं उत्तर प्रदेश के शहरों में त्योहारों पर घर लौटने का संकेत मिलता है। रेडबस डेटा के अनुसार ५-१८ अगस्त २०२५ के बीच दिल्ली में बुकिंग में तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि १३-२६ अगस्त २०२४ की तुलना में कहीं अधिक है, जब यही त्योहारों का समय था।

### ट्रक से टकराने से एक की मौत, दो घायल

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने बताया कि बीती देर रात सरिता विहार इलाके में एक तेज रफ्तार कार के ट्रक से टकराने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, दो अन्य घायल हो गए।

### पैसा डबल करने के लालच में कांस्टेबल ने गंवा दिए एक लाख 40 हजार रुपये

**नई दिल्ली।** अगर आपको किसी अंजान नंबर से व्हट्सएप लिंक आता है तो उसको ऑपन बेशक कर लें,लेकिन उसमें जो लिखा है,उसपर सावधानी से गौर करें,हो सकता है कि लिंक जालसाज ने भेजा हो। डाबड़ी इलाके में एक दिल्ली पुलिस का कांस्टेबल इसी तरह से जालसाजों का शिकार हो गया और एक लाख चालीस हजार रुपये गंवा बैठा। पुलिस अब पीडिघ्त कांस्टेबल से जालसाजों के फोन नंबर व बैंक खातों की डिटेल लेकर आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।

जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता कांस्टेबल विवेक कुमार डाबड़ी थाने में ही तैनात है। नौ सितम्बर २०२३ को, उनके पास एक अज्ञात नम्बर से व्हाट्सएप पर एक लिंक आया। लिंक खोला तो उसमें रुपये डबल करने की बात कही गई। वह जालसाजों की बातों में आ गया और उसको पहले टेलिग्राम पर स्थित एक ग्रुप से और फिर क्रिप्टो केरेंसी में निवेश करने वाले एक अन्य ग्रुप से जोड़ दिया। जालसाजों ने उसको लालच देकर व विश्वास में लेकर चार ट्रांजेक्शन में एक लाख तीस हजार रुपये जमा करवा लिये। मगर उसने पैसे वापस मांगे,अचानक से जालसाजों ने व्हट्सएप पर हुई बातचीत की चौट को डिलीट कर दिया। फोन पर संपर्क करने की कोशिश की तो उसको धमकी देने लगे। जालसाजों ने कहा कि कांस्टेबल हो न थाने में शिकायत की तो बैंक अकाउंट हैक कर सारा पैसा निकाल लेंगे।

# कुत्तों पर लिए गए फैसले से दुखी था: आरोपी की मां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हमला करने वाला आरोपी हमलावर पशु प्रेमी है। सुप्रीम कोर्ट के कुत्तों के पकड़ने के फैसले के बाद काफी दुखी था। आरोपी हमलावर की मां ने भी बेटे को लेकर कई बातें साझा की हैं। दरअसल, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर बुधवार की सुबह जनसुनवाई के दौरान एक शख्स ने हमला कर दिया था। पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया और पूछताछ की। आरोपी अपनी पत्नी और बच्चों के साथ राजकोट में रहता है। परिवार से जानकारी मिली है कि राजेश उज्जैन दर्शन करने गया था, दिल्ली कैसे पहुंचा इसकी जानकारी नहीं है। अचानक उसने दिल्ली पहुंचकर मुख्यमंत्री पर हमला किया है। राजेश का स्वभाव सामान्य नहीं है। आरोपी की मां भानु बेन ने बताया है कि मेरा बेटा पशु प्रेमी है। वो घर के पास स्थित शिव मंदिर में बैठा रहता है और कुत्तों एवं पशुओं के बीच अपना समय बिताता है। वो मंदिर में अपनी सेवाएं देता है। जब से कुत्तों को दिल्ली से हटाने का फैसला सुप्रीम कोर्ट से आया था वो मोबाइल पर वीडियो देखकर परेशान रहने लगा था। वह लाठियां पीटता था।

दिल्ली पुलिस के अनुसार, राजेश खिमजी ने आज दिल्ली में श्जन सुनवाईश के दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हमला किया। उसके पड़ोसियों का कहना है कि वो शांत रहता है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता हर बुधवार जनसुनवाई करती हैं। बुधवार सुबह सात बजे से सीएम जनसुनवाई कर रहीं थीं। इसमें दिल्ली के लोग अपनी शिकायतों और फरियाद लेकर आए हुए थे। मुख्यमंत्री एक फरियादी के पास खुद ही पहुंचती हैं। सुबह करीब आठ बजे आरोपी मुख्यमंत्री के पास पहुंचा। उसने कागज दिए और मुख्यमंत्री पर हमला कर दिया। वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों और लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया। मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी को सिविल लाइंस थाने लेकर आई। मुख्यमंत्री का मेडिकल चेकअप कराया गया है। शुरुआती पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राजेश खिमजी सकारिया बताया। आरा. पी ने दावा किया कि वो राजकोट का रहने वाला है। दिल्ली पुलिस ने राजकोट पुलिस से संपर्क कर आरोपी की जानकारी मांगी है। सूत्रों के हवाले से खबर है कि आरोपी की मां भानु बेन ने बताया है कि मेरा बेटा पशु प्रेमी है और डॉग वाले मुद्दे को लेकर दुखी था। इस वजह से वो दिल्ली गया था।

वहीं, दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने थप्पड़ मारने के दावों से इनकार कर दिया है। सचदेवा ने बताया कि आरोपी ने मुख्यमंत्री का हाथ पकड़कर खींचने का प्रयास किया था, जिससे धक्का-मुक्की हुई। सीएम का सिर टेबल के कोने से टकराया है।

# स्कूटी के कागजात मांगने पर किया पुलिस पर जानलेवा हमला

**नई दिल्ली।** मौर्या एन्क्लेव इलाके में बीते मंगलवार को ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने जब स्कूटी चालक से स्कूटी के दस्तावेज दिखाने के लिये कहा,चालक ने दोस्त के साथ मिलकर उनपर जानलेवा हमला किया,उनकी वर्दी फाड़ी व मोबाइल फोन भी लूट लिया। वारदात को कई लोगों ने अपने मोबाइल फोन में कैद किया।

वीडियो में साफतौर पर आरोपियों द्वारा ट्रैफिक पुलिसकर्मी पर जानलेवा हमला करते हुए देखा जा सकता है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। दोनों आरोपी पीतमपुरा के रहने वाले मोहित और परवीन को गिरफ्तार कर लिया। उनकी स्कूटी भी जब्त कर ली। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते मंगलवार को मधुबन चौक पर पुलिस को ट्रैफिक पुलिस वालों पर जानलेवा हमला होने की पीसीआर कॉल मिली थी।

पुलिस मौके पर पहुंची। एक ट्रैफिक पुलिस कर्मी के खून निकल रहा था। उसकी वर्दी भी फटी हुई थी। जिसको तुरंत मेडिकल के लिये भेजा। पता चला कि घायल कर्मी अपने एक अन्य साथी के साथ ट्रैफिक को सुचारु रुप से चलवा रहा था।

## चरणबद्ध तरीके से हटेंगी सीएनजी बसें

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सड़कों पर चल रहीं सीएनजी की पुरानी बसों को अगले पांच साल में हटा दिया जाएगा। इसके बाद सिर्फ इलेक्ट्रिक बसें ही चलेंगी।

बीते दिनों केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के राज्य मंत्री तोखन साहू ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में उच्च सदन को जानकारी दी कि दिल्ली परिवहन निगम और क्लस्टर सेवा के तहत २,७४३ सीएनजी बसों का मौजूदा बेड़ा अगस्त २०३१ तक चरणबद्ध तरीके से हटा दिया जाएगा। अभी केवल इलेक्ट्रिक बसें ही खरीदी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में वर्तमान में इलेक्ट्रिक सहित ५,६९१ बसें हैं।

# ह. निजामुद्दीन औलिया का 811वां उर्स सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली स्थित विश्वप्रसिद्ध संत हजरत निजामुद्दीन औलिया का 811वाँ उर्स बड़े धूमधाम और आध्यात्मिक उल्लास के बीच सम्पन्न हुआ। पूरा दरगाह परिसर आकर्षक रोशनी और फूलों से जगमगा रहा था। जगह-जगह लंगर और सूफियाना कव्वालियों की महफिलों ने माहौल को और भी रूहानी बना दिया। महफिल की शुरुआत मशहूर कव्वाल सूफी ब्रदर्स हमसर हयात निजामी और उनके साथियों ने सूफियाना कलाम से की। उनकी बुलंद आवाज और सूफी रचनाओं ने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

महफिल का आयोजन दरगाह के चीफ इंचार्ज सैयद काशिफ अली निजामी के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर कई गणमान्य हस्तियों की उपस्थिति रही जिनमें दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री एवं विधायक इमरान हुसैन, विधायक चौधरी जुबैर अहमद, विधायक आले इकबाल, तिहाड़ जेल के डिप्टी सुप्रीटेंडेंट धर्मेंद्र सिंह मौर्या, मशहूर शायरा आना देहल. वी, दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व चेयरमैन जाकिर खान, सर्वोकॉन सिस्टम के एम.डी. हाजी कमरुद्दीन सिद्दीकी,



डायरेक्टर जाकिर हुसैन और ट्रैफिक पुलिस इंस्पेक्टर पंकज कुमार, फेस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. मुश्ताक अंसारी, बीएसएफ के पूर्व कमांडेंट आर सी चंद्रा शामिल रहे।

इस मौके पर विधायक इमरान हुसैन ने कहा कि सूफी संतों के दरबार में हर धर्म और सम्प्रदाय के लोग बिना भेदभाव के आशीर्वाद लेने आते हैं। उन्होंने कहा कि हजरत निजामुद्दीन औलिया का दरबार आपसी भाईचारे और एकता का प्रतीक है और यही संदेश पूरी दुनिया तक पहुँचता है। दरगाह के चीफ इंचार्ज सैयद काशिफ अली निजामी ने बताया कि इस वर्ष भी देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ विदेशों से भी बड़ी संख्या में जायरीन दरगाह पर पहुँचे। उन्होंने कहा कि यहाँ का नजारा हमेशा की तरह सौहार्दपूर्ण रहा, जहाँ सभी धर्मों के लोग एक ही दस्तरख्वान पर बैठकर लंगर ग्रहण करते दिखे। विधायक चौधरी जुबैर अहमद ने कहा कि भारत में इस्लाम मुगलिया बादशाहों से नहीं बल्कि हजरत निजामुद्दीन औलिया, ख्वाजा गरीब नवाज और कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी जैसे सूफी संतों के व्यवहार से फैला।

इस मौके पर धर्मेंद्र सिंह मौर्या ने कहा कि उर्स समारोह आपसी भाईचारे, गंगा-जमुनी तहजीब और सूफियाना विरासत का जीवंत उदाहरण रहा, जिसने हर किसी के दिल को छू लिया। यहाँ सभी धर्म समुदाय के लोग एक साथ नजर आए यही असल भारत है। इस महफिल में सीनियर जर्नलिस्ट सूफी सैयद वाजिद अली, मशहूर फैशन डिजाइनर श्वेता चुग, एडवोकेट रूही सुल्ताना, नियाज मंसूरी, एहसान अहमद, जावेद सिद्दीकी, मोहम्मद आशकीन, सलीम अंसारी, सैयद फरहत अली, शबाना अजीम, शाकिर अंसारी, मुस्तफा गुड्डू, मोहम्मद अफजल, उज्मा अंसारी, जैनब अंसारी और नूर मौहम्मद समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे।

# टोल प्लाजा मामले की निंदा की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट विकाश शर्मा ने बताया कि मेरठ में करनाल हाईवे पर एक सैनिक कपिल के साथ जो टोल कर्मियों ने मारपीट की है उस सैनिक के साथ मारपीट की जो हाल फिलहाल में ऑपरेशन सिंदूर का हिस्सा भी रहे हैं।

सैनिक देश की जनता की आतंकवादियों से जान बचाता है और अपने भरे पूरे परिवार से अपने बीवी बच्चों को छोड़कर देश की सेवा करता है 17 अगस्त की घटना में अपराधियों को जेल भेजा जा रहा है ऐसे अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए लेकिन ऐसे कितने टोल प्लाजा है जिन पर आए दिन किसी न किसी के साथ मारपीट गाली गलौज होती है सबसे बड़ी बात तो ये है आज कल टोल के ठेकेदार अब टोल पर लड़कियों को काम पर रखते है अगर आप कुछ बोलोगे तो आपके साथ मारपीट करने पर उतारू हो जाते हैं और छेड़छाड़ के आरोप में जेल भिजवाने की धमकी देते हैं।



ज्यादातर टोल के ठेकेदार क्रिमिनल होते हैं जिन गैंगस्टर पर रेप व मर्डर के केस होते है ऐसे ठेकेदारों को टेंडर नहीं देना चाहिए जब टेंडर को डाला जाए उससे पहले उन ठेकेदारों की पुलिस वेरिफिकेशन होनी चाहिए सबसे मुख्य बात यह है कि उस राजमार्ग से टोल न बसूला जाए जिस पर गड्ढों से भरपूर सड़क हो सरकार को इस पर कड़ा नियम बनाए जाने चाहिए।

सड़कों को गड्ढा मुक्त करना चाहिए अगर सरकार आम नागरिक से टोल वसूलती है तो जनता के अनुसार ही टोल प्लाजा क्रिमिनल्स को न दे और ऑनलाइन टोल लिया जाए

सैनिक भाई के साथ मारपीट करने पर विकाश लॉ फर्म सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के सभी अधिवक्ता साथी अधिवक्ता शिल्पी शाही, कमल किशोर,विशाल शर्मा, कीर्ति कला,वैष्णवी समस्त अधिवक्ता कड़ी निंदा करते है।।

# साउथ दिल्ली पत्रकार संघ कार्यकारिणी गठित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लंबे संघर्षों के बाद पत्रकारों का अपना संगठन साउथ दिल्ली पत्रकार संघ का गठन ज्यादातर ग्रुप से जुड़े दक्षिणी दिल्ली के पत्रकारों की मौजूदगी में गठित हुआ जिसमें प्रिंट मीडिया,इलैक्ट्रोनिक मीडिया और विशिष्ट पत्रकारों के साथ फ्रीलांस पत्रकार,यूट्यूब पत्रकार एवं वीकली न्यूजपेपर पत्रकारों के साथ उनके अखबारों के संपादकों ने भाग लिया।

साउथ दिल्ली पत्रकार संघ की यह तीसरी बैठक थी जो विश्वकर्मा कॉलोनी पुल प्रहलादपुर में आयोजित हुए जिसमें संगठन की कार्यकारणी समस्त ग्रुप के 50 से भी ज्यादा पत्रकारों के बीच चुनी गई। सभी पत्रकारों के बीच सभी पदों पर चुनाव कराए गए और अपनी-अपनी दावेदारी पत्रकारों ने पद के हिसाब से रखी। सभी पत्रकारों ने अपना अपना वोट देकर संगठन की कार्यकारणी को चुना और एक सशक्त कार्यकारणी का गठन किया ओर दक्षिणी दिल्ली के इतिहास में पहली बार पत्रकारों का यह संगठन बन कर तैयार हुआ है जो आने वाले



समय में पत्रकारों के लिए एक मिसाल बनेगा। चुनाव के बाद जो नतीजे आए वह इस प्रकार से है साउथ दिल्ली पत्रकार संघ की टीम में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर वरिष्ट पत्रकार पूर्व सहारा न्यूज एवं डी न्यूज के संपादक राजनारायण मिश्रा को चुना गया उनका लम्बा अनुभव संगठन को मजबूती प्रदान करेगा साथ ही वरिष्ट उपाध्यक्ष पद पर मोमना बेगम एवं सुनील परिहार के साथ हुंकार न्यूज से आशु आस मुहम्मद चुने गई ओर उपाध्यक्ष पद पर वरिष्ट पत्रकार रियासत अली,दीपक कुमार एव गिरीश कुमार को चुना गया।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

### एलआईजी और ईडब्ल्यूएस भवनों का निर्माण न करने वाले विकासकर्ताओं पर होगा एक्शन

# प्राधिकरण उपाध्यक्ष के निर्देश के बाद अधिकारियों ने सभी जोन में तेज की पड़ताल

**■ संबंधित कार्य के विरुद्ध जमा की गई बैंक गारंटी जब्त करने के साथ कड़ी कार्रवाई के निर्देश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ऐसे उन तमाम बिल्डरों पर एक्शन की तैयारी में जुट गया है जिनके द्वारा हाईटेक और इंटीग्रेटिड टाउनशिप से जुड़ी डी पी आर मंजूर कराने के दौरान एल आई जी और ई डब्ल्यू एस भवन बनाने का वायदा किया , लेकिन समय सीमा बीतने के बाद भी एल आई जी और ई डब्ल्यू एस भवनों का निर्माण नहीं किया।

ऐसे तमाम बिल्डरों की प्राधिकरण उपाध्यक्ष श्री अतुल वत्स के निर्देश पर अधिकारियों के द्वारा सभी जोन में पड़ताल तेज कर दी गयी है। पड़ताल के दौरान ई डब्ल्यू एस और एल आई जी भवनों का निर्माण न करने वाले बिल्डरों पर एक्शन लेते हुए उनकी बैंक गारंटी को जब्त करने के साथ ही कड़ा एक्शन लिया जाएगा।

प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने इसके लिए सभी प्रवर्तन अनुभाग के अधीनस्थ अधिकारियों को नियोजन अनुभाग से प्राथमिकता पर हाईटेक और इंटीग्रेटिड टाउनशिप से जुड़े बिल्डरों का रिकॉर्ड प्राप्त करते हुए जांच करने के सख्त आदेश दिए हैं और इस कड़ी में हाल ही में प्राधिकरण उपाध्यक्ष के द्वारा बैठक भी की गई थीं।

इस बैठक के दौरान ये भी सामने आया था कि ई डब्ल्यू एस और एल आई जी भवनों के निर्माण की कई बिल्डरों के प्रोजेक्ट में धीमी गति है कुछ बिल्डरों के द्वारा तय समय अवधि बीतने के बाद भी ईडब्ल्यूएस और एलआईजी भवनों का निर्माण शुरू ही नही किया गया है। इसके साथ साथ प्राधिकरण उपाध्यक्ष के द्वारा हाल ही में की गई।

बैठक के दौरान दिए गए आदेशों के क्रम में निजी विकासकर्ताओं के द्वारा विक. सित टाउनशिप की भौतिक स्थिति को जानने के लिए प्राधिकरण के जोन पाँच के अंतर्गत एस एम बी समूह के द्वारा विकसित शौर्यपुरम योजना में ड्रोन सर्वे की शुरुआत कराई गई। भौतिक स्थिति की रिपोर्ट सामने आने के बाद निजी विकासकर्ताओं के द्वारा डीपीआर मंजूर कराने के दौरान जो प्रोजेक्ट में विकास कार्य कराने का उल्लेख किया गया था वह कहाँ तक पूरे किये गए जल्द सामने होगा।

### कंडेरे समाज ने स्व. श्री हरिदास करण को दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गोविन्द कुण्ड आन्यौर गोवर्धन मथुरा से स्व. श्री हरिदास करण की शोकशभा में भाजपा नेता वीरेंद्र कुमार कंडेरे, कंडेरे करण समाज कल्याण संगठन दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष धर्मपाल करण, सोनू कंडेरे प्रचार मंत्री, उमाशंकर कंडेरे, पवन कंडेरे, रामरतन कंडेरे पटपड़, राजिंदर निर्वाण, नरेन्द्र कंडेरे, नरेश कंडेरे, दिनेश कंडेरे जयपुर, गिरधारीलाल मथुरा, गोविन्द करण, ताराचंद, मुकेश, ललित प्रशाद, महावीर, महेश, राहुल, भरत, चेतन, पवन कार्तिक, गुन्नू, चिरायु, बलराम, हरिओम करण गोवर्धन, छीटों बरोली राजिस्थान, जयदेव आर्य, भीबड़ी, कनहिया गोवर्धन, जानकी प्रशाद राजस्था। वीरेंदर करण मथुरा, मुरारीलाल जतीपुरा, ताराचंद अड़ींग, मनोहरी लाल आन्यौर, बच्चन सिंह गोवर्धन, कुंवर संजसिंघ रास्ट्र्य अध्यक्छ आगरा, भगवन सिंह फौजी आगरा, आचार्य छीतरमल, डॉ शिवचरण राया, रमेश करण राया और अन्य जगह जगह से आकर अपने समाजसेवी स्वर्गीय हरिदास करण को नमन आँखों से भाव पूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित की।

## यूपी के कैबिनेट मंत्री का रालोद जिलाध्यक्ष के आवास पर हुआ स्वागत



**■ स्वागत करने वालों में रणवीर दहिया, आलोक चौधरी, मनोज त्यागी जयवीर नेहरा, दर्शन नेहरा, दीपक त्यागी उत्तम राणा उपस्थित थे**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री केपी मलिक का स्वागत किया गया। राष्ट्रीय लोकदल के गाजियाबाद जिलाध्यक्ष रामपाल चौधरी के निवास सतीश पार्क मोदीनगर पर पधारने पर जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने पटका पहना कर स्वागत किया। स्वागत करने वालों में रणवीर दहिया, आलोक चौधरी मनोज त्यागी जयवीर नेहरा, दर्शन नेहरा, दीपक त्यागी उत्तम राणा उपस्थित थे।

## सांसद ने उठाई ईएसआई अस्पताल को एक्सीडेंट व ट्रामा सेंटर बनाए जाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** स्थानीय सांसद राज. कुमार सांगवान ने केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात की। सांसद ने मोदीनगर के ईएसआई अस्पताल को ईएसआईसी एकीकृत अति विशिष्ट एक्सीडेंट एंड ट्रामा सेंटर बनाए जाने कि मांग की। जोकि केंद्रीय निगम द्वारा संचालित हो। केंद्रीय मंत्री ने इसको लेकर सकारात्मक जवाब दिया है।



बागपत लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजकुमार सांगवान ने केंद्रीय मंत्री डॉ० मनसुख मांडविया को बताया कि ईएसआईएस अस्पताल, मोदीनगर एक समय फ्लैगशिप अस्पताल हुआ करता था। किन्तु राज्य सरकार द्वारा संचालित होने के कारण इस पर विशेष ध्यान नहीं दिया गया, जिससे इसमें मूलभूत सुविधाएं जैसे कि विशेषज्ञ डॉक्टर, सर्जन, नर्सिंग स्टाफ, टेक्नीशियन, लैबोरेटरी सुविधाएं, रेडियोलॉजी की सुविधाएं, दवाईयों के साथ साथ बिल्डिंग के रख-रखाव में निरंतर कमी आती रही। जिससे आम जन के साथ-साथ बीमित व्यक्तियों एवं उनके आश्रितों का ईएसआई के प्रति भरोसा उठ गया।

बीमित व्यक्तियों एवं फैक्ट्री संचालकों/ संस्थानों को ईएसआई से होने वाले सभी प्रकार के हितलाभ व सामाजिक सुरक्षा का प्रचार प्रसार मोदीनगर सहित सम्पूर्ण पश्चिमी उत्तर प्रदेश में नहीं हुआ। ईएसआईद्वारा दिए जाने वाले आर्थिक हितलाभ का दूरस्थ कार्यालय होना एवं देरी से मिलने की स्थिति में बीमित व्यक्तियों एवं उनके आश्रितों को राजधानी दिल्ली करीब होने के कारण स्वास्थ्य हित एवं जीवन रक्षा हेतु पलायन करना पड़ा। इसके अलावा ईएसआई अस्पताल, मोदीनगर में सुविधाओं के अभाव के कारण, सारे मरीजों को पैनल के निजी प्राइवेट अस्पतालों में रेफर किया जाता है एवं रेफरल के माध्यम से प्राइवेट अस्पताल मोटी कमाई करते हैं। उक्त सभी वजहों से ईएसआई अस्पताल, मोदीनगर, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बीमित व्यक्तियों में कमी आयी है।

अत: आपसे अनुरोध है कि इस मोदीनगर के इस अस्पताल को ESIC के आधीन कर ईएसआई सी एकीकृत अति विशिष्ट एक्सीडेंट एंड ट्रॉमा सेंटरष में तब्दील किया जाना, जो कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना कार्ड एवं भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति में दिए जाने वाला आर्थिक सहयोग की धनराशि का उपयोग कर 50 प्रतिशत आम-जन एवं 50 प्रतिशत बीमित व्यक्तियों एवं उनके आश्रितों को चौबिसों घंटे गंभीर देखभाल, सभी आपातकालीन सर्जरी व सभी सम्बंधित जांचें होने वाले अस्पताल का निर्माण निश्चय ही बहुत ही दूरगामी परिणाम देने वाले एवं मील का पत्थर साबित होने वाला कदम होगा।

## वैश्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन 14 सितम्बर को: प्रेमचन्द गुप्ता



**गाजियाबाद।** दुर्गा वाशिंग पाउडर के चौयरमेन व वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमचंद गुप्ता ने बताया कि अगला वैश्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन 14 सितम्बर दिन रविवार को होगा साथ ही उन्होंने सभी से अनुरोध किया किया कि ज्यादा से ज्यादा फॉर्म भरवाए, जिससे कि रिश्ते ज्यादा से ज्यादा हो सके।

### महिला पहलवान को ससुरालियों ने घर से बाहर निकाला

# न्याय मिलने तक करेंगी आमरण अनशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** खेल के मैदान में कई मेडल जीत चुकी महिला पहलवान राखी को ससुरालियों ने घर से निकाल दिया। जब उसने अपने घर में जाने का प्रयास किया तो उसे घर में नहीं घुसने दिया गया। पहलवान राखी ने प्रेसवार्ता के माध्यम से पत्रकारों को बताया कि उनकी शादी 9 जुलाई 2024 को अवंतिका कॉलोनी, डीडी 111, गाजियाबाद निवासी भूवनेश शर्मा के साथ हुई थी। लेकिन शादी के कुछ महीनों बाद ही उनके ससुरालियों का व्यवहार बदल गया और उन्हें घर से निकाल दिया गया।



राखी ने बताया कि उनके पति भूवनेश शर्मा, जो मुंबई की एक कंपनी में नौकरी करते हैं, ने उन्हें झूठ बोलकर नोएडा ले जाकर कई महीनों तक रखा और फिर धोखे से विदेश चले गए। इसके बाद उनके ससुरालियों और पति ने उनका फोन नंबर ब्लॉक कर दिया, जिससे उनका उनसे कोई संपर्क नहीं रहा। राखी ने बताया कि 17 अगस्त को जब वह अपनी ससुराल अवंतिका कॉलोनी पहुंचीं, तो ससुरालियों ने उन्हें घर में प्रवेश नहीं करने दिया। बारिश में भी उन्हें बाहर बैठना पड़ा और पूरे दिन वह ससुराल के गेट पर बैठी रहीं। राखी ने बताया कि उनके ससुर गजेंद्र शर्मा उत्तर प्रदेश पुलिस में दारोगा हैं और वर्तमान में मिर्जापुर में तैनात हैं।

उन्होंने बताया कि स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश की, लेकिन ससुरालियों ने उन्हें घर में प्रवेश देने से इनकार कर दिया। राखी ने यह भी कहा कि वह और उनका परिवार केवल उनका घर बसाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मैं सिर्फ इतना चाहती हूं कि मेरे पति और ससुराल वाले मुझे मेरी गलती बताएं, मैं उनसे माफी मांग लूंगी।

राखी ने यह स्पष्ट किया कि वह अभी अपने पति या ससुरालियों के खिलाफ कोई मुकदमा दर्ज नहीं कराना चाहतीं, बल्कि केवल अपने वैवाहिक अधिकार और ससुराल में प्रवेश चाहती हैं। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें न्याय नहीं मिला तो वह मजबूरन अनिश्चितकालीन आमरण अनशन बैठेंगी।

राखी ने पत्रकार वार्ता में पुलिस प्रशासन से अनुरोध किया है कि दोनों परिवारों के बीच वार्ता कर इस मामले का हल निकाला जाए। आपको बता दें कि सोशल मीडिया पर इस घटना को लेकर लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है, जहां कई यूजर्स ने राखी के समर्थन में आवाज उठाई है और समाज से ऐसी घटनाओं को रोकने की अपील की है।

यह मामला गाजियाबाद में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग राखी को न्याय दिलाने की मांग कर रहे हैं। पुलिस प्रशासन से उम्मीद की जा रही है कि वह इस मामले में उचित कदम उठाएगी ताकि राखी को उनके अधिकार प्राप्त हो सकें।

# छाया पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल व छात्रों ने की राष्ट्रपति से मुलाकात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** शिक्षा खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अंत. रराष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान रखने वाला देश के नामचीन स्कूलों में से एक छाया पब्लिक स्कूल मोदीनगर को महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्नेह व आशीर्वाद प्राप्त हुआ राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में महामहिम राष्ट्रपति जी द्वारा विद्यालय की चेयरपर्सन कुसुम द्विवेदी प्रधानाचार्य डॉक्टर अरुण त्यागी व विद्यालय के होनहार बच्चों को आमंत्रित किया गया और इस अवसर पर शिक्षा, वृक्षारोपण व पर्यावरण से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयो पर संक्षिप्त चर्चा हुई। महामहिम राष्ट्रपति जी द्वारा ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाने व सभी लोगों को पर्यावरण व वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया और विद्यालय के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया छाया पब्लिक स्कूल की इस उपलब्धि को गणमान्य लोगों ने क्षेत्र के लिए बड़ा सम्मान बताया सांसद डॉ राजकुमार सागवान, विधायक डॉ मंजू सिवाच नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, भाजपा जिला अध्यक्ष चौधरी चैन पाल सिंह, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर धौलाना विधायक धर्मेश सिंह तोमर, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, पूर्व विधायक सुदेश शर्मा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राम आसरे शर्मा, ब्लॉक प्रमुख सुच. ेता सिंह आदि गणमान्य लोगों ने इस उपलब्धि के लिए छाया स्कूल परिवार को अपनी शुभकामनाएं दी।

## केनरा विद्या ज्योति योजना के तहत छात्राओं को की छात्रवृत्ति वितरित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा कॉर्पोरेट सामा. जिक उत्तरदायित्व (CSR) के अंतर्गत केनरा विद्या ज्योति योजना के तहत छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान करना। केनरा बैंक द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर केनरा विद्या ज्योति योजना के तहत अनुसूचित जाति व जनजाति की मेधावी छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। केनरा बैंक की इस योजना के तहत सरकारी स्कूलों की 138 छात्राओं को लाभांवित किया गया। कक्षा 5 से 7 तक की छात्राओं को 3000 रुपए व कक्षा 8 से 10 की छात्राओं को 5000 रुपए प्रति छात्रा प्रदान किए गए। कार्यक्रम का आयोजन केनरा बैंक के रुडसेटी प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित किया गया।

इस सुअवसर पर डासना ग्राम पंचायत की ग्राम प्रधान रीना रानी मुख्य अतिथि के रूप में व केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय के पदाधिकारियों में सहायक महाप्र. बंधक वाईजीबी गणेश, मंडल प्रबंधक मुकेश कुमार व वित्तीय समावेशन अनुभाग की प्रभारी नेहा मित्रा व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के स्वागत के साथ सहायक महाप्र. बंधक वाईजीबी गणेश ने कहा कि केनरा बैंक वित्तीय समावेशन के जरिए आमजन तक बैंकिंग सुविधा पहुंचाकर देश की आर्थिक प्रगति में अपना योजदान दे रहा है। ग्राहक सेवा ही हमारे बैंक का मूल मंत्र है। केनरा बैंक कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) का निर्वहन करने में हमेशा से ही अग्रणी रहा है और आगे भी रहेगा।

## दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर हुआ बड़ा हादसा

**गाजियाबाद।** वेव सिटी थाना क्षेत्र में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर सनसिटी गेट के पास आज सुबह 4:30 बजे एक बड़ा हादसा हो गया। हल्द्वानी से आ रही यात्री बस एक अन्य वाहन को बचाने के प्रयास में डिवाइडर से टकरा गई, जिसके परिणामस्वरूप बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस हादसे में बस के ड्राइवर, कंडक्टर और कुछ सवारियों को चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और राहत टीमें मौके पर पहुंचीं और घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानक. ारी के अनुसार, बस हल्द्वानी से दिल्ली की ओर जा रही थी। सुबह के धुंधले मौसम और कम दृश्यता के बीच, एक्सप्रेसवे पर सनसिटी गेट के पास अचानक एक वाहन बस के सामने आ गया।

# शिक्षकों ने दिया डीआईओस कार्यालय पर धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आवाहन पर प्रदेश के सभी जनपदों के जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में धरना व प्रदर्शन आयोजित किए गए हैं ।उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद गाजियाबाद के जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर भी जिला अध्यक्ष शरद कुमार बाजपेई की अध्यक्षता में धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस धरने में सहारनपुर मंडल से मंडलीय अध्यक्ष अनिल शर्मा और संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ सुशील कुमार पुंडीर की गरिमामय उपस्थिति रही।



धरने को संबोधित करते हुए अनिल शर्मा ने सभी शिक्षकों को एक रहने का आह्वान किया। सुशील पुंडीर ने अपने संबोधन में शिक्षा अधिनियम की धारा 12,18 और 21 की पुन: बहाली तथा चिकित्सा की निशुल्क सुविधा बहाली की मांग पर बल दिया । धरने का संचालन जिला मंत्री रवीश कुमार शर्मा ने किया। धरने को जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण जेनर और उमेश गिरी सदस्य कार्यकारिणी तथा प्रधानाचार्य विनोद कुमार शर्मा और उपाध्यक्ष भगवान सिंह, आदि ने भी संबोधित किया।

प्रवीण जेनर ने अपने संबोधन में विभिन्न मांगो पर विस्तार से विचार व्यक्त किया ।जिला अध्यक्ष शरद कुमार बाजपेई ने अनेक वर्षो से शासन द्वारा छीनी गई विभिन्न सेवा सुविधाओ आदि के संबंध में प्रकाश डाला और सेवा सुरक्षा बहाली, एनपी एस खाते के सही रख रखाव के संबंध में अपने विचार व्यक्त किया अंत में अंत में जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेंद्र शर्मा को 31 सूत्रीय ज्ञापन सोपा गया।

जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा ज्ञापन को अविलंब मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन को भेजने के लिए आश्वस्त किया और जनपद स्तर पर लंबित विभिन्न समस्याओं के शीघ्र निराकरण किए जाने की बात कही। अंत में धरने में आए सभी प्रधानाचार्य शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया गया।

## कार की टक्कर से शुरू हुआ खूनी विवाद

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना कविनगर क्षेत्र से बड़ी खबर सामने आई हैं। दरअसल काजीपुरा अंडरपास पर सोमवार रात मामूली वाहन टचिंग को लेकर बड़ा विवाद हो गया। इस विवाद में चार लोगों ने दूसरी कार में सवार युवक के साथ काफी मारपीट कर दी और इसके साथ ही युवक सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। यह विवाद कविनगर के काजीपुरा अंडरपास के पास हुआ जहां डासना निवासी आसिफ अपनी कार से जा रहा था, तभी दूसरी कार से उसकी कार की हल्की टक्कर हो गई। इस बात पर दूसरी कार में सवार चार लोग भड़क गए। जिसके बाद उन्होंने पहले तो आसिफ के साथ मारपीट की और फिर उसके सिर पर लोहे की रॉड से वार कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल आसिफ को रात में परिजनों ने मणिपाल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में दीक्षारंभ का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न गणमान्य अतिथियों ने छात्रों का स्वागत किया और उन्हें शिक्षा, अनुशासन एवं जीवन मूल्यों के महत्व से अवगत कराया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सोमेंद्र तोमर, ऊर्जा मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा कि ष्युवा राष्ट्र की असली ताकत हैं। मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। एक समय में एक काम पर फोकस और सच्ची प्रतिबद्धता से युवा कुछ भी कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अच्छा श्रोता बनने, माता-पिता को समझने और शिक्षकों का सम्मान करने की प्रेरणा दी। वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल ने विद्यार्थियों से मित्रता बढ़ाने, अपने सपनों को पूरा करने और हर चीज का सम्मान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि नियत सबसे महत्वपूर्ण है और जीवन में कृतज्ञता का भाव हमेशा बनाए रखना चाहिए। वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) प्रसनजीत कुमार ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए छात्रों से कहा कि 'सीखते रहना ही निरंतर विकास और सफलता की कुंजी है।' डॉ. हेमंत कुमार शर्मा, निदेशक, स्कूल ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने समाज के तीन चरणों-Learning, Earning और Returning की व्याख्या करते हुए कहा कि हर विद्यार्थी के अंदर हमेशा जिज्ञासा बनी रहनी चाहिए। इसके अलावा, प्रो-वाइस चांसलर पियूष श्रीवास्तव,



रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन, डायरेक्टर डॉ. शालिनी शर्मा, निदेशक प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट बृजेंद्र सिंह और कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन्स अभिषेक पाल ने भी छात्रों को मार्गदर्शन दिया और विश्वविद्यालय की संरचना, परीक्षा प्रणाली तथा कैरियर अवसरों की जानकारी साझा की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। समापन धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों को जलपान कराया गया तथा दोपहर बाद विभिन्न विभागों में विस्तृत ओरिएंटेशन आयोजित हुआ।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र शाहनवाज व पूत्रवधू नजराना से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। रहीसन पत्नि स्व.लियाकत निवासी 343 अपर कोर्ट मेन बाजार कस्बा व थाना लोनी जनपद गाजियाबाद।

**संबंध विच्छेद**

हम फिरोज अहमद पुत्र लाल मौ. व शगुफता बेगम पत्नी फिरोज अहमद निवासी- आजाद एन्क्लेव पूजा कालोनी थाना- लोनी जिला- गाजियाबाद अपने पुत्र फैजान व पुत्रवधु नजराना को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करते हैं। भविष्य में अपने कृत्यों के ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# गोली दोस्त को लगी, दुश्मन को फंसाने की कोशिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बुध विहार इलाके में बाइक सवार से अवैध पिस्टल की स्लॉट खींचने पर अचानक गोली चल गई। गोली उसके साथी बाइक चालक की पीठ में लग गई। घटना के तुरंत बाद दोनों ने शातिर दिमाग का इस्तेमाल करते हुए कुछ दिन पहले एक युवक से हुए झगड़े का बदला लेने के लिये उसी युवक पर गोली मारने का आरोप लगा दिया।

पुलिस ने मामला दर्ज करके जब जांच शुरू की। सही आरोपी के बारे में जानकारी मिली। कहानी झूठी होने के बाद पुलिस ने असली आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी पहचान हिमांशु उर्फ लालू के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक पिस्टल,मैगजीन,तीन कारतूस और दो चाकू बरामद किये हैं। आरोपी चार वारदातों में शामिल रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि के एन काटजू मार्ग पुलिस को शाम चार बजकर २८ मिनट पर रोहिणी के सेक्टर-२४ स्थित गंदा नाला के पास गोली लगने की एक पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर आक.श ने खुद को पुनर्वास कॉलोनी सेक्टर-२६ रोहिणी का रहने वाला बताया। उसने बताया कि अजय नामक व्यक्ति ने उसकी कमर में गोली मार दी है। जिसको बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कॉलर ने जो जगह बताई थी वो शाहबाद डेयरी थाना स्थित गंदा नाला के पास थी। कॉल को शाहबाद डेयरी पुलिस को दे दिया था।

उन्होंने जांच की तो पता चला कि वारदात जेजे कॉलोनी, सेक्टर-२४, रोहिणी में हुई थी। फिर मामला बुध विहार पुलिस को सौंप दिया गया था। वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। ए-ब्लॉक, जेजे कॉलोनी, सेक्टर-२४ के सीसीटीवी फुटेज से पुष्टि हुई। पीड़ित से पूछताछ की गई,जिससे पता चला कि वह अपने दोस्त हिमांशु उर्फ लालू के साथ अपनी पल्सर मोटरसाइकिल पर पीछे बैठा था।

हिमांशु के पास एक पिस्तौल थी और वह बार-बार उसका स्लॉट खिसका रहा था, तभी एक स्पीड ब्रेकर के पास अचानक गोली चल गई, जो पीडिघ्त की पीठ के निचले हिस्से में लगी। गुमराह करने के लिए, हिमांशु ने उसे अजय को झूठा फँसाने की सलाह दी, जिसके साथ पीडिघ्त का पिछले दिन झगड़ा हुआ था। पुलिस ने मामला दर्ज किया। आरोपी हिमांशु उर्फ लालू को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास अवैध हथियार कहां से आए, किससे लिये थे। पुलिस आरोपी से पूछताछ करके हथियार सप्लायर व बेचने वाले को भी गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है।

## दरियागंज में जर्जर मकान हुआ जमींदोज, तीन मजदूरों की मौत

**नई दिल्ली।** दरियागंज इलाके में एक मकान जमींदोज हो गया। हादसे में तीन लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि कई लोगों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और बचाव कार्य शुरू कर दिया है। मध्य दिल्ली के दरियागंज इलाके में बुधवार दोपहर १२.१४ बजे एक पुराना जर्जर मकान जमींदोज हो गया। मलबे में कई लोगों के दबे होने की आशंका है। सूचना मिलते ही पुलिस के अलावा दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं। बचाव कार्य जारी है। शुरुआत में मलबे से निकालकर तीन लोगों को एलएनजेपी अस्पताल भेजा गया है। स्थानीय लोगों का दावा है, मलबे में कुछ और लोग दबे हुए हैं। हादसा दरियागंज के सत्भावना पार्क, घटा मस्जिद, रिंग रोड पर हुआ है। बाकी बचाव दल मौके पर पहुंच रहे हैं। मृतकों में जुबेर, तौफीक और गुल सागर नामक तीन मजदूरों की मलबे में दबकर मौत हो गई। मकान में मरम्मत का काम चल रहा था। उसका पिछला हिस्सा जहां काम चल रहा था। वह गिर गया और तीनों मलबे के नीचे दब गए।

# गुजरात के राजकोट का है सीएम को थप्पड़ मारने वाला राजेश भाई खिमजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सीएम के थप्पड़ मारने वाला ४१वर्षीय ऑटो ड्राइवर राजेश भाई खिमजी भाई सकरिया गुजरात के राजकोट का रहने वाला है।

राजधानी में मुख्यमंत्री कार्यालय पर जनसुनवाई के दौरान एक शख्स ने सीएम रेखा गुप्ता पर हमला कर दिया। इतना ही नहीं आरोपी ने सीएम रेखा गुप्ता का हाथ पकड़कर भी खींचा और उनके साथ धक्का-मुक्की की। पहले आरोपी ने सीएम को कुछ पेपर दिखाया। उसी दौरान थप्पड़ मारने की कोशिश की। पास में खड़े सुरक्षाकर्मियों ने उसे तुरंत पकड़ लिया। उसे सिविल लाइंस थाने में लाकर जिला पुलिस और स्पेशल सेल की टीम पूछताछ कर रही है।

फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के बाद ही पता चलेगा कि आखिर आरोपी ने सीएम पर हमला क्यों किया। क्या इसके पीछे कोई साजिश है? भाजपा के प्रदेश इस घटना की निंदा दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, दिल्ली कांग्रेस प्रमुख देवेंद्र यादव और आप नेता आतिशी ने भी की है। ऐसा पहली बार नहीं है जब किसी मुख्यमंत्री पर हमला हुआ हो। इससे पहले भी दिल्ली के मुख्यमंत्रियों पर हमले हो चुके हैं।

अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बताया कि सीएम रेखा गुप्ता जनसुनवाई के दौरान बैठकर लोगों की समस्या सुन रही थी। इसी दौरान एक शख्स सीएम के पास पहुंचा और पहले तो उसने कागज फेंके और फिर सीएम पर हमला कर दिया । आरोपी ने सीएम रेखा गुप्ता का हाथ पकड़कर खींचा, जिससे टेबल में उनका सिर लग गया। उनके सिर में चोट लगी है।

दिल्ली के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने बुधवार को बताया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हमले का आरोपी पिछले २४ घंटों से उनके आवास की रेकी कर रहा था और मुख्यमंत्री से मिलने की योजना बना रहा था।फिलहाल डॉक्टरों की टीम उनकी जांच कर रही है। उधर, भाजपा के तमाम नेता सीएम रेखा गुप्ता के आवास पर पहुंचे ।

# स्वास्थ्य मंत्री ने 'स्वच्छता अभियान' का नेतृत्व किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने दक्षिणी दिल्ली के मालवीय नगर में स्थित पंडित मदन मोहन मालवीय अस्पताल पहुंचकर 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' अभियान के अंतर्गत 'क्लीन दिल्ली-ग्रीन दिल्ली' स्वच्छता अभियान का नेतृत्व किया। स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने अस्पताल परिसर में मौजूद महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर पुष्पांज.लि अर्पित की और 'क्लीन दिल्ली-ग्रीन दिल्ली' अभियान के तहत अस्पताल परिसर में एक पौधा भी लगाया। इस खास मौके पर कैबिनेट मंत्री के साथ विधायक सतीश उपाध्याय भी मौजूद रहे। अस्पताल परिसर में चलाए गए स्वच्छता अभियान में अस्पताल के डॉक्टर, कर्मचारियों और एमसीडी कर्मियों के साथ ही स्वयंसेवकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस दौरान अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' अभियान सिर्फ अस्पताल परिसर को साफ-सुथरा और स्वच्छ रखने का अभियान नहीं है, बल्कि 'क्लीन दिल्ली-ग्रीन दिल्ली' विजन के साथ ही दिल्ली को कूड़ा-मुक्त राजधानी बनाने का हमारी सरकार का संकल्प है। मदन मोहन मालवीय अस्पताल में अपने दौरे के दौरान कैबिनेट मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने पूरे अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया और इलाज के लिए पहुंचे कई मरीजों से खुद बातचीत कर उनका हाल-चाल जाना और मौजूद स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में खुद फीडबैक भी लिया।




**दिल्ली के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह पंडित मदन मोहन मालवीय अस्पताल पहुंचकर 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' अभियान में भाग लिया।**

# कांग्रेस ने उठाए सुरक्षा पर सवाल 'आप' ने की कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सीएम पर हमले के बाद राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। दिल्ली सीएम पर हमले को लेकर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्लीवासियों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली की मुख्यमंत्री ही सुरक्षित नहीं हैं तो कोई आम आदमी कितना सुरक्षित है? वहीं, आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और दिल्ली विधानसभा की नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने सीएम पर हमले की निंदा करते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा, षदिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुआ हमला बेहद निंदनीय है। लोकतंत्र में असहमति और विरोध की जगह होती है, लेकिन हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। उम्मीद है कि दिल्ली पुलिस दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगी। आशा है मुख्यमंत्री पूरी तरह सुरक्षित हैं।

इसी क्रम में आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी सीएम पर हमले की निंदा की है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुआ हमला बेहद निंदनीय है।

# पत्नी का कत्ल करने वाला पति साथियों के साथ धरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** महरौली में दर्दनाक तरीके से पत्नी को जहरीला पदार्थ पिलाकर उसकी हत्या करने के मामले को आरोपित आत्म हत्या का रूप देना चाहता था। इसलिए उसने उसे जहरीला बेहोशी की हालत में जहरीला पदार्थ पिलाया था, जिससे लगे कि उसने रबाब ने जहर पीकर आत्महत्या कर ली है। जहरीला पदार्थ पिलाने के बाद भी जब रबाब की मौत नहीं हुई तो आरोपित ने उसका गला दबाने का भी प्रयास किया, मगर फिर फंस जाने के डर से उसने ऐसा नहीं किया और उसे जहर पिलाता रहा।

पुलिस ने बताया कि शुरू-शुरू में तो शबाब ने उन्हें चकमा देने का बहुत प्रयास किया। उन्हें कहता रहा कि उसका पत्नी के साथ कोई संबंध नहीं है। कभी-कभी बच्चों से मिलने के लिए वह उसके घर जाता था या बच्चों को अपने यहां बुलवा लेता था। मगर जांच के दौरान पुलिस को सीसीटीवी कैमरे की फुटेज मिला जिसमें वह बेहोशी की हालत में पत्नी को कंधे पर उठाकर अपने घर लेकर जाता हुआ दिखाई दिया तो पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने हत्या की बात कबूल कर ली। इसके बाद भी आरोपित ने पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया।

पुलिस ने उससे रबाब के शव के बारे में पूछा तो उसने बताया कि उसने बताया कि उसने शव को हापुड़ के पास नहर में बहा दिया है। पुलिस वहां उसे निशानदेही के लिए लेकर गई, मगर वह जगह नहीं बता पाया। पुलिस ने जब उससे सख्ती से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसने अपने साथियों तनवीर और शाहरुख के साथ मिलकर शव को चंदनहौला स्थित कब्रिस्तान में दफना दिया है। रबाब के लापता होने के बाद अफसाना उसे ढूंढते हुए शबाब के घर गई थी। मगर वह उसे वहां नहीं मिली। इस पर शबाब को डर सताने लगा कि कहीं वह उसे ढूंढते हुए पुलिस के पास न चली जाए। रबाब मूलरूप से अमरोहा के नौगांव की रहने वाली थी, मगर शादी होने और माता-पिता की मौत के बाद वहां उसका कोई संपर्क नहीं था।इस पर शबाब ने अमरोहा जाकर रबाब के फोन से अफसाना को मैसेज भेजा कि वह दूसरी शादी करने जा रही है और वह उसे न ढूंढे। शबाब ने अफसाना के अलावा रबाब की कई और सहेलियों को भी मैसेज भेजे थे ताकि शक न हो। पूछताछ के दौरान आरोपित ने बताया कि तनवीर अक्सर चंदनहौला स्थित कब्रिस्तान में कब्र खोदने के लिए जाया करता था। उसे वहां के बारो में सारी जानकारी थी। उसे पता था कि रात में वहां कोई चौकीदार नहीं रहता है। ऐसे में शबाब और शाहरुख तनवीर के साथ दो अगस्त को आधी रात के बाद वहां पहुंचे।

# रीइम्बर्समेंट हेल्थ इंश्योरेंस क्लेम प्रोसेस के लिए गाइड

**नई दिल्ली।** आज की बदलती और चुनौतीपूर्ण लाइफस्टाइल में हेल्थ इंश्योरेंस महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डायबिटीज, हार्ट अटैक और कैंसर जैसी लाइफस्टाइल से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं के बढ़ने के कारण, पर्याप्त कवरेज होना पहले से कहीं अधिक आवश्यक हो गया है। मेडिकल प्रोसीज़र, सर्जरी और दवाओं की लागत सहित हेल्थकेयर के खर्च लगातार बढ़ रहे हैं, जो अक्सर हमारी उम्मीदों से अधिक होते हैं। हेल्थ इंश्योरेंस अप्रत्याशित स्वास्थ्य समस्याओं के दौरान फाइनेंशियल सुरक्षा कवच के रूप में काम करता है और जब आप अस्वस्थ या घायल होते हैं, तो मेडिकल बिल को कवर करता है। यह कवरेज सुनिश्चित करता है कि आप फाइनेंशियल समस्याओं के बिना मेडिकल ट्रीटमेंट प्राप्त कर सकें। हालांकि, कई व्यक्तियों को उपचार के बाद क्लेम प्रोसेस को समझने में कठिनाई होती है। प्रत्येक इंश्योर्ड व्यक्ति के लिए अपनी क्लेम राशि को आसानी से प्राप्त करने के लिए क्लेम प्रोसेस के बारे में जानना महत्वपूर्ण है।

**क्लेम मुख्य रूप से दो प्रकार के होते हैं**

**1. कैशलेस क्लेम:** कल्पना करें कि अचानक हेल्थ एमरजेंसी का सामना करने पर आपको या आपके प्रियजनों को हॉस्पिटलाइज़ेशन की आवश्यकता होती है। ऐसे समय में, मेडिकल बिलों की फाइनेंशियल समस्याओं के बारे में चिंता करना कोई भी नहीं चाहेगा। अब इंश्योरर कैशलेस आधार पर हॉस्पिटल में क्लेम सर्विसेज़ प्रदान कर रहे हैं। इसका मतलब है कि कस्टमर इंश्योरर के पैनल में शामिल नेटवर्क का हिस्सा नहीं होने वाले हॉस्पिटल्स में भी कैशलेस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। इससे हर जगह कैशलेस सुविधा सुनिश्चित होती है, जिससे हमारे सभी कस्टमर्स के लिए हेल्थकेयर अधिक सुलभ और सुविधाजनक हो जाता है। इससे किसी भी हॉस्पिटल में आसान हेल्थकेयर एक्सेस प्राप्त होता है, फाइनेंशियल बोझ कम होता है और पॉलिसीधारकों के लिए तुरंत मेडिकल सहायता सुनिश्चित होती है।

**2. रीइम्बर्समेंट क्लेम:** रीइम्बर्समेंट क्लेम एक ऐसी प्रोसेस है, जिसमें इंश्योर्ड व्यक्ति को पहले अपनी जेब से मेडिकल ट्रीटमेंट के खर्चों का भुगतान करना होता है। पॉलिसीधारक द्वारा इलाज के लिए नॉन-नेटवर्क हॉस्पिटल का विकल्प चुनने पर रीइम्बर्समेंट क्लेम फाइल किया जाता है। इसके बाद, इंश्योर्ड व्यक्ति को रीइम्बर्समेंट के लिए बिल, रसीद और मेडिकल रिपोर्ट जैसे संबंधित डॉक्यूमेंट अपनी इंश्योरेंस कंपनी को सबमिट करने होते हैं। इसके बाद इंश्योरर पॉलिसी के नियम और शर्तों के अधीन मान्य डॉक्यूमेंट सबमिट करने पर लागत की प्रतिपूर्ति करता है।

**रीइम्बर्समेंट हेल्थ इंश्योरेंस क्लेम प्रोसेस के लिए दिशानिर्देश:**

**1. अपनी इंश्योरेंस कंपनी को सूचित करें:** हेल्थ इंश्योरेंस क्लेम फाइल करने का पहला चरण अपने इंश्योरर को इसके बारे में सूचित करना है। आप उनकी कस्टमर केयर हेल्पलाइन पर कॉल करके या ईमेल के माध्यम से ऐसा कर सकते हैं। आप इंश्योरर के मोबाइल ऐप और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भी डिजिटल रूप से क्लेम फाइल कर सकते हैं और क्लेम के बारे में अपनी इंश्योरेंस कंपनी को तुरंत सूचित कर सकते हैं।

**2. आवश्यक डॉक्यूमेंट सबमिट करें:** अपनी इंश्योरेंस कंपनी को सूचित करने के बाद, आपको हॉस्पिटलाइज़ेशन के 30 दिनों के भीतर अपने इंश्योरर के पास सभी आवश्यक डॉक्यूमेंट सबमिट करने होंगे। इनमें आपका इंश्योरेंस पॉलिसी डॉक्यूमेंट, भरा हुआ क्लेम फॉर्म, इलाज करने वाले डॉक्टर का मेडिकल सर्टिफिकेट, आपके इलाज के लिए हॉस्पिटल से बिल और आपकी बीमारी से संबंधित कोई भी डायग्नोस्टिक रिपोर्ट शामिल हैं।

उक्त जानकारी हेल्थ एडमिनिस्ट्रेशन टीम बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस के हेड भास्कर नेरुरकर ने दी।



**स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा समिति की बैठक में पास प्रस्तावों के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए।**

## नशे की लत पूरी करने के लिए बन गया बाइक चोर, दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नशे की लत को पूरा करने के लिए एक युवक बाइक चोर बन गया। उत्तरी-पश्चिमी जिला एएटीएस ने आरोपित चोर को पकड़ लिया है। जिसके पास से चोरी की पांच बाइक बरामद की गई है। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपित पर पहले से सात आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। आरोपित की पहचान जहांगीरपुरी निवासी जिशान के रूप में हुई है। क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए एएटीएस इंस्पेक्टर जितेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई है। सात अगस्त को गश्त के दौरान टीम को एक गुप्त सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति चोरी की मोटरसाइकिल पर सवार है और चोरी की वारदात को अंजाम दे सकता है।

सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते जहांगीरपुरी स्थित मछली मार्केट के पास जाल बिछाया। पुलिस को देखकर वह भागने का प्रयास करने लगा, टीम ने पीछा कर पकड़ लिया। जांच के दौरान आरोपित की मोटरसाइकिल थाना मुखर्जी नगर क्षेत्र से चोरी की मिली। पूछताछ में आरोपित ने कई अन्य बाइक चोरी में अपनी संलिप्तता बताई।

आरोपित ने बताया कि वह क्षेत्र में खड़ी मोटरसाइकिल की चोरी की तलाश में घूम रहा था। उसकी निशानदेही पर अन्य चार चोरी की मोटरसाइकिलें भी बरामद की गईं, जो राजौरी गार्डन, स्वरूप नगर और थाना महेन्द्रा पार्क के क्षेत्र से चोरी हुई थीं।

# स्थायी समिति की बैठक में किए गए महत्वपूर्ण प्रस्ताव पासः सत्या शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्थायी समिति की अध्यक्ष श्रीमती सत्या शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित स्थायी समिति की बैठक में नागरिक सुविधाओं, स्वच्छता, शिक्षा एवं जन-सुरक्षा से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई और अधिकारियों को ठोस निर्देश दिए गए। अध्यक्ष श्रीमती शर्मा ने कहा कि दिल्ली नगर निगमका दायित्व केवल कूड़ा प्रबंधन तक सीमित नहीं है, बल्कि नागरिकों की बुनियादी सुविधाओं, सुरक्षित वातावरण और शिक्षा पर भी विशेष ध्यान देना है।

बैठक में पार्षदों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर गंभीरता से विचार किया गया और अधिकारियों को जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने बताया कि स्थायी समिति की बैठक में एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया गया है जिसके तहत एमसीडी के सामुदायिक भवनों को कौशल विकास और व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। श्रीमती शर्मा ने कहा कि निगम के अधीन कुल २७८ सामुदायिक भवन हैं, जिनमें से १२२ भवन ऐसे हैं जो या तो खाली हैं या बहुत कम उपयोग में आते हैं। इन भवनों का उपयोग अब दोपहर तीन बजे से रात आठ बजे तक स्थानीय स्तर पर युवाओं और महिलाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण देने के लिए किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि बैठक में पार्षदों द्वारा महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए और विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। चर्चा सकारात्मक और सार्थक रही, जिससे कई समाधानात्मक सुझाव सामने आए। समिति ने सहमति से उन प्रस्तावों को मंजूरी दी, जो जनहित से जुड़े हैं। सत्या शर्मा ने कहा कि दिल्ली नगर निगम नागरिकों की सुविधा और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जनहित से जुड़े मुद्दों पर किसी भी प्रकार की ढिलाई पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## पत्नी की हत्या में फरार पति गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहबाद डेयरी के दौलतपुर इलाके में बीते दस अगस्त को २५ साल की निशा घर में अचेतावस्था में बिस्तर पर पड़ी मिली थी। पास ही उसके उसका पांच महीने का वंश लेटा हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पता चला कि निशा की गला दबाकर हत्या हुई है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया और फरार पति मुन्ना को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शाहबाद डेयरी पुलिस को गली नंबर ४, हनुमान मंदिर के पास, शाहबाद दौलतपुर में महिला की हत्या होने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। निशा फर्श पर गद्दे पर बेहोशी की हालत में पड़ी हुई थी। जाँच के दौरान शरीर पर कोई स्पष्ट चोट नहीं देखी गई। पीडिघ्ता का पति मुन्ना और निशा का ५ महीने का बेटा वंश पास में ही लेटा हुआ था। शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

**टेंडर नोटिस सं. टेबलेट/इंजेक्शन और दवाएं** — **दिनांक : 20.08.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 82245004 | आपातकालीन चिकित्सा बक्से | 328 नग | 22.09.2025 |

**निविदा शर्तें**-1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

2535/25 ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**इ-निविदा (इ-प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

**सं. 128-W/280/इ-निविदा सूचना/28-2025-26/W-3** — **दिनांक: 20.08.2025**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | एडीईएन/डीएलआई के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/डीएलआई/लाइन के खंड में पुल संख्या-4 लाइन संख्या 13, 24, एलपीओ, एलपीओ-2 के स्टील गर्डर को पीएससी स्लैब के साथ प्रतिस्थापित करना। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | ₹ 3,18,23,786.30/- (रुपये तीन करोड़ अट्ठारह लाख तेईस हजार सात सौ छियासी और तीस पैसे मात्र) |
| 3 | बयाना राशि (रुपये) | ₹3,09,100.00/- (रुपये तीन लाख नौ हजार सौ मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | रु. 0.00, |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 12.09.2025 को 15:00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। |

• ठेकेदारो को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

2537/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**गया जं. - दिल्ली जं. - गया जं. के बीच नई अमृत भारत एक्सप्रेस रेल सेवा का शुभारम्भ**

समस्त रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा गया जं. - दिल्ली जं. - गया जं. के बीच नई (द्वि-साप्ताहिक) अमृत भारत रेल सेवा सं. 13697/13698 का शुभारम्भ किया जा रहा है। इस अमृत भारत सेवा की समय-सारणी निम्नानुसार है:-

**रेलगाड़ी सं. 13697/13698 गया जं. - दिल्ली जं. - गया जं. अमृत भारत एक्सप्रेस (द्वि-साप्ताहिक)**

| रेलगाड़ी सं.: 13697 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 13698 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 16:30 | गया जं. | 08:55 | --- |
| 17:08 | 17:10 | अनुग्रह नारायण रोड | 07:43 | 07:45 |
| 17:24 | 17:26 | डेहरी ऑनसोन | 07:25 | 07:27 |
| 17:44 | 17:46 | सासाराम | 07:07 | 07:09 |
| 18:16 | 18:18 | भभुआ रोड | 06:30 | 06:32 |
| 19:45 | 19:55 | पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. | 05:45 | 05:55 |
| 22:55 | 23:00 | सूबेदारगंज | 01:10 | 01:15 |
| 01:35 | 01:40 | गोविंदपुरी | 19:55 | 20:00 |
| 05:55 | 06:00 | टूंडला जं. | 16:50 | 16:55 |
| 11:05 | 11:07 | गाजियाबाद जं. | 14:40 | 14:42 |
| 12:00 | ---- | दिल्ली जं. | ---- | 14:00 |

**चलने के दिन : 13697 गया जं.** से प्रत्येक रविवार व बृहस्पतिवार को दिनांक 28.08.2025 से अगले आदेश तक एवं **13698 दिल्ली जं.** से प्रत्येक सोमवार व शुक्रवार को दिनांक 29.08.2025 से अगले आदेश तक।

**स्थान :** शयनयान एवं सामान्य।

**नोटः इस रेल सेवा की उद्घाटन यात्रा (एक तरफा फेरा) का शुभारम्भ दिनांक 22.08.2025 को विशेष गाड़ी संख्या 03621 के रूप में गया जं. स्टेशन से प्रातः 10:50 बजे होगी।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ किसान दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के कई किसानों और उनके प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। उप कृषि निदेशक योगेन्द्र कुमार ने सभी अधिकारियों और किसानों का स्वागत किया। कृषि विज्ञान केंद्र बाबूगढ़ के प्रभारी डा. अरविंद कुमार ने किसानों को फसलों में लगने वाले रोगों की पहचान और उनके उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पिछले महीने जुलाई 2025 के किसान दिवस में मिली शिकायतों के निवारण की रिपोर्ट सभी किसानों के सामने पढ़ी गई और संबंधित अधिकारियों ने इसका विस्तृत विवरण दिया। किसानों ने आज के कार्यक्रम में अपनी समस्याएं लिखित रूप में प्रस्तुत कीं। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को आदेश दिया कि वे अपने विभागों से जुड़ी समस्याओं का एक सप्ताह के अंदर समाधान करें। समाधान की एक प्रति किसान दिवस के नोडल अधिकारी उप कृषि निदेशक हापुड़ के कार्यालय में जमा करनी होगी और दूसरी प्रति शिकायत करने वाले किसान को देनी होगी। किसान दिवस एक सरकारी पहल है जिसका उद्देश्य किसानों को उनकी समस्याओं को सीधे सरकारी अधिकारियों तक पहुंचाने का मौका देना है। यह दिन आमतौर पर महीने में एक बार आयोजित किया जाता है, जहाँ किसान अपनी खेती, सिंचाई, बीज, उर्वरक और सरकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दों पर चर्चा कर सकते हैं। इससे प्रशासन और किसानों के बीच सीधा संवाद स्थापित होता है, जिससे समस्याओं का तेजी से और प्रभावी ढंग से समाधान हो पाता है।

# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बुधवार को पिलखुवा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती मनाई। यह आयोजन कांग्रेस के मुख्य कार्यालय में नगर अध्यक्ष रजनीश त्यागी की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत राजीव गांधी के चित्र के सामने मदन सिंह चौहान द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर फूल चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके जीवन के बारे में अपने विचार साझा किए।

इस मौके पर राजीव गांधी को आधुनिक भारत का निर्माता और युवाओं को वोट का अधिकार दिलाने वाला महान नेता बताया गया। इस दौरान बालकिशन शर्मा पूर्व पीसीसी, मदन सिंह चौहान, चौधरी मुरसलीन जिला उपाध्यक्ष, सत्येंद्र, संजीव शर्मा गुड्डू पूर्व सभासद, सुधीर शर्मा, विनोद शर्मा, एडवोकेट फुरकान, ओमकार त्यागी, एडवोकेट नरेश कर्दम जिला महासचिव, मोहम्मद परवेज़ जिला सचिव, नफीस जिला सचिव, मुकेश शर्मा, इजहारहक, आमिर मलिक, आदेश शर्मा, शाहवेज और अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

# कांग्रेसियों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 82वीं जयंती मनाई। यह आयोजन स्वर्ग आश्रम रोड पर स्थित राजीव गांधी की प्रतिमा स्थल पर हुआ। इस दौरान कांग्रेसियों ने राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने राजीव गांधी को आधुनिक भारत का निर्माता और दूरसंचार क्रांति का जनक बताया। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी के सपनों को पूरा करना कांग्रेसियों की जिम्मेदारी है, जिसका लक्ष्य देश का सर्वांगीण विकास है। उन्होंने याद दिलाया कि राजीव गांधी ने ही युवाओं को 18 साल की उम्र में वोट डालने का अधिकार दिया था। शहर अध्यक्ष इरफान कुरैशी ने कहा कि राजीव गांधी की राजनीति में कोई रुचि नहीं थी और वे एक पायलट थे। अपने भाई संजय गांधी की आकस्मिक मृत्यु के बाद 1981 में उन्होंने अपनी माँ इंदिरा गांधी का सहयोग करने के लिए राजनीति में प्रवेश किया। पूर्व शहर अध्यक्ष दिनेश चंद शर्मा ने इस दौरान कहा कि राजीव गांधी ने अमेठी से लोकसभा चुनाव जीता और इंदिरा गांधी की हत्या के बाद सबसे कम उम्र में प्रधानमंत्री बने। उन्होंने 1985 में संदेश यात्रा की घोषणा की थी। जिसे अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल ने पूरे देश में चलाया था। कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के दिखाए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान पूर्व प्रदेश महासचिव विजय कुमार गोयल, पूर्व जिलाध्यक्ष सैय्यद अयाजुद्दीन, पूर्व शहर अध्यक्ष अभिषेक गोयल, रामप्रसाद जाटव, सभासद सुशील शास्त्री, पूर्व सभासद एजाज अहमद, प्रवीण शर्मा, जितेंद्र सिंह, आईसी शर्मा, भोजराज शर्मा, सचिन कुमार, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोनिका शर्मा, सविता गौतम, कुसुम लता, मास्टर शहरयाब, गौरव गर्ग, भरतलाल शर्मा, गोपाल भारती, बॉबी त्यागी, महबूब आदि पदाधिकारीगण और कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# क्यूब रूट फाउंडेशन द्वारा टीबी रोगियों को वितरित किया पोषाहार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** क्यूब रूट फाउंडेशन ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिंभावली में 100 क्षय रोग यानी टीबी रोगियों को पोषाहार वितरित किया। यह वितरण राज्यपाल के निर्देशों के तहत जिलाधिकारी अभिषेक पांडे और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार त्यागी के नेतृत्व में किया गया।

क्यूब हाइवे संस्था द्वारा वित्त पोषित क्यूब रूट फाउंडेशन ने लगातार पाँचवें महीने यह पोषाहार वितरण किया। क्यूब रूट फाउंडेशन के रूपेश सिंह ने बताया कि उनकी संस्था अब तक 1100 पोषण पोटली का वितरण कर चुकी है और भविष्य में भी यह सहयोग जारी रहेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील त्यागी ने सभी स्वयंसेवी संस्थाओं और औद्योगिक घरानों से प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत कार्यक्रमश में सहयोग करने की अपील की। जिला पीपीएम कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी ने क्षय रोगियों और उनके परिजनों को टीबी के लक्षण, उपचार और निदान के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि दो सप्ताह से अधिक खांसी, बलगम में खून आना, वजन घटना, भूख कम लगना, रात में पसीना आना, या शरीर में गांठें जैसे लक्षण टीबी के संकेत हो सकते हैं। सुशील चौधरी ने जोर देकर कहा कि ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत सरकारी अस्पताल में जांच कराएं और पुष्टि होने पर पूरा कोर्स करें। उन्होंने बताया कि जांच और इलाज दोनों ही सरकारी अस्पतालों में निशुल्क उपलब्ध हैं। भारत सरकार निक्षय पोषण योजना के तहत सभी टीबी रोगियों को प्रति माह 1,000 की आर्थिक सहायता भी देती है। इस अवसर पर वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक गजेंद्र पाल सिंह, वरिष्ठ प्रयोगशाला पर्यवेक्षक दुर्वेश कुमार और लैब टेक्नीशियन अमरजीत शर्मा भी मौजूद रहे।

# अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई कार, टला हादसा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के मेरठ रोड पर स्थित दीवान पब्लिक स्कूल के सामने एक तेज रफ्तार वैगनआर कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई।

मिली जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार के कारण कार चालक ने नियंत्रण खो दिया और गाड़ी डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी ज़ोरदार थी कि धमाके की आवाज़ सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और गाड़ी का एयरबैग भी खुल गया। गनीमत रही कि कार डिवाइडर से टकराकर वहीं रुक गई। अगर यह डिवाइडर पार करके झुग्गी-झोपड़ी की तरफ जाती तो एक बड़ा हादसा हो सकता था और कई लोगों की जान जा सकती थी। झुग्गियों में रहने वाले लोग भी धमाके से घबराकर बाहर निकल आए। जब लोगों ने ड्राइवर को बाहर निकाला, तो वह शराब के नशे में धुत्त पाया गया।

तो वही हादसे के कारण मेरठ रोड पर दोनों तरफ लंबा जाम लग गया, जिससे वाहनों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी समय लगा। घटना की सूचना मिलते ही नगर कोतवाली और यातायात पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने तुरंत क्रेन बुलाकर क्षतिग्रस्त कार को सड़क के किनारे हटवाया। पुलिस ने चालक से पूछताछ की और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली।

# युवती से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने युवती को नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने के मामले में फरार चल रहे आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि युवती के परिजनों द्वारा थाने पर आरोपी युवक के खिलाफ युवती को नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ दुष्कर्म करने की घटना को अंजाम देने का मुकदमा दर्ज कराया गया था। संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई थी। बुधवार को पुलिस ने युवती को नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने के मामले में फरार चल रहे आरोपी युवक शेरू उर्फ शोएब पुत्र इशरार अली निवासी तारापुरी थाना लिसाडी गेट जनपद मेरठ को पिलखुवा थाना क्षेत्र के गांव देहरा की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# ऑपरेशन तलाश अभियान के अंतर्गत वारंटी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने ऑपरेशन तलाश अभियान के अन्तर्गत एक वारन्टी को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा न्यायालय के वाद सं. 1704/2020 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित वारन्टी प्रदीप पुत्र घनश्याम निवासी ग्राम खेडा थाना पिलखुवा जनपद हापुड को उसके मस्कन से गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार किया गया वारंटी न्यायालय से आर्म्स एक्ट के मामले में फरार चल रहा था। जिसके खिलाफ न्यायालय ने वारंट जारी किए थे। न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायलय में पेश किया है।

## एक नजर

### होमगार्ड पर कमेटी के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली में तैनात एक होमगार्ड योगेंद्र कुमार पर 36 लोगों से कमेटी के नाम पर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगा है। पीड़ितों ने एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह से मिलकर इस मामले में कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार होमगार्ड योगेंद्र कुमार ने कमेटी/सोसायटी के नाम पर लोगों से पैसे जमा कराए। पीड़ितों के अनुसार जुलाई 2022 में तीन साल की एक कमेटी शुरू की गई थी, जिसमें 36 सदस्य थे। हर महीने 10,000 जमा किए जाते थे। कमेटी पूरी होने पर प्रत्येक सदस्य को 4 लाख मिलने थे। इसके अलावा, होमगार्ड योगेंद्र कुमार ने नई कमेटियों के नाम पर भी लोगों से अतिरिक्त राशि ली थी। आरोप है कि 10 जून 2025 को भुगतान की अंतिम तिथि आने से पहले ही आरोपी योगेंद्र अपने परिवार के साथ गायब हो गया। उसका फोन भी बंद है और वह संपर्क में नहीं है। योगेंद्र ने जो पते बताए थे। सी-3130, टावर नंबर 19, दिनेश नगर, पिलखुवा और पैतृक पता जीतपुर, रावली रोड, मुरादनगर, गाजियाबाद दोनों ही फर्जी पाए गए हैं। पीड़ितों, जिनमें कई होमगार्ड भी शामिल हैं। उन्होंने संयुक्त रूप से एसपी को शिकायती पत्र देते हुए आरोपी होमगार्ड के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एसपी के आदेश पर पिलखुवा कोतवाली पुलिस ने आरोपी होमगार्ड योगेंद्र कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### चैकिंग के दौरान अवैध हथियार के साथ आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना धौलाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से अवैध हथियार बरामद किया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि धौलाना पुलिस टीम के द्वारा थाना क्षेत्र के रेलनीर फैक्ट्री वाले रास्ते पर चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध को रोककर जब उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक अवैध तमंया मय दो जिन्दा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने तुरंत संदीप को हिरासत में ले लिया और जब जानकारी हासिल की तो पता चला कि गिरफ्तार किया गया संदिग्ध टिकू पुत्र कमरपाल उर्फ कवरपाल निवासी ग्राम देहरा थाना धौलाना जनपद हापुड़ एक शातिर किस्म का बदमाश है। जिसके खिलाफ आधा दर्जन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध हथियार बरामद कर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# प्रतिबंधित पशु कटान करने के दोषी को न्यायालय ने सुनाई सजा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** प्रतिबंधित पशु कटान करने के दोषी को न्यायालय ने बुधवार को दोषी मानते हुए सजा सुनाई है साथ ही जुर्माने से भी दंडित किया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि वर्ष 2008 में आरोपी शमशाद द्वारा प्रतिबंधित पशु कटान करने के सम्बन्ध में आरोपी के खिलाफ थाना गढ़मुक्तेश्वर पर गोवध निवारण अधिनियम का मुकदमा दर्ज किया गया था। उक्त मुकदमे में आरोपी को गिरफ्तार कर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था। इसी क्रम में बुधवार को न्यायालय द्वारा प्रतिबंधित पशु कटान करने के मामले में साक्ष्यों और गवाहो के आधार पर शमशाद पुत्र नजीर निवासी ग्राम दौताई थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ को दोषी मानते हुए जुर्म इकबाल के आधार पर जेल में बिताई गयी अवधि 14 दिवस व 1,000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

# बालश्रम पर हापुड़ पुलिस की कार्रवाई, क्षेत्र से 5 मासूम बच्चे किए रेस्क्यू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के सख्त निर्देशन में जनपद हापुड़ में बालश्रम रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान का संचालन थाना एएचटीयू एण्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट व श्रम प्रवर्तन अधिकारी की संयुक्त टीम द्वारा किया गया। अभियान के अंतर्गत जिलेभर में दुकानों, होटलों, कारखानों और वर्कशॉप्स की गहन चेकिंग की गई। इस दौरान थाना गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में कुल पाँच बाल श्रमिक बच्चों को काम करते हुए पाया गया, जिन्हें तुरंत रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर भेजा गया। संबंधित नियोक्ताओं के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई प्रारम्भ कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेंजय सिंह ने कहा कि बच्चों से जबरन या लालच देकर कराया जाने वाला श्रम न केवल कानून के खिलाफ है बल्कि समाज के लिए कलंक है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि जो भी व्यक्ति या संस्थान बालश्रम में बच्चों को लगाएगा, उसके खिलाफ सख्त धाराओं में कार्यवाही होगी। रेस्क्यू किए गए बच्चों के पुनर्वास की दिशा में श्रम प्रवर्तन अधिकारी व बाल संरक्षण इकाई द्वारा आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बच्चों को अस्थायी आश्रय गृह में भेजकर उनकी काउंसलिंग कराई जाएगी तथा भविष्य में उन्हें शिक्षा से जोड़ने के प्रयास किए जाएंगे। अधिकारियों ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि यदि कहीं पर भी मासूम बच्चों से श्रम कराया जाता दिखाई दे तो तुरंत पुलिस या श्रम विभाग को सूचना दें। समय रहते की गई सूचना से कई बच्चों का भविष्य संवर सकता है। पुलिस और श्रम विभाग की यह संयुक्त कार्रवाई एक शुरुआत है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि भविष्य में भी इस तरह के अभियान लगातार चलाए जाएंगे, ताकि जिले को बालश्रम मुक्त बनाया जा सके और बच्चों को शिक्षा व उज्जवल भविष्य की राह पर आगे बढ़ाया जा सके।

# मनीष हत्याकांड के विरोध में सपा कार्यकर्ताओं ने निकाला कैंडल मार्च



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हरियाणा के भिवानी जिले में लेडी टीचर मनीषा हत्याकांड के विरोध में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर के नेतृत्व में हरियाणा की मनीषा की निर्मम हत्या को लेकर कैंडल मार्च निकालकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

समाजवादी पार्टी के सैकड़ो पदाधिकारीयों और कार्यकर्ताओं ने नगर कोतवाली क्षेत्र के तहसील चौराहे पर स्थित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा से होते हुए अतरपुरा चोपला से शहीद स्तम्भ हापुड़ तक कैंडल मार्च निकाला। समाजवादी पार्टी के पदाधिकारीयों और कार्यकर्ताओं ने शहीद स्तंभ पर पहुंचकर दो मिनट का मौन धारण कर लेडी टीचर मनीषा की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। समाजवादी पार्टी के पदाधिकारीयों और कार्यकर्ताओं ने मनीषा को न्याय दिलाने के साथ ही आरोपियों को जल्द गिरफ्तारी की मांग की। इस दौरान समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर ने हरियाणा में मनीषा हत्याकांड को लेकर सरकार की कार्यशैली और व्यवहार की घोर निंदा करते हुए कहा कि लेडी टीचर मनीषा की निर्मम हत्या को आत्महत्या की तरफ नया रुख देकर दबाने का काम किया जा रहा है। हरियाणा सरकार मनीषा हत्याकांड को साजिश के तहत दबाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार का बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा किल हो चुका है तथा सरकार की कार्यशैली कहीं ना कहीं आरोपियों का बचाव करती नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हरियाणा सरकार का विरोध करते हुए सरकार से अपील करती है कि घटना की निष्पक्ष जांच की जाए। साथ ही मनीष की हत्या करने वाले आरोपियों को फांसी की सजा दी जाए। इस अवसर पर एडवोकेट अनिल आजाद, तेजपाल प्रमुख, एडवोकेट पुरुषोत्तम वर्मा, सीमा तनेजा रेशमा यादव, यशी यादव, रूबी यादव, अब्दुल चौधरी, फारूक मलिक, आदेश आमिर चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।

# हादसों को न्योता दे रहा होर्डिंग, हो सकता है बड़ा हादसा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सड़कों पर लगे होर्डिंग्स हर किसी का अपनी तरफ ध्यान खींचते हैं। लेकिन तेज आंधी तूफान के कारण सड़कों पर लगे होर्डिंग्स गिरने के कारण कई बार लोग हादसों का शिकार हो जाते हैं। बावजूद इसके क्षतिग्रस्त होर्डिंग की तरफ संबंधित अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं दिया जाता है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के अति व्यस्तम कहे जाने वाले अंबेडकर तिराहे पर सूर्य विहार के बाहर सड़क किनारे झुका हुआ एक होर्डिंग हादसों को दावत दे रहा है। ये होर्डिंग्स अब किसी खतरे से कम नहीं हैं। आए दिन यहां से सैकड़ो लोगों का आवागमन होता है। जिससे यहां से गुजरने वाले राहगीरों के साथ कभी भी बड़ा हादसा होने का खतरा बना हुआ है। सड़क किनारे क्षतिग्रस्त झुका हुआ होर्डिंग जानलेवा भी साबित हो सकता हैं। बावजूद इसके संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा कोई भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे बड़ा हादसा होने का खतरा बना हुआ है।

# डूब क्षेत्र में चला ग्रेनो प्राधिकरण का बुल्डोजर





**शाह टाइम्स ब्यूरा**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने अधिसूचित एरिया में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। प्राधिकरण ने बिसरख के डूब क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ बुधवार को बुल्डोजर चलाया। प्राधिकरण ने करीब 25 हजार वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त करा लिया है। कालोनाइजर डूब क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग करने की कोशिश कर रहे थे।

ग्रेनो प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने अतिक्रमण करने वाले को चेतावनी दी है कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अधिसूचित एरिया में अनुमति के बिना या फिर बिना नक्शा पास कराए बिना अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसीईओ ने लोगों से भी अपील की है कि ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण से संपर्क कर पूरी जानकारी जरूर प्राप्त कर लें। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की टीम अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जीएम एके सिंह ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के बिसरख गांव के डूब क्षेत्र (खसरा संख्या-112 व 113) की लगभग 25 हजार वर्ग मीटर जमीन पर कालोनाइजर अवैध कालोनी काटने की कोशिश कर रहे थे। यह जमीन प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में है।

बुधवार को जीएम एके सिंह सहित ओएसडी रामनयन सिंह, वर्क सर्किल तीन के प्रभारी राजेश निम और नागेंद्र सिंह, प्रबंधक रोहित गुप्ता, पुलिस-प्रशासन और पीएसी की मौजूदगी में बुधवार को इन खसरा नंबरों की जमीन पर हुए अतिक्रमण को ढहा दिया। प्राधिकरण की तरफ से तीन जेसीबी और दो डंफर का इस्तेमाल कर अवैध निर्माण को तोड़ दिया। यह कार्रवाई लगभग दो घंटे चली।

# स्कूल और कॉलेज में आज रहेगा अवकाश




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** दनकौर में होने वाले गुरु द्रोणाचार्य मेले के कारण जनपद में बृहस्पतिवार यानि 21 अगस्त को स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय सहित सभी शैक्षणिक संस्थान बंद रहेंगे। इस संबंध में जिलाधिकारी ने निर्देश जारी किया है।

डीएम के आदेश पर सभी स्कूल और कॉलेज को कल बंद कर दिया है। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के दनकौर में गुरु द्रोणाचार्य मेला चल रहा है। इसके चलते हर साल डीएम की ओर से लोकल हॉलीडे घोषित किया जाता है। उन्होंने बताया कि गुरु द्रोणाचार्य मेला की वजह से सड़कों पर कभी भीड़ लगी रहती है। आने जाने के लिए भी रास्ता नहीं मिलता है।

परिजनों को कहना है कि गौतमबुद्ध नगर जिले के जिलाधिकारी ने अहम फैसला लिया है। इससे बच्चों को परेशानी का सामना नहीं करना होगा। क्योंकि गुरु द्रोणाचार्य मेला चल रहा है। इस दौरान रास्ते, सड़क और चौराहे पर जाम लग जाती है।

बता दें गुरु द्रोणाचार्य मेला दनकौर में आयोजित होने वाला एक वार्षिक मेला है। इस मेले का ऐतिहासिक महत्व है। जिला मजिस्ट्रेट के पास ऐसे अवसरों पर छुट्टी का आदेश देने का अधिकार है और इसलिए सभी शैक्षणिक संस्थानों को 21 अगस्त को बंद रहने के लिए सूचित किया गया है।

# नोएडा में बाढ़ का पानी घुसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के डूब क्षेत्र में दो दिनों से बाढ़ का पानी आ गया है। यहां रहने वाले लोग अब पलायन करने को मजबूर हैं। सेक्टर-168 की तरफ करीब 100 से ज्यादा झुग्गियां बनाकर लोग रह रहे हैं। बाढ़ का पानी झुग्गियों में भरने से खाने-पीने का सामान व अन्य सामग्री बह गई।

पीड़ितों ने कहा- अभी तक यहां पर राहत सामग्री नहीं पहुंची है। जिला प्रशासन की तरफ से कोई मदद नहीं की जा रही है। नोएडा में मंगरौली, छपरौली, गुलावली, मोहियापुर के अलावा झट्टा गांव में पानी भरा है। ग्रामीणों ने कहा- 2 दिन पहले अचानक से रात में करीब 1 से 2 बजे के बीच पानी आया। सारा सामान निकालने का समय नहीं मिला।

**2023 में आई थी बाढ़:** दिल्ली में यमुना का जल स्तर बढ़ रहा है। मथुरा के नौझील के आसपास के गांवों में जलभराव भी है। नोएडा के पुश्ता में 2023 में बाढ़ आई थी। जिसमें करीब 1200 लोगों का रेस्क्यू किया गया। इससे कहीं ज्यादा मवेशियों को बचाया गया। साथ ही 2000 हजार से ज्यादा लोगों के खाने-पीने की व्यवस्था के लिए सामुदायिक किचन और आश्रय स्थल बनाए गए थे।

**डीएम ने दिए निर्देश:** जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग को निर्देशित किया कि वह नियमित रूप से नदियों के जल स्तर की निगरानी करें। समय-समय पर प्रशासन को अवगत कराएं। बाढ़ से प्रभावित होने वाले गांव के लोगों को सतर्क रहने और पानी बढ़ने की संभावना के बारे में लगातार जानकारी दी जाए।

प्राधिकरणों के अधिकारियों से कहा- डूब क्षेत्रों में जो गोशालाएं हैं, उनको लेकर भी ऑप्शनल व्यवस्था रखी जाए। डूब क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए गौवंशों को रेस्क्यू करके सुरक्षित स्थानों तक पहुंचा जा सके। बाढ़ जैसी आपदा की स्थिति से निपटने के लिए समन्वय बनाते हुए अपनी सभी तैयारियों को पूरा करें।

**बागान की बजाय बने स्टेडियम:** सेक्टर-94 से हिंडन बैराज तक पुश्ता रोड और यमुना के 5 हजार हेक्टेयर एरिया को देखा। सेक्टर-94 से तीन से 4 किमी चलने पर ही हमें वही नजारा दिखा तो 2023 में बाढ़ आने से पहले का था। थोड़ा बहुत बदलाव भी नजर आया। पुश्ता रोड पूरी तरह से खस्ता है।

डूब क्षेत्र में जहां नर्सरी और बागान होने चाहिए थे, वहां आलीशान क्रिकेट ग्राउंड थे। उनमें फ्लड लाइट लगी थी। एक मैदान नहीं ऐसे दर्जनों मैदान वहां बना दिए गए। जिनकी बुकिंग के लिए बोर्ड पर नंबर तक दिए गए थे।

**2023 में रातों रात डूब क्षेत्र में पानी भरा था:** दरअसल, अगस्त 2023 में हरियाणा के हथनीकुंड बांध के दरवाजे खोले गए। रातों रात डूब क्षेत्र में पानी भरा। सुबह तक सारे फॉर्म हाउस से लेकर हजारों लोग गोवंश इस बाढ़ की चपेट में आ गए। आनन-फानन रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। लोगों को स्टीमर, ट्रैक्टर ट्राली के जरिए बाहर निकाला गया। कई गोवंश मर गए। कितने बह गए, इनकी संख्या का कोई आकलन नहीं था।

**इन सेक्टर और गांव होते प्रभावित:** नोएडा में यमुना सेक्टर-94, 124, 125, 127, 128, 131, 133, 134, 135, 168 के अलावा 150 से होकर निकलती है। इसी तरह हिंडन नदी छिजारसी से प्रवेश करते हुए सेक्टर-63ए, बेहलोलपुर, शहदरा, सुथियाना, गढ़ी चौखंडी, सेक्टर-123, 118, 115, 143, 143ए, 148, 150, मोमनाथल के पास यमुना में मिलती है। यह दोनों ही नदिया नोएडा को चारों तरफ से घेरे हुए हैं और नदियों के किनारे की जमीन को ही डूब क्षेत्र कहते हैं।

# पुलिस मुठभेड़ में आरोपी गिरफ्तार

**■ पैर में लगी गोली**
**बुजुर्ग महिला की हत्या कर उसके गहने लूटे थे**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** बादलपुर पुलिस ने मुठभेड़ में एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लग गई, जिसे आरोपी घायल हो गया। घायल आरोपी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी ने बुजुर्ग महिला की हत्या कर उसके गहने लूटे थे।

घायल आरोपी की पहचान पप्पू उर्फ पप्पू मिस्त्री के रूप में हुई। वह अलीगढ़ के मुकुंदपुर का रहने वाला है। फिलहाल छपरौला में किराए के मकान में रह रहा था। 27 वर्षीय आरोपी के पास से एक तमंचा, कारतूस, सैमसंग मोबाइल और सोने के गहने बरामद किए हैं। ये गहने 3 अगस्त को छपरौला के विद्या वर्ल्ड स्कूल के पास रहने वाली बुजुर्ग महिला से लूटे गए थे। आरोपी ने लूट के दौरान महिला का गला दबाकर हत्या कर दी थी।

पुलिस रोजा याकूबपुर के रेलवे फाटक के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोकने का इशारा किया। वह नहीं रुका और जंगल की तरफ भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया तो आरोपी ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर।** बालिकाओं को आत्मरक्षा हेतु सशक्त बनाने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर शिक्षा विभाग, खेल विभाग, पुलिस विभाग एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद के सभी राजकीय विद्यालयों में योग्य एवं प्रशिक्षित प्रशिक्षकों की नियुक्ति कर शीघ्र ही आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास, साहस और किसी भी आपात स्थिति से निपटने की क्षमता विकसित करना है।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि शिक्षा विभाग, खेल विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारी गण आपसी समन्वय स्थापित करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम को समुचित तरीके से विद्यालयों में संचालित करायें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के साथ-साथ छात्राओं को कानूनी जानकारी, हेल्पलाइन नंबर (1090, 112, 181 आदि) तथा त्वरित मदद के साधनों से भी अवगत कराया जाए। राजकीय विद्यालयों में आत्मरक्षा प्रशिक्षण हेतु समय सारणी तय की जाए और इसे पाठ्यचर्या का नियमित हिस्सा बनाया जाए। बैठक में एसीपी हैडक्वाटर कल्पना गुप्ता, खेल विभाग से वरिष्ठ कोच डॉक्टर परवेज अली, शिक्षा विभाग से जिला समन्वयक गौरव त्यागी, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बादलपुर के प्रधानाचार्य डॉक्टर छवि सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिशु की देखभाल के बारे में बताया

**ग्रेटर नोएडा।** शारदा विश्वविद्यालय में बुधवार को सेमिनार का आयोजन किया। इस दौरान डॉक्टरों ने गर्भवती महिलाओं और शिशुओं की देखभाल के महत्व पर चर्चा की। विशेषज्ञों ने बताया कि गर्भ में पल रहे शिशु की आनुवांशिक बीमारियों को गर्भावस्था के दौरान डॉक्टर द्वारा अल्ट्रासाउंड, कुछ जांच और सावधानी बरतने से ठीक किया जा सकता है। एमएस डॉ राममूर्ति ने कहा कि देश में मैटरनल मोर्टालिटी और पेरिनेटल मोर्टालिटी दर बहुत ज्यादा है। इस मृत्यु दर के आधार पर ही किसी भी देश या राज्य के विकास का पता चल जाता है। फीटल मेडिसिन एक ब्रांच है, जो 12 हफ्ते में के अंदर गर्भ में पल रहे बच्चे के बारे में यह पता कर सकती है कि किस मां और गर्भ में पल रहे किस बच्चे में ज्यादा समस्याएं है।

## एक नजर

### रोड किनारे कूड़ा डालने पर ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, 50 हजार का जुर्माना

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जैतपुर के पास सर्विस रोड पर कूड़ा डालते हुए एक ट्रैक्टर- ट्राली को पकड़ लिया। उसे जब्त करते हुए 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। ट्रैक्टर -ट्राली के मालिक के द्वारा भुगतान किए जाने पर ही छोड़ा जाएगा। प्राधिकरण के महाप्रबंधक स्वास्थ्य आरके भारती ने कहा है कि कोई भी इधर-उधर कूड़ा डालते हुए पकड़ा गया तो उस पर तगड़ा जुर्माना लगाया जाएगा। किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

### जिला अस्पताल में रोज पहुंच रहे एचएफएमडी से संक्रमित 15 बच्चे

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** जिला अस्पताल में हैंड फुट एंड माउथ संक्रमण (एचएफएमडी) के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। बच्चों की ओपीडी में रोजाना 15 से अधिक बच्चे इस संक्रमण के लक्षणों के साथ पहुंच रहे हैं। दो दिनों में संख्या 20 के पार हो गई।

चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ. प्रिया जादौन ने बताया कि एचएफएमडी सामान्य संक्रामक वायरल बीमारी है। यह कॉक्ससैकी वायरस के कारण होती है। इसके लक्षणों में बुखार, गले में खराश, भूख न लगना, चिड़चिड़ापन, हाथ पैरों में दाने या छाले और मुंह के अंदर घाव बनना शामिल हैं। यह बीमारी आमतौर पर 7 से 10 दिनों में ठीक हो जाती है लेकिन सही देखभाल न होने पर गंभीर हो सकती है। बच्चों की कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता संक्रमण की वजह बन रही है।

**ऐसे फैलती है बीमारी:** डॉ. प्रिया जादौन ने बताया कि बीमारी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने, खांसी या छींक के दौरान निकली बूंदों, या दूषित वस्तुओं को छूने से फैल सकती है। ऐसे में स्कूल, डे-केयर सेंटर या खेल के मैदान जैसे सार्वजनिक स्थानों पर सावधानी की जरूरत होती है।

**स्वच्छता का रखें ध्यान:** बीमारी से बचाव के लिए स्वच्छता सबसे प्रभावी उपाय है। डॉक्टरों ने बताया कि बच्चों के हाथ बार-बार धोएं। विशेष रूप से टॉयलेट के बाद, खाना खाने से पहले और बाहर से लौटने के बाद। इसके साथ ही बच्चों के खिलौने, मेज, दरवाजे की कुंडी जैसी बार-बार छूने वाली सतहों को नियमित रूप से कीटाणु रहित करना चाहिए।

### छात्राएं आत्मरक्षा के गुर सीखेंगी

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए सशक्त बनाने के उद्देश्य से बुधवार को जिलाधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर बैठक की। डीएम ने सभी राजकीय विद्यालयों में योग्य एवं प्रशिक्षित प्रशिक्षकों की नियुक्ति कर शीघ्र ही आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास, साहस और किसी भी आपात स्थिति से निपटने की क्षमता विकसित करना है।

### बाइक सवारों ने मोबाइल फोन छीना

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** पंजाब के लुधियाना निवासी मीडियाकर्मी हरजंदर सिंह एक अगस्त को किसी काम से नोएडा आए थे। वह दोपहर 12 बजे के करीब होटल की तलाश में सेक्टर-6 पहुंचे। वह संदीप पेपर मिल के पास खड़े थे, तभी बाइक पर सवार होकर आए बदमाशों ने उनका मोबाइल फोन हाथ से छीन लिया और भाग गए। उन्होंने ई-रिक्शा से बदमाशों का पीछा किया, लेकिन बदमाशों को पकड़ने में कामयाबी नहीं मिली। उन्होंने फेज-1 थाने में केस दर्ज कराया है।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में हुआ किसान दिवस का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर।** जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 शिवाकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित सभागार कक्ष में किसान दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जनपद के प्रगतिशील कृषकों ने सम्मिलित होकर कृषि से सम्बन्धित अपनी समस्याएँ अधिकारियों के समक्ष रखीं। बैठक में कृषि विभाग द्वारा विकास खण्ड स्तरीय राजकीय कृषि बीज भण्डार से वितरित की जा रही मिनी किटख्रदलहन, तिलहन एवं मोटे अनाज (ज्वार, बाजरा, रागी, साँवा, कोदो) के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने मिनी नन्दिनी व नन्दिनी योजनाओं की जानकारी किसानों को उपलब्ध कराई। इसके अतिरिक्त कृषि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त अवरुद्ध होने के कारणों पर चर्चा की गई तथा कृषकों को जानकारी दी गई कि किस प्रकार वह मृतक हुए किसान के पंजीकरण को कार्यालय में मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध कराकर बंद कर सकते हैं।

बैठक में अधिकांश किसानों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। साथ ही 04 कृषकों की कृषि यंत्र, खाद्य की अनुपलब्धता, नोएडा प्राधिकरण एवं वर्षा जल भराव से सम्बन्धित शिकायतों के समाधान हेतु कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई।

कृषि क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विभागों सिंचाई, ऊर्जा, उद्यान, मत्स्य, दुग्ध उत्पादन, पशुपालन एवं एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कम्पनी के अधिकारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# सोसाइटी के फव्वारे और फ्रिज ट्रे में मच्छरों के लार्वा मिले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** मलेरिया विभाग के निरीक्षण में बुधवार को ग्रेनो वेस्ट की एक सोसाइटी के फाउंटेन में मच्छरों के लार्वा मिले। इस सोसाइटी में डेंगू के दो मरीज मिले हैं। मलेरिया विभाग की टीम ने दो अन्य स्थानों का भी निरीक्षण किया। लार्वा और मच्छरों के पनपने के स्थान मिलने पर नोटिस भी जारी किए।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट की रॉयल नेस्ट सोसाइटी में दो मरीजों में डेंगू की पुष्टि की गई। लिहाजा मलेरिया विभाग की टीम ने सोसाइटी का निरीक्षण किया। सोसाइटी के परिसर में स्थित फाउंटेन के निचले हिस्से में कई दिनों से पानी भरा था। पानी में मच्छरों के लार्वा मिले हैं।

दो लोगों में बीमारी का कारण फाउंटेन में पनपने वाले मच्छरों को माना जा रहा है। इसके अलावा नोएडा के सेक्टर-9 में टीम ने निरीक्षण किया। यहां 48 झुग्गियों का निरीक्षण किया गया। चार घरों में पानी के बर्तन में लार्वा मिले। वहीं सूरजपुर के 30 से अधिक घरों के निरीक्षण में चार में मच्छरों के लार्वा मिले।

पानी के बर्तनों के अलावा फ्रिज ट्रे में भी लार्वा मिले। तीनों स्थानों पर नोटिस जारी कर लार्वा पनपने के स्थान खत्म करने के निर्देश दिए गए हैं। दूसरी बार लार्वा मिलने की स्थिति में जुर्माना लगेगा। जिला मलेरिया अधिकारी श्रुति कीर्ति ने बताया कि तीनों स्थान पर जिम्मेदार लोगों को नोटिस जारी किया गया। सोसाइटियों और अन्य स्थानों पर निरीक्षण जारी रहेगा।

# सोसाइटी में गॉर्ड ने युवक को पीटा

**■ सिर में लगे तीन टांके, घर में पत्नी से हुआ था विवाद, एक सिक्योरिटी गार्ड गिरफ्तार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-77 अंतरिक्ष कैंबॉल सोसाइटी में सिक्योरिटी गार्ड ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट की। व्यक्ति की पीठ और हाथ-पैर में वोट के निशान है। उसके सिर में तीन टांके आए हैं। वजह सिर्फ ये थी कि परसों उसकी पत्नी से थोड़ा विवाद हो गया था और आवाज फ्लैट के बाहर जा रही थी। जिसकी शिकायत किसी अन्य ने सिक्योरिटी ऑफिस में की। वहां से सिक्योरिटी गार्ड ने व्यक्ति को फ्लैट से बाहर निकाला और मारपीट की। पीड़ित की शिकायत थाना सेक्टर-113 पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी और एक गार्ड को गिरफ्तार किया है।

सोसाइटी में हर्ष परिवार के साथ रहते हैं। हर्ष ने एक वीडियो जारी कर बताया कि परसों उसका पत्नी के साथ थोड़ा विवाद हो गया था। जिसके बाद कहासुनी होने लगी। शायद आवाज ज्यादा थी। इसलिए किसी ने सिक्योरिटी में बोल दिया। नीचे से उनके फ्लैट पर तीन-चार गार्ड आए और दरवाजा खोलने के लिए बोला। मैंने मना किया तो दरवाजा तोड़ने के लिए कहने लगे। दरवाजा खोलते ही एक सिक्योरिटी गार्ड ने मुझसे मारपीट शुरू कर दी। वो मुझे नीचे ले गए।

**लोहे की रॉड से सिर फोड़ा:** वहां गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर चार गार्डों ने मेरे साथ मारपीट की। एक गार्ड ने लोहे की रॉड से सिर पर प्रहार किया। सिर में तीन टांके भी आए हैं। पुलिस से मामले की शिकायत की गई। पुलिस ने एक्शन लिया और एक गार्ड कृष्णा पुत्र अनिल निवासी शामपुर, थाना विधूना, जनपद औरैया को गिरफ्तार किया। बाकी तीन गार्ड की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। पीड़ित का मेडिकल करवा दिया गया है।

# सड़क पर धूल उड़ने से लोग परेशान

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की राइस चौकी से जलपुरा वाली सड़क पर कई स्थानों पर गड्ढे और उड़ती धूल वाहन चालकों के लिए परेशानी खड़ी कर रही। इसको लेकर कई बार लोगों द्वारा प्राधिकरण से शिकायत भी कर चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। ग्रेनो वेस्ट में रहने वाले अभिषेक ने बताया कि राइस चौकी से जलपुरा वाले रास्ते पर वाहनों का दबाव भी अधिक रहता है, लेकिन सड़क की हालत खराब होती जा रही है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हैं और हर समय धूल उड़ती है, जिससे लोगों को वाहन चलाने में परेशानी होती है।

धूल उड़ाने के कारण ज्यादा दूरी तक लोग नहीं देख पाते हैं, जिससे हादसों का खतरा भी रहता है। सड़क पर दृश्ता कम हो जाती है। कई बार आंखों में धूल भरने के कारण वहां नियंत्रित होकर गिर जाते हैं।

# एलिवेटेड का काम पूरा, अब नीचे बनेगी सड़क

## तीन महीने में हो जाएगी पूरी, सीएम करेंगे भंगेल एलिवेटेड का उद्घाटन, हजारों को होगा फायदा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी-सूरजपुर-छलेरा (डीएससी) रोड पर बन रहे भंगेल एलिवेटेड रोड का काम पूरा हो चुका है। सितंबर में इसे आम लोगों की आवाजाही के लिए खोल दिया जाएगा। सीएम योगी आदित्यनाथ इसका उद्घाटन कर सकते हैं। अब एलिवेटेड के नीचे करीब 4.6 किमी सड़क निर्माण शुरू कर दिया गया है। ये रोड एलिवेटेड निर्माण के दौरान क्षतिग्रस्त हो गई थी। इसे तीन महीने में पूरा कर लिया जाएगा। इसका खर्च एलिवेटेड निर्माण के एग्रीमेंट में ही शामिल है।

एलिवेटेड निर्माण के दौरान नीचे की सड़क पूरी तरह से टूट गई थी। इसका असर भंगेल बाजार पर पड़ रहा था। कई बार बाजार एसोसिएशन की ओर से भी यहां प्रदर्शन और प्राधिकरण को ज्ञापन दिया गया। थोड़ा बहुत काम होता था। इसके बाद निर्माण के चलते फिर काम रोक दिया जाता। ऐसे में अब पूरी तरह से सड़क का निर्माण तीन महीने में कर लिया जाएगा।

इससे एलिवेटेड और नीचे से जाने वाले वाहन दोनों को फायदा हो जाएगा। जिन वाहनों को सलारपुर, भंगेल, अगाहपुर और अन्य गांव जाने है वो एलिवेटेड के नीचे से जा सकेंगे।

**लूप के लिए जारी होंगे टेंडर:** इस एलिवेटेड रोड के लिए सेक्टर-49-107 चौराहे पर दोनों ओर दो-दो लूप बनाया जाना प्रस्तावित है। सेक्टर-37 से आकर सेवन एक्स सेक्टरों की ओर जाने के लिए हनुमान मूर्ति के पास लूप उतरेगा। इसी तरह सेवन एक्स से फेज टू की ओर से सूरजपुर की ओर जाने वालों के लिए लूप चढ़ाया जाएगा। इसके दूसरी तरफ सेक्टर-107 की ओर चढ़ने-उतरने के लिए लूप बनाए जाएंगे। इन लूप को बनाने के लिए अलग से टेंडर जारी किया जाएगा। इसे बनाने में करीब 45 करोड़ खर्च होंगे।

**608 करोड़ रुपये किए जा रहे खर्च:** यह परियोजना पहले से ही करीब तीन साल देरी से चल रही है। निर्माण में 608 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है। यह एलिवेटेड रोड सेक्टर-41 अगाहपुर से फेज-टू के गंदे नाले के पास तक है। इसका काम जून 2020 में शुरू किया गया था। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि एलिवेटेड रोड का निर्माण पूरा हो चुका है। एलिवेटेड के प्रत्येक कर्व पर कवरिंग शीट भी लगाई जाएगी। रोड पर दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# सभी विभाग आपसी तालमेल से ठोस कार्ययोजना लागू करें:डीएम

## जनपद की छोटी व सहायक नदियों को पुनर्जीवित करने के लिए संचालित होगा विशेष अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद की छोटी एवं सहायक नदियों को पुनर्जीवित करने और उनके कायाकल्प की दिशा में बुधवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ जिसमें हिंडन की सहायक नदियों एवं जलधाराओं तथा उनसे जुड़े नालों के पुनरोद्धार के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाई गई।



कार्ययोजना के तहत पंचायती राज विभाग, जल निगम, लघु सिंचाई विभाग और वन विभाग को जनपद में छोटी एवं सहायक नदियों को पुनर्जीवित करने हेतु समन्वित रूप से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं जिसमें अतिक्रमण युक्त क्षेत्र को कब्जा मुक्त कराने, गहराई चौड़ाई बढ़ाने, पौधारोपण करने जैसे कार्य कर जल का अविरल प्रवाह सुनिश्चित किया जाएगा। जिला. धिकारी ने कहा कि सभी विभाग आपसी तालमेल से ठोस कार्ययोजना लागू करें और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। योजना के अनुसार जनपद के 29 किमी लंबे हिस्से में विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान नालों व जलधाराओं को अतिक्रमण और गंदगी से मुक्त कराया जाएगा। मिट्टी, कचरे व अपशिष्ट की सफाई कर उन्हें फिर से जल प्रवाह योग्य बनाया जाएगा। इससे न केवल जल स्रोतों की स्वच्छता बढ़ेगी बल्कि प्रादृतिक धारा को भी पुनर्जीवित किया जा सकेगा। अभियान से जनपद में जल संग्रहण क्षेत्र में वृद्धि होगी जिसमें जल संचय होने से जनपद के भूजल स्तर में भी सुधार आएगा। कृषकों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होगा और जनपद के 12 गाँवों में असारा, अशरूाबाद थल, इब्राहीमपुर माजरा, कंडेरा, गांगनौली, दादरी, बरनावा, बामनौली, मौजिजाबाद नांगल, रंछाड़, रहतना, सुजती तक निर्मल जलधारा पहुँच सकेगी। साथ ही इससे नदियों का सांस्कृतिक व पर्यावरणीय महत्व भी पुनः स्थापित होगा। इन सभी गांवों का सर्व किया जा चुका है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल के निर्देशन में जनपद के कुल 29 किमी लंबे क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया जाएगा जिसमें नालों और जलधाराओं को अतिक्रमण एवं गंदगी से मुक्त कर उनका स्वरूप पुनः संवारा जाएगा। संबंधित विभागों को बैठक में आवश्यक संसाधन आदि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व पंकज वर्मा, जिला पंचायती राज अधिकारी अरुण अत्री सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# बली अंडरपास के निकट खेत में पड़ा मिला किशोर का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के बली अंडरपास के निकट एक खेत में एक किशोर का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैली गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बुधवार को करीब आठ बजे बली अंडरपास के निकट एक खेत में एक किशोर का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैली गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इस संबंध में टटीरी पुलिस चौकी प्रभारी विपिन कुमार यादव का कहना है कि किशोर की अभी तक शिनाख्त नहीं हो गई है। किशोर की शिनाख्त के प्रयास जारी है। सुबह के समय राहगीरों ने एक किशोर का शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया, लेकिन काफी प्रयास के बाद भी मृतक के शव की पहचान नहीं हो पाई है। वही सोशल मीडिया पर फोटो डालकर शव की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। मृतक के शरीर पर चोट के निशान है। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट में साफ हो पाएगा कि उसकी मौत आखिर कैसे हुई है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और शव के शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य इकट्ठा किए है। हत्या कर शव को फेक जाने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

# बुखार के चलते बुजुर्ग व्यक्ति की मौत, दर्जनों बीमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** लहचौड़ा गांव में बुखार के चलते एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि दर्जनो लोग बुखार से पीड़ित है। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग से गांव में स्वास्थ्य शिविर लगवानें की मांग की है।

लहचौड़ा निवासी 72 वर्षीय राजेंद्र शर्मा पुत्र रामदास को पिछले एक सप्ताह से बुखार आ रहा था जिसका ईलाज निजि चिकित्सक के यहा चल रहा था तबियत खराब होने पर पहले उन्हें बागपत के आस्था हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। वहा से उसे मेरठ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गयी जिससे परिजनों में हा हा कार मच गया। मृतक के भतीजे जोनी शर्मा ने बताया कि वह एक सप्ताह से बुखार से पीड़ित थे। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में इशांत, दिशू, सौरव, छोटू, सचिन, किरण, सुनिता, प्रीति, शिवानी, लक्ष्मी, सुनिता, विशाल सहित दर्जनों लोग बुखार से पीड़ित है। गांव में एक स्वास्थ्य केंद्र है जो खंड़हर हो चुका है। लोगो को ईलाज के लिए गाजियाबाद, दिल्ली आदि स्थानों पर जाना पड़ता है जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग से गांव मे स्वास्थ्य शिविर लगवानें की मांग की है।

# किसान संगठनों ने लगाया किसानों की समस्याओं की अनदेखी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** विकास भवन सभागार में किसान दिवस के अवसर पर विभिन्न किसान संगठनों के कार्यकर्ता और पदाधिकारी एकत्र हुए। किसानों ने गन्ना भुगतान, स्मार्ट विद्युत मीटर और यमुना नदी के किनारे पत्थर की थाई समेत कई मुद्दों को लेकर अधिकारियों से वार्ता की।



किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने प्रदर्शन करते हुए किसानों की समस्याओं की अनदेखी का आरोप लगाया। मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव ने किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। भाकियू नेता हिम्मत सिंह ने कहा कि वे लंबे समय से गन्ना भुगतान और स्मार्ट विद्युत मीटर का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने आवारा गोवंश की समस्या का भी जिक्र किया। उनका कहना था कि किसान आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। अधिकारी केवल किसान दिवस मनाने तक सीमित हैं, वास्तविक समस्याओं का समाधान नहीं कर रहे। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के एनसीआर प्रभारी प्रदीप धामा ने चेतावनी दी कि जब तक किसानों की समस्याएं हल नहीं होंगी, प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने मांग की कि अधिकारी और मंत्री किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता से लें।

## एक नजर

### महिला से दुष्कर्म करने तथा परिवार को झूठे केस में फंसाने की धमकी देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** महिला से दुष्कर्म करने तथा परिवार को झूठे केस फंसाने की धमकी देने का आरोप। कोतवाली बागपत क्षेत्र के एक गांव महिला ने पुलिस से शिकायत की है। बुधवार को करीब साढे दस बजे कोतवाली बागपत क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला के मुताबिक एक युवक का उनके घर पर आना जाना था। युवक ने घर पर अकेली पाकर अपने दोस्त को गेट के बाहर खड़ा कर दिया और मेरे साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोपित युवक धमकी देकर कई बार दुष्कर्म कर चुका है। इतना ही नहीं आरोपी की धमकी से डर कर गांव छोड़कर कस्बा लोनी में रहने लगी। आरोप है कि आरोपित लगातार शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव बना रहा है। साथ ही धमकी दी कि शारीरिक संबंध नही बनाए तो तुम्हें और तुम्हें परिवार को झूठे केस फंसाने की धमकी दी। पीड़ित महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### पेड़ों पर बांधकर चलाई जा रही बिजली लाइन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** मंसुरपुर खासपुर मार्ग पर एक बिजली की लाइन शीशम के पेड़ पर बाधकर खीची गयी है जिससे किसानों को खतरा बना हुआ है। किसानों ने प्रर्दशन करते हुए बिजली का अम्बा लगवानें की मांग की है। खासपुर से मंसुरपुर के रास्ते के साहरे एक बिजली लाइन गुजर रही है। लाइन जहा खम्बों पर से जा रही है। वही एक जगह शीशम के पेड़ पर कटवें लगाकर लाइन खीची गयी है जिससे किसानों को खतरा बना हुआ है। ढिकोली निवासी जितेन्द्र के खेत मे टयूवेल के लिए तीन माह पहले 11 हजार की बिजली की लाइन खीची गयी थी। सुबह मंसुरपुर निवासी प्रदीप खासपुर जा रहा था तभी सामने से आ रही स्कूल बस को बचाने के प्रयास में वह शीशम के पेड़ से टकरा गया जिसमे बिजली का करंट लगने से वह बाल बाल बचा उसने ग्रामीणों को बताया ग्रामीणों ने प्रर्दशन करते हुए अम्बा लगवानें की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि उच्च अधिका. रियों से बार बार शिकायत के बाद भी समाधान नही हो पाया है। प्रर्दशन करने वालो में विनय, प्रदीप, जोगेन्दर, आरिफ, महबूब, शमशाद, यशबीर, सुरेश आदि लोग मौजूद रहे।

### पुलिस ने 120 मोबाइल फोन किए बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुलिस और सर्विलांस टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने चोरी और गुमशुदा मोबाइल फोन के मामलों में कार्रवाई करते हुए 120 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इन मोबाइल फोन की कीमत लगभग 25 लाख रुपए आंकी गई है। एसपी सूरज कुमार राय ने प्रेस वार्ता में बताया कि खेकड़ा, छपरौली, बड़ौत और चांदीनगर पुलिस ने यह कार्रवाई की। बरामद किए गए मोबाइल दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान सहित विभिन्न स्थानों से चोरी हुए थे। इन मोबाइल फोन में 12 अलग-अलग कंपनियों के हैंडसेट शामिल हैं। एसपी राय ने बताया कि पिछले एक साल में थाने में दर्ज हुई सभी मोबाइल चोरी की शिकायतों पर कार्रवाई की गई। बरामद मोबाइलों में एक महिला सिपाही का मोबा. इल भी शामिल है। पुलिस ने सभी बरामद मोबाइल फोन उनके वैध मालिकों को सौंप दिए हैं। मोबाइल वापस पाकर लोगों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया। कई लोगों ने बताया कि उन्होंने अपने मोबाइल वापस मिलने की उम्मीद छोड़ दी थी। पुलिस की इस कार्रवाई से लोगों को राहत मिली है।

### डीएम ने की जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बुधवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिक. ारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद की सभी मुख्य सड़कों पर ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए जाएं तथा वहां दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु त्वरित सुधारात्मक कार्यवाही हो। उन्होंने कहा कि तकनीकी कारणों, अंधे मोड़ों, अवैध कटों और खराब रोशनी वाले स्थानों पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में परिवहन विभाग ने बताया कि जिले में 64 स्कूल वाहन बिना फिटनेस तथा 141 बिना परमिट के संचालित हो रहे हैं। इस पर जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को एक सप्ताह के भीतर सभी वाहनों की फिटनेस और पंजीकरण सुनिश्चित कराने का आदेश दिया। उन्होंने शिक्षा विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए कि केवल फिटनेस प्राप्त वाहन ही वैध माने जाएंगे और बिना परमिट किसी भी स्कूल वाहन का संचालन अपराध माना जाएगा। जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि प्रत्येक विद्यालय में रोड सेफ्टी क्लब गठित किए जाएं। इन क्लबों के माध्यम से विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के प्रति चेतना जगाने का काम किया जाएगा। परिवहन विभाग ने भी बताया कि सड़क सुरक्षा समिति विद्यालय में बनाई जाए और विद्यालयों में नियमित रूप से सड़क सुरक्षा बैठकें आयोजित की जाएंगी।

# परिजनों ने एसपी से की इंस्पेक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**बागपत।** एक पुलिस इंस्पेक्टर पर हिट एंड रन का मामला सामने आया है। बागपत कोतवाली इंचार्ज दीक्षित कुमार त्यागी की क्रेटा कार ने 11 तारीख को दो बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल है।



मेरठ-बागपत मार्ग पर हुई इस घटना में हरचंदपुर निवासी आस मोहम्मद अपनी बाइक पर एक अन्य व्यक्ति को उसके घर छोड़ने जा रहे थे। टक्कर के बाद आस मोहम्मद की मौके पर ही मौत हो गई। घायल व्यक्ति ने बताया कि कार चला रहे व्यक्ति वर्दी में थे और दुर्घटना के बाद मदद करने की बजाय मौके से फरार हो गए। मृतक के परिजनों का आरोप है कि जिस क्रेटा कार से दुर्घटना हुई, वह इंस्पेक्टर दीक्षित कुमार त्यागी के नाम पर रजिस्टर्ड है। परिजनों ने टोल प्लाजा से वीडियो और फोटो के सबूत भी पुलिस को सौंपे हैं, लेकिन पुलिस इंस्पेक्टर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। परिजन एसपी कार्यालय पहुंचे और न्याय की मांग की। उन्होंने मामले को बागपत कोतवाली से दूसरी जगह स्थानांतरित करने और इंस्पेक्टर के खिलाफ नामजद कार्रवाई की मांग की है।

# मा.शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा नवनिर्वाचित प्रबन्ध समितियों का किया जा रहा उत्पीडन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के जनता वैदिक कॉलिज के अतिथि भवन में जनपद बागपत के दर्जनों अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों की प्रबन्ध समितियों के प्रबन्धक एवं प्रति. निधियों ने एक बैठक आहुत की। उक्त बैठक की अध्यक्षता जनता वैदिक इण्टर कालिज, बडौत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रबन्ध समिति वीरेन्द्र पाल सिंह लोहड्डा ने की तथा बैठक का संचालन नवनिर्वाचित प्रबन्धक दिगम्बर जैन इण्टर कालिज, बडौत प्रवीण कुमार जैन ने किया। बैठक में दिगम्बर जैन इण्टर कालिज के नवनिर्वाचित प्रबन्धक प्रवीण कुमार जैन व अतुल जैन ने अवगत कराया कि वर्तमान माध्यमिक शिक्षा विभाग के कुछ अधिकारियों द्वारा विद्यालयों में नवनिर्वाचित प्रबन्ध समितियों का उत्पीडन किया जा रहा है। उन्होनें कहा कि अब समय आ गया कि जनपद बागपत में समस्त 71 माध्यमिक विद्यालयों की प्रबन्ध समितियों को एक होकर अधिका. रियों द्वारा किये जा रहे उत्पीडन के विरूद्ध एकजुट होना पडेगा। तदोपरान्त बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जनपद - बागपत के सभी 71 माध्यमिक विद्यालयों की प्रबन्ध समिति की एक बैठक 30 अगस्त को जनता वैदिक डिग्री कालिज बडौत के सम्मेलन हॉल में आहुत की जायेगी। इस दौरान बैठक में अनिल यादव, योगेन्द्र सिंह, प्रवीण जैन, अतुल जैन, राकेश जैन, रामछैल, वीरेश तोमर, श्योदान तोमर, डा.महक सिंह आदि मौजूद रहे।

# यमुना किनारे बाढ़ नियंत्रण तैयारियों पर प्रशासन की सख्त नज़र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बुधवार को जिलाधिकारी ने खेकड़ा तहसील के अंतर्गत यमुना नदी के अलीपुर तथा काठा तटबंधों का स्थलीय निरीक्षण कर नदी के बढ़ते जलस्तर की स्थिति का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सतर्क रहते हुए तटबंधों की निरंतर निगरानी करने और आवश्यकतानुसार तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तटबंधों की मज़बूती, संभावित रिसाव के बिंदुओं तथा बाढ़ सुरक्षा से जुड़े इंतज़ामों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जलस्तर वृद्धि के अनुरूप समस्त व्यवस्थाएं सुदृढ़ की जाए। बाढ़ चौंकी लगातार क्रियाशील रहे। गौरतलब है कि अलीपुर तटबंध पर यमुना का जलस्तर 209.65 मीटर दर्ज किया गया है जिसके दृष्टिगत जिले में 12 बाढ़ चौकियाँ सक्रिय हैं, जहां कर्मचारियों को चौकसी के साथ तैनात किया गया है। प्रशासन लगातार हथिनीकुंड बैराज से छोड़े जा रहे पानी की स्थिति पर नज़र रख रहा है, जिससे यमुना के जलस्तर में और वृटि की संभावना बनी हुई है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कहा कि स्थानीय प्रशासन की प्राथमिकता आमजन की सुरक्षा है। उन्होंने तहसील प्रशासन और राजस्व टीम को समन्वय बनाकर कार्य करने और प्रभावित क्षेत्रों में निरंतर गश्त लगाने के आदेश दिए।

# अभियान के दौरान 172 वाहन चालकों के काटे चालान, 12 वाहन सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मुख्य चौराहे पर एसपी के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस ने विशेष चैकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 172 वाहन चालकों का चालान किया गया। साथ ही 12 वाहनों को कागजात न होने के कारण सीज कर दिया गया।



ट्रैफिक इंस्पेक्टर सतेन्द्र सिंह के नेतृत्व में यह अभियान संचालित किया गया। दिल्ली-बागपत मार्ग पर प्रतिबंधित वाहनों की जांच की गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। ट्रैफिक इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार ने बताया कि यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि जो लोग नियमों का उल्लंघन करेंगे, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई।

# बड़ौत शहर सहित प्रदेश के कई कस्बे और शहरों में जलभराव से व्यापारियों को हुआ भारी नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में अपने प्रतिष्ठान पर प्रेस वार्ता करते हुए राष्ट्रीय लोक. दल के वरिष्ठ नेता विश्वास चौधरी ने कहा कि बड़ौत शहर सहित प्रदेश के कई कस्बे और शहरों में जलभराव से व्यापारियों को नुकसान, हो रहा है। विश्वास चौधरी ने मुख्यमंत्री से सहायता की मांग की है। उन्होंने कहा कि लगातार दो दिन से बड़ौत शहर सहित प्रदेश के कई हिस्सो में हुई भारी वर्षा ने नगरो की सामान्य दिनचर्या को प्रभावित कर दिया। अचानक हुई तेज बरसात से कई क्षेत्रों में जलभराव हो गया, जिसके चलते कई कस्बों और शहरों के मुख्य बाज़ारों और दुकानों में पानी घुस गया। दुकानों में भरे पानी से व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा और आम नागरिकों को भी असुविधा का सामना करना पड़ा। रालोद के वरिष्ठ नेता विश्वास चौधरी ने इस परिस्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को डाक द्वारा पत्र भेजकर प्रभावित व्यापारियों के लिए मुआवज़े की मांग की है। उन्होंने कहा कि बरसात से हुए नुकसान की भरपाई में सरकार की मदद से व्यापारियों को बड़ी राहत मिल सकती है। बिवास चौधरी ने मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र की प्रति नगर विकास मंत्री लखनऊ, कमिश्नर मेरठ मंडल मेरठ और जिला अधिकारी बागपत को भी प्रेषित की है।

# सैकड़ों युवाओं ने की भाजपा की सदस्य ग्रहण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बुधवार को भाजपा कार्यालय में सैकड़ो युवक भाजपा पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने पहुंचे। भाजपा जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय, विधायक योगेश धामा, जिला पंचायत सदस्य रविन्द्र बली ने सदस्यता ग्रहण करने वाले व्यापारी गौरव जंयत के नेतृत्व में सैकड़ों अनुसूचित वर्ग के युवाओं को पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान युवा नेता गौरव जंयत ने बताया कि सभी युवा वर्ग भाजपा की विचार धारा से प्रभावित होकर सदस्यता ग्रहण कर रहे है। हम सभी निस्वार्थ भाव से पार्टी की सेवा करेंगे। पार्टी के जो आगामी अभियान होंगे उनमें भागीदारी कर सरकार की रीति नीति से लोगों को अवगत कराएंगे। साथ ही अनुसूचित वर्ग के लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोड़ेंगे।



विधायक योगेश धामा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना 2047 से पहले राष्ट्र को विकसित बनाना है, जिसमें सभी की जन भागीदारी की आवश्यकता है। भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है, जिसका सदस्य बनना भी सौभाग्य की बात है। ईमानदार लोग ही पार्टी से जुड़कर समाज का भला कर सकते हैं। उन्होंने कहा 2014 और 2017 के बाद देश और प्रदेश में बड़ा बदलाव आया है। 2017 से पहले उत्तर प्रदेश को अपराध, गुंडाराज और बीमारू प्रदेश के नाम से जाना जाता था। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार आने से पहले नौजवानों के हाथों में कट्टे, तमंचे हुआ करते थें। आज प्रदेश के युवा पुलिस में भर्ती होकर देश प्रदेश का नाम रौशन कर रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय ने कहा कि आज पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर सभी वर्गो के लोग भाजपा पार्टी से जुड़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसमें सभी वर्गो के लोगो का हित सुरक्षित है। सभी लोगों को सम्मान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबको साथ लेकर सबका विकास कर रही है, जिससे सभी लोग भाजपा की नीतियों से पूरी तरह से खुश हैं।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र सादिक से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

कुर्बान पुत्र हमीद निवासी कस्बा अग्रवालमण्डी टटीरी डाकघर खास थाना व तहसील बागपत जनपद बागपत।

न्यायालय श्रीमान तहसीलदार महोदय
बडौत (बागपत)

वि.वाद स./सा. नम्बर सन 2025
मंजीत सिंह बनाम इन्दरपाल, धारा 34 मौजा कान्हड तालबपुर, श्रीमान जी, निवेदन यह है कि उपरोक्त वाद मे मंजीत सिंह द्वारा एक पक्षीय आदेश पारित कराया है, जिसमे प्रार्थी सागर पँवार द्वारा नम्बर साबिक प्रार्थना पत्र दिया है, जिसकी विपक्षी/मजीत सिंह पुत्र हरपाल निवासी आरिफपुर खेडी तहसील बडौत जिला बागपत पर तामिल हेतू दिनांक 21.08.2025 नियत है। किन्तु मंजीत सिह जानबूझकर मान्य न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहा है, इसलिये वास्ते तामिल दैनिक समाचार पत्र गजर द्वारा प्रकाशन का आद. श पारित किया है, इसलिये विपक्षी मंजीत नियत दिनांक पर तहसीलदार न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पत्र प्रस्तुत करे अन्यथा तामील मानकर उक्त विवाद का निस्तारण कर दिया जायेगा।

तहसीलदार बडौत (बागपत)

# सर्राफ से लूट करने वाला ईरानी गैंग गिरफ्तार, 304 ग्राम आभूषण बरामद

## दो आरोपियों की नौचंदी पुलिस से हुई मुठभेड़, सरगना फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** 12 जुलाई को नौचंदी थाना क्षेत्र के सोहराब गेट के पास सर्राफा कारोबारी से लाखों की लूट करने वाले ईरानी गैंग का पदार्फाश हो गया। दो आरोपी विश्वजीत सिंह और मोहम्मद फिरोज खान मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हुए, जबकि एक साथी दुर्गेश भी गिरफ्तार हुआ है। एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि छह सदस्यों का एक गैंग है, जो ईरानी परिवार से ताल्लुक रखते हैं, जिसमें से हबीब पूरे गैंग का मास्टर माइंड है, जो अभी फरार है।

हबीब समेत गैंग के चार सदस्य अभी फरार हैं। साथ ही बताया कि दुर्गेश इस गैंग का सर्राफ साथी था, जो लूटे हुए माल को बिकवाने में मदद करता है। गैंग ने अपना अड्डा देहरादून में बनाया हुआ था। फिरोज और विश्वजीत मंगलवार रात सर्राफ दुर्गेश की मदद से



कारोबारी से लूटे गए सामान को बेचने के लिए आए थे, जिनकी मुठभेड़ नौचंदी थाना पुलिस से हो गई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 304 ग्राम पीली धातू के आभूषण, जिसमें झूमर, कानों के झुमके, गले का हार, मंगलसूत्र, चैन और अंगूठी शामिल हैं, इसके साथ ही 50 हजार रुपए नगदी, दो तमंचे, दो मोटरसाइकिल बरामद की है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई किसान दिवस बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विकास भवन सभागार में डीएम डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस बैठक आहूत की गई। किसान दिवस में किसानों को विगत माह में आई कुल 16 शिकायतों की परिपालन आख्या पढ़कर सुनाई गयीं। ग्राम आजमपुर विकासखंड रोहटा में लगी चमड़ा फैक्ट्री के गंदे पानी की निकासी के निस्तारण से संबंधित आख्या का गुणवत्तापरक समाधान न होने तथा पूर्ण संतुष्टि न प्रदान करने पर डीएम द्वारा उन्हें पुन: प्रदूषण विभाग को प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। किसानों द्वारा मुख्यत: बिजली विभाग, प्रदूषण विभाग और गन्ना विभाग से संबंधित शिकायतें की गई। कुल 110 शिकायत प्राप्त हुई जिनको डीएम ने सभी संबंधित विभागों को भेजा।

# फांसी पर लटके युवक की सिपाही ने सीपीआर देकर बचाई जान

### 112 पर तैनात है सिपाही सिद्धांत तोमर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** थाना क्षेत्र के कसेरू बक्सर में रहने वाले 19 वर्षीय विशाल पुत्र दौलतराम ने अपने ही घर पर बुधवार को पंखे से लटक कर फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जैसे ही परिजनों को इस घटना का पता चला तो उन्होंने तुरंत इस मामले की सूचना 112 पुलिस को दी। सूचना पर तुरंत डायल 112 पर तैनात सिपाही सिद्धांत तोमर मौके पर पहुंचे और उन्होंने तत्परता दिखाते हुए फौरन कमरे का दरवाजा तोड़ा और फांसी के फंदे पर लटके विशाल को नीचे उतारकर खुद सीपीआर देकर उसकी जान बचाई। सीपीआर देने के पश्चात सिपाही सिद्धांत तोमर ने परि. जनों के साथ विशाल को गंगानगर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां से विशाल को मेडिकल कॉलेज मेरठ में भेज दिया गया।

डाक्टरों के अनुसार विशाल की गर्दन पर चोट आई है। बताया जा रहा है कि विशाल एक लड़की से बातें करता था कुछ समय पूर्व विशाल का उस लड़की से झगड़ा हुआ था जिसके चलते विशाल ने इतना खौफनाक कदम उठाया गनीमत यह रही की सिद्धांत तोमर समय पर पहुंच गए। जिनके कारण विशाल की जान बच पाई। विशाल के परिजनों ने डायल 112 पर तैनात पुलिसकर्मी सिद्धांत तोमर का धन्यवाद देते हुए कहा कि आज सिपाही सिद्धांत तोमर हमारे लिए भगवान से कम नहीं है अगर थोड़ी सी ओर देर हो जाती तो विशाल की जान नहीं बच पाती सिपाही सिद्धांत ने उनके बेटे को नई जिंदगी दी है। सिपाही सिद्धांत तोमर की परिजनों के अतिरिक्त क्षेत्र वासियों ने भी सराहना की। सूचना पर गंगानगर पुलिस भी मौके पर पहुंची, थाना पुलिस ने पूरे मामले की जांच पड़ताल की।



# बहसूमा पुलिस ने फायरिंग मामले में 9 के खिलाफ किया मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** मंगलवार की शाम क्षेत्र के गांव रहावती से कौल गांव को जाने वाले रास्ते पर पुरानी रंजिश के चलते व अपना वर्चस्व दिखाने के लिए दो बदमाशों के गुटो में जमकर फायरिंग हो गई थी।

फायरिंग सूचना पर पुलिस एवं क्षेत्रधिकारी पुलिस टीम को लेकर मौके पर पहुंचे थे। और आसपास के लोगों से पूछताछ की गई थी। घटना स्थल पर एक गुट की दो बाइकों में आग लगा दी थी। पुलिस ने दोनों बाईकों को कब्जे में लेकर थाने ले आई थी। पुलिस जांच करते हुए दोनों बदमाशों के गुटो के नो बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि फायरिंग में 6 खोखे 32 बोर के तथा एक खोखा 315 बोर का तथा एक खोखा 12 बोर का बरामद किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि गोलू गैंग तथा विकल धामा गैंग के बीच अपना वर्चस्व जमाने के लिए रंजिशे चली आ रही है। थाना प्रभारी भूपेंद्र कुमार ने बताया कि बीते मंगलवार की शाम करीब चार-पांच बजे रहावती से कौल जाने वाले रास्ते पर गोलू गैंग के सदस्य थाना फलावदा क्षेत्र के गांव देदूपुर में चाव लेने के लिए गए थे। जहां रोज 25 सौ से 3 हजार श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। वहां पर भंडारा भी चल रहा है। गोलू गैंग के सदस्य भी वहां पर चाव लेने के लिए गए थे। रहावती कौल मार्ग पर गोलू गैंग एवं विकल गैग के बीच जमकर फायरिंग हुई थी। सूचना पर ग्रामीण घटना स्थल की तरफ दौड़ लिए। मौके पर पहुंची पुलिस ने फूंकी गई बाइको को कब्जे में लेकर नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# पुलिस ने जानलेवा हमले के आरोपी को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** कस्बा सिवाल खास में करीब एक महीने पहले एक व्यक्ति के घर में घुसकर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया था जिसमें पुलिस ने हमलावर को गिरफ्तार कर लिया और घटना ने सिवाल खास में मोहल्ले में बवाल हो गया था। जिसमें पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। वहीं पुलिस ने एक आरोपी को लोहे की पाइप बरामद कर जेल भेज दिया। सिवाल खास में रिजवान पुत्र कोशिश में अपने साथियों के साथ मिलकर फैजान के घर में लाठी डंडों से उसके घर पर हमला बोल दिया था हमलावरों ने घर में तोड़फोड़ की और उनकी बाइक व गाड़ी क्षतिग्रस्त कर दी थी। पुलिस ने बुधवार को आरोपी पर कार्रवाई की।

# आधा दर्जन बदमाशों ने किसान पर हमला कर किया घायल

## पीड़ित ने थाने में दी तहरीर, खेतों में काम करने जा रहा था किसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर के मोहल्ला काकडोवाला निवासी किसान अपने खेतों पर काम करने के लिए गया था काम करके वापस घर लौट रहा था रास्ते में कार में सवार आधा दर्जन बदमाशों ने उसे रोक लिया और उसको लाठी डंडों एवं धारदार नोकिलो हथियारों से हमला बोल दिया। किसान को अधमरा कर छोड़कर फरार हो गए। जब किसान घर नहीं पहुंचा तो परिजन खेत की ओर दौड़ लिए तो किसान को लहु-लुहान अवस्था में देख होश उड़ गए। पीड़ित किसान को एक कार में बैठाकर थाने ले आए। पुलिस ने



घायल की डाक्टरी के लिए हस्तिनापुर भेज दिया है हालांकि इस मामले में पीड़ित ने तहरीर दी है। रिपोर्ट दर्ज नहीं हो पाई थी। बुधवार की दोपहर करीब 12 बजे नगर के मोहल्ला काकडोवाला निवासी जितेंद्र गिरी बाबूगिरी अपने खेत पर काम करने के लिए गया था। जब वह वापस लौट रहा था तो आधा दर्जन बदमाशों ने उसको घेर लिया और लाठी डंडों एवं धारदार नोकिले हथियारों से हमला बोलकर घायल कर दिया है। जब किसान घर नही पहुंचा तो परिजन जंगल की और दौड़ लिए। किसान रास्ते में लहुलुहान अवस्था में पड़ा मिला। पीड़ित किसान घायल अवस्था में थाना ले आये। पुलिस ने घायल की डाक्टरी परिक्षण कराने के लिए हस्तिनापुर भेज दिया है। थाना प्रभारी भुपेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित ने अज्ञात बदमाशो के खिलाफ तहरीर दी है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# भाकियू जिलाध्यक्ष ने कमिश्नर से की मुलाकात, 15 दिन का मिला आश्वासन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी के नेतृत्व में एक दर्जन पदाधिकारी मंडलायुक्त हृस्केश भास्कर यशोद से मिले और 12 अगस्त में कमिश्नरी घेराव आंदोलन स्थगित करते समय किए गए वायदे और समस्याओं के निस्तारण में लिए गए समय अनुसार निस्तारित करने और अपने स्तर समस्याओं के समाधान एवं समस्या का सर्वेक्षण करने का निवेदन किया जिस पर मंडलायुक्त ने सभी समस्याओं पर स्वयं सर्वेक्षण करते हुए सभी का तय समय पर निस्तारण करने का आश्वाशन दिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने पूर्व की 4- 5 समस्याओं के समाधान गलत बताते हुए शासन संबंधी सभी समस्याओं पर मंडलायुक्त द्वारा पैरवी करने की अपील की। इस दौरान शताब्दी नगर , गंगानगर, वेदव्यासपुरी के जमीन अधिग्रहण संबंधी विवादों का भी निपटारा करने की अपील की।

# राजीव गांधी की 81वीं जयंती मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कांग्रेस कमेटी मेरठ द्वारा राजीव गांधी की 81वीं जयंती पर सद्भावना दिवस के रूप में मनाते हुये महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा के नेतृत्व में उनके बताये रास्ते पर चलने कि शपथ ली। बुढ़ाना गेट पर सभी कांग्रेस जनों ने राजीव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर देश के भविष्य के लिए समर्पण भाव से कार्य करने की शपथ ली। इसके बाद सभी कांग्रेस कार्यकर्ता इकट्ठा होकर लाल कुर्ती स्थित प्रेम निवास पहुंचे वहां पर फल वितरित किए उसके बाद सभी कांग्रेस कार्यकर्ता जिला अस्पताल प्यारेलाल पर पहुंचे वहां सर्जिकल वार्ड में फल वितरित किए, अस्पताल सुपरिंटेंडेंट सुदेश कुमारी कांग्रेस कार्यकर्ताओ के साथ उपस्थित रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा ने कहा कि राजीव गांधी जी देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री थे जिन्होंने भारत को 21वीं सदी के लिए तैयार किया। उन्होंने देश में सूचना प्रौद्योगिकी, कंप्यूटर और दूरसंचार क्रांति की नींव रखी, जिससे आज भारत डिजिटल युग में अग्रणी है।



### जिला कांग्रेस कमेटी ने किया रक्तदान

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गौरव भाटी के नेतृम्व में कार्यकर्ताओं ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें कार्यकर्ताओं ने बढ़चढ़ भाग लेते हुए रक्तदान किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारत के युवा को आगे बढ़ाने का काम राजीव गांधी ने किया है। अपने कार्यकाल में उन्होंने कंप्यूटर की कीमते घटाकर युवाओं को तोहफा देने का काम किया।

# गंगनहर में डूबा किशोर, परिजनों में मचा कोहराम

### गोताखोरों ने किया तलाश, नहीं लगा सुराग, लोगों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** गंगनहर में नहाते समय मुल्हेड़ा निवासी एक किशोर डूब गया। सूचना पर पहुंची पुलिस व परिजनों ने गोताखोरों की मदद से किशोर को काफी तलाश कराया, लेकिन उसका सुराग नहीं लग पाया। उधर, घटना के बाद परिजनों में को. हराम मचा गया। मिली जानकारी के अनुसार मुल्हेड़ा गांव निवासी 14 वर्षीय नकुल पुत्र विक्रम बुधवार को अपने दोस्तों के साथ सरधना गंग. नहर पर घूमने आया था। गर्मी अधिक थी, जिसके चलते वो गंग. नहर में नहाने लगा। इस दौरान वह पानी के तेज बहाव के कारण संत. ुलन नहीं बना पाया और गंगनहर में डूब गया। यह नजारा देख उसके साथ रहे दोस्तों ने शोर मचा दिया। जिससे लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों ने किशोर को बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक वह डूब चुका था। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस व परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से किशोर को काफी तलाश कराया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। उधर, हादसे के बाद से किशोर के परिजनों में कोहराम मचा हुआ था। खबर लिखे जाने तक किशोर का कोई सुराग नहीं लग पाया था। उसकी तलाश जारी थी।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में गरीबों से खिलवाड़ कर रहा है डूडा और नगर निगम: शिवसेना

### 2016 के तैयार मकान हो रहे हैं जर्जर, प्रशासन मौन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शिवसेना महानगर प्रमुख मोहित त्यागी के नेतृत्व में छीपी टैंक स्थित शिवसेना से जुलूस निकाल कर प्रधानमंत्री आवास योजना में डूडा व नगर निगम द्वारा किए गये गरीबों से खिलवाड़ के विरोध में कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए डीएम को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव धर्मेन्द्र तोमर ने कहा कि सन् 2016 में प्रधानमंत्री आवास योजना में डूडा व नगर निगम द्वारा तैयार किए गये गरीबो के आवास आज तक भी गरीबो को उपलब्ध नही कराए गये जबकि वे सभी मकान अब




जर्जर हालत में है और डूडा व नगर निगम अधिकारी गरीबो से हुऐ इस खिलवाड़ पर मौन है। शिव सेना ने मांग की है कि मेरठ को शीघ्र ही झुग्गी-झोपड़ी मुक्त करते हुऐ सभी झुग्गी-झोपड़ियो वालो को पक्के आवास उपलब्ध कराएं जाएं। इस दौरान प्रदर्शन करने वालों में अवनीश आर्य, यासीन खान, मुजाहिद, रजत सिंह, मोहन देव, अमित भारती, दीपक कुमार, विशाल वैशोनी, कलाकार मुकेश शर्मा, कमल प्रजा. पति, सिद्धार्थ बोस, हरीश कुमार सोनू रवि, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

# 26 को आयुक्त सभागार में होगी मंडलीय उद्योग बंधु समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अपर आयुक्त उद्योग मेरठ मंडल मेरठ ने बताया कि 26 अगस्त 2025 को मंडलीय उद्योग बंधु समिति की बैठक आयुक्त सभागार में 4 बजे आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी। जिसमें गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि, उद्यमियो औद्योगिक संगठनो से संबंधित समस्याओ पर विचार एवं अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की जायेगी। बैठक में अधिकारी उद्यमियों की समस्याओं को सुनेंगे और उनका मौके पर निस्तारण करने का प्रयास करेंगे। इसके अलावा कुछ समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को सौंपा जाएगा।

# रालोद के जिला उपाध्यक्ष बने अभय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय लोकदल पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत व प्रदेश अध्यक्ष राम आशीष राय के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष मतलूब गौड़ ने भोला रोड स्थित पठानपुरा निवासी अभय सिह को राष्ट्रीय लोकदल जिला मेरठ की कमेटी में जिला उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। बता दें कि अभय सिह 31 जनवरी 2025 को जिला पंचायत मेरठ में अवर अभियन्ता के पद से सेवानिवृत्त हुए है। और किसानों के हमदर्द भी जाने जाते हैं।

अभय सिह ने कहा कि स्व. चौधरी चरण सिंह की विचार धारा व स्व. चौधरी अजीत सिंह द्वारा किये गये जनहित कार्यों का जनता में प्रचार प्रसार करके राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के हाथों को मजबूत करने का जो कार्य पार्टी ने उन्हें सौंपा है। वह उस पर पूरी तरह अमल करेंगे और



पार्टी की विचारधाराओं को जनता तक पहुंचने का काम करेंगे। इस दौरान उनके गांव के लोगों और पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल पहनाकर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# ब्रह्माकुमारीज सेंटर मेरठ में होगा रक्तदान

## यह तेरा लहू एक अमृत है जो बचाये अनेकों जान, चलो करें यह महापुण्य करें रक्तदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** ब्रह्माकुमारीज संस्थान द्वारा विश्व बंधुत्व दिवस के पावन अवसर पर राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की पुण्य स्मृति में आगामी 24 अगस्त दिन रविवार को प्रभु मिलन बाबा सेवा केंद्र मोहकमपुर पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन होने जा रहा है। सेवा केंद्र से जुड़ी दीदी ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में सरकारी अस्पताल प्यारे लाल मेरठ की अधिकृत टीम सीधे आकर रक्त एकत्र करेगी।

यह रक्त न तो संस्था अपने पास रखेगी, न ही किसी प्राइवेट लैब को देगी, बल्कि इस रक्तदान शिविर को सीधे जनकल्याण अर्थ जरूरतमंदों की मदद के लिए लगाया जाएगा। रक्तदान शिविर सुबह 9 से 5 बजे तक रहेगा। ब्रह्मकुमारी सुनीता ने बताया कि प्रत्येक रक्तदाता को सम्मान-पत्र और स्मृति उपहार देकर आदरपूर्वक सम्मानित किया जाएगा। ब्रह्माकुमारी



विमला ने बताया कि आपका एक छोटा-सा योगदान किसी की पूरी जिंदगी बचा सकता है। क्योंकि हर रोज हजारों व्यक्ति केवल इस कारण जान गंवा देते हैं क्योंकि उन्हें समय पर रक्त नहीं मिलता है, इसलिए समाजसेवा के इस महाअभियान का हिस्सा बनकर रक्तदान करें और किसी जरूरतमंद को जीवनदान दें। ब्रह्माकुमारी मेरठ सेंटर ने रक्तदान के लिए अपील करते हुए कहा कि यह तेरा लहू एक अमृत है जो बचाये अनेकों जान चलो करें यह महापुण्य हम करके रक्त का दान आप सभी जो स्वेच्छा से जनकल्याण अर्थ रक्तदान करना चाहते हैं उनको रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। किसी जरूरतमंद के लिए आप अपने किसी भी सगे, संबंधी, मित्र संबंधी व परिवार के सदस्यों आदि को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित करके इस सेवा में शामिल कर अपना भाग्य बना सकते हैं। रक्त इच्छुक रक्तदाता https://bksocial-wing-org लिक में जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। ब्रह्माकुमारी सेंटर से जुड़ी दीदी ने बताया कि इच्छुक दानदाता सुबह 9 से 11, 11 से 1, 1 से 3, 3 से 5 से एक में से किसी भी एक स्टॉल पर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

# भाकियू अंबावत की महापंचायत कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं की पुलिस से नोकझोंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पंचायत में कमिश्नरी चौराहे पर जिद पर अड़े भाकियू प्रदेश सचिव व प्रवक्ता मोनू पंवार घोरिया की एडीएम व पुलिस से नोकझोंक हो गई। किसानों का कहना था कि वह डीएम से बात किये बिना धरना स्थल नहीं छोड़ेंगे। मोनू पवार ने कहा कि प्रशासन तानाशाही दिखा रहा है भाजपा सरकार किसानों से डरती है इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष भी पहुंच गये उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं का निस्तारण नहीं हो रहा है। उन्होंने किसानों की 12 सूत्रीय मांगों का हवाला देते हुए कहा कि एमएसपी पर पूरी फसल खरीद की गारंटी का कानून बने। देश के सम्पूर्ण किसानों की कर्जा मुक्ति एवं किसान आयोग का गठन हो। वृद्धा पेंशन पूरे



देश में एक समान 5 हजार रूपये लागू की जाये। गन्ना किसानों का बकाया भुगतान गन्ना एक्ट के अनुसार जल्द से जल्द 14 दिन में ब्याज सहित किया जाये एवं गन्ना 500 रूपये प्रति क्विंटल भुगतान किया जाये। संपूर्ण देश में स्वास्थ्य एवं शिक्षा सुविधा सभी प्राइवेट एवं सरकारी संस्थान में मुफ्त मिले। लोहिया नगर के कुड़े ढेर हटाये जाये। किसानों के घर स्मार्ट मीटर न लगाया जाए। इस दौरान रमन पंवार, अनिल, रविंद्र प्रधान, योगेश, मनोज प्रधान, अमित, जिशान सिद्दीकी, इकराम बालियान, गीता, दीपक, विवेक, शादाब, हरिओम, सुधीर आदि किसान मौजूद रहे।

# किठौर पुलिस बनी भरोसे की मिसाल, सोने की चेन लौटाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ/किठौर।** किठौर प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार पांडे और शाहज. हांपुर पुलिस चौकी इंचार्ज देवेंद्र गौतम और उनकी टीम ने ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा का बेहतरीन उदाहरण पेश किया है। मामला उस समय सामने आया जब शाहजहांपुर निवासी नंदू पुत्र राजू का किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। झगड़े में दो पक्ष आपस में भिड़ गए, इसी दौरान राजू की गले की सोने की चेन टूटकर मौके पर गिर गई। चौकी इंचार्ज की टीम ने तत्काल सतर्कता दिखाते हुए घटनास्थल की जांच की और गिरी हुई सोने की चेन बरामद कर ली। बाद में पुलिस ने पूरी ईमानदारी के साथ चेन उसके असली हकदार नंदू को वापस सौंप दी। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्यवाही की सराहना की और कहा कि पुलिस ने यह साबित कर दिया है कि वह केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक ही सीमित नहीं, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा और उनकी संपत्ति की हिफाजत के लिए भी हमेशा तत्पर रहती है।



# ऊर्जा राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर ने की केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के ऊर्जा राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर ने भारत के गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात कर उन्हें मजबूती के साथ देश की बागडोर संभालने के लिए मुबा. रकबाद दी। इस दौरान सोमेंद्र तोमर ने उत्तर प्रदेश के साथ-साथ मेरठ के आसपास में ऊर्जा विभाग से जुड़ी कई विकास कार्य महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में अमित शाह से वार्ता की और क्षेत्र में कई नए विकास केंद्र सरकार से करने के लिए आग्रह किया। इस दौरान सोमेंद्र तोमर ने देश के गृहमंत्री अमित शाह से आगामी चुनाव को लेकर भी चर्चा की सोमेंद्र तोमर ने बताया कि उनकी यह मुलाक. ात सकारात्मक रही है। उन्होंने देश के गृहमंत्री से कई मुद्दों पर वार्ता की है देश के गृहमंत्री अमित शाह देश में विकास की नई गाथा लिख रहे हैं वह नई-नई योजना लाकर ऐतिहासिक कदम उठा चुके हैं सोमेंद्र तोमर ने कहा कि भाजपा के बड़े नेतृत्व ने जनता का दिल जीत लिया है और भाजपा अभी आने वाले लगभग 30 वर्षों तक सत्ता में बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी ने कई कीर्तिमान स्थापित किए है।



# रैंकिंग से रोहित-कोहली के नाम गायब

## वनडे बैटर्स रैंकिंग

### पिछले हफ्ते टॉप-5 में शामिल थे दोनों भारतीय बल्लेबाज, शुभमन गिल टॉप पर कायम



**मुंबई, वार्ता।** एशिया कप के लिए उपकप्तान नियुक्त किए जाने से यह तो तय हो गया है कि इस बल्लेबाज ने ऊंची छलांग लगाई है।

एशिया कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा के समय चयनकर्ता प्रमुख अजीत अगरकर से पूछा गया कि क्या शुभमन गिल की सभी प्रारूपों के कप्तान के रूप में ताजपोशी शुरू हो चुकी है, प्रेस कॉन्फ्रेंस में अगरकर के साथ सूर्यकुमार यादव की मौजूदगी में यह सवाल थोड़ा अजीब लग रहा था, लेकिन फिर यही हकीकत लगती है, या यूं कहें कि भारतीय क्रिकेट का भविष्य। भारतीय क्रिकेट में गिल युग की अच्छी और सही शुरुआत हो गई है, भले ही वह वर्तमान में केवल ट्वेंटी-20 प्रारूप में ही उप-कप्तान हैं। एशिया कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा के बाद, चयनकर्ताओं के अध्यक्ष ने इस युवा खिलाड़ी की जमकर सराहना करते हुए कहा कि हमें उनमें नेतृत्व के गुण नजर आते हैं, और इंग्लैंड में उनका प्रदर्शन वैसा ही रहा जैसी हमें उम्मीद थी। उन्होंने हमारी सभी उम्मीदों को पार कर दिया। एक कप्तान के तौर पर जब आप पर इतना दबाव होता है, तब उन्होंने अपने बल्ले से जिस तरह का प्रदर्शन किया, वह एक बेहतरीन संकेत है। गिल ने आखिरी बार एक साल से भी ज्यादा समय पहले (जुलाई 2024 में श्रीलंका में) टी-20 मैच खेला था, और मंगलवार (19 अगस्त) को चयन बैठक से कुछ घंटे पहले तक ऐसा लग रहा था कि वह एशिया कप में नहीं खेलेंगे। फिर भी, वह टीम के उप-कप्तान हैं, सूर्यकुमार के बाद टीम के दूसरे सबसे महत्वपूर्ण सदस्य हैं, और टीम प्रबंधन का हिस्सा हैं जो अहम फैसले लेगा। अब यह तय लग रहा है कि गिल शीर्ष क्रम पर-पहले, दूसरे या तीसरे नंबर पर-बल्लेबाजी करेंगे, जिससे संजू सैमसन (अभिषेक शर्मा के साथ मौजूदा टी-20 अंतर्राष्ट्रीय सलामी बल्लेबाज) और तिलक वर्मा (तीसरे नंबर पर बल्लेबाज) की जगह खतरे में पड़ जाएगी। अगरकर ने संकेत तो दिए, लेकिन यह पुष्टि नहीं की कि टेस्ट कप्तान, जो आईपीएल में अपनी फ्रेंचाइजी के लिए ओपनिंग करते हैं, एशिया कप में भी ऐसा ही करेंगे या नहीं। चयन समिति के अध्यक्ष ने कहा कि संजू इसलिए खेल रहे थे क्योंकि शुभमन और यशस्वी उपलब्ध नहीं थे। उन्होंने आगे कहा कि वह (गिल) पिछली बार टी-20 क्रिकेट खेलते समय उप-कप्तान थे। अब जब वह उपलब्ध हैं, तो बल्लेबाजी क्रम चुनना उनका सिरदर्द है। 15 खिलाड़ियों को चुनना हमारा सिरदर्द है। हमारे पास काफी गहराई है। अगरकर ने आगे स्पष्ट किया कि अभिषेक शर्मा शीर्ष क्रम में अछूते हैं। अभिषेक के प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें बाहर रखना मुश्किल है। आईपीएल में सलामी बल्लेबाज के तौर पर 650 रन बनाने वाले गिल के शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करने की पूरी संभावना है। सूर्यकुमार ने बल्लेबाजी क्रम का खुलासा नहीं किया।

# केशव महाराज वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में फिर बने नंबर-1

- **महाराज केर्न्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे मैच में पहली बार पांच विकेट लेने के बाद रैंकिंग में टॉप पर पहुंचे**



**दुबई, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज ने एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में फिर से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर जारी ताजा रैंकिंग के अनुसार लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे केशव महाराज पुरुष एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में एक बार फिर से नंबर एक गें. दबाज बन गए है। महाराज मंगलवार को केर्न्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय मैच में पहली बार पांच विकेट लेने के बाद एक बार फिर से शीर्ष रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। बाए हाथ के स्पिन गेंदबाज महाराज ने दो स्थान की छलांग लगाकर श्रीलंकाई स्पिनर महेश दीक्षाना (दूसरे) और भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव (तीसरे) को पछाड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। महाराज ने पहली बार नवंबर 2023 में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के हालिया संस्करण के दौरान भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को पछाड़ते हुए नंबर वन एकदिवसीय गेंदबाज रैंकिंग हासिल की थी। तब से वह स्पिनर रैंकिंग में शीर्ष पांच स्थानों में अपनी जगह बनाए हुए है। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स ने पाकिस्तान के खिलाफ हाल ही में सीरीज के दौरान 10 विकेट लेकर 15 पायदान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर जगह बनाई है, जबकि पाकिस्तान के अबरार अहमद तीन मैचों की सीरीज के दो मेचों में तीन विकेट लेकर 15 पायदान ऊपर चढ़कर 39वें स्थान पर है। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी एडन मारक्रम (चार स्थान ऊपर 21) और टेम्बा बावुमा (पांच स्थान ऊपर 23) दोनों ने ऑस्ट्रेलिया के साथ चल रही श्रृंखला के शुरुआती मैच में अर्द्धशतक लगाने के बाद एकदिवसीय बल्लेबाजों की नवीनतम रैंकिंग में बढ़त हासिल की है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### जैनिक सिनर ने यूएस ओपन मिश्रित युगल से नाम वापस लिया

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** इटली के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर बीमारी का हवाला देते हुए सिनसिनाटी ओपन के फाइनल मैच से रिटायर होने के बाद यूएस ओपन मिश्रित युगल से अपना नाम वापस ले लिया है। यूएस ओपन 2025 ने मंगलवार को पुष्टि की कि जैनिक सिनर ने कैटरीना सिनियाकोवा के साथ अपने निर्धारित मिश्रित युगल के पहले दौर से नाम वापस ले लिया है। सिनर और सिनियाकोवा की जोड़ी को लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में बेलिंडा बेनसिक व ज्वेरेव की मिश्रित युगल जोड़ी से मुकाबला करना था लेकिन सिनर के इस टूर्नामेंट से हटने के बाद अब उनकी जगह वैकल्पिक टीम में डेनियल कॉलिन्स और क्रिश्चियन हैरिसन को जगह दी गई है।

### टाटा मुंबई मैराथन 2026 के लिए पंजीकरण अब शुरू

**मुंबई, वार्ता।** अपने 20वें संस्करण की ऐतिहासिक सफलता के बाद, एशिया की सबसे प्रतिष्ठित टाटा मुंबई मैराथन, देश को एकजुट करने वाली अजेय 'मुंबई स्पिरिट' का जश्न मनाने के लिए नए जोश के साथ लौट रही है।

प्रवर्तक प्रोकैम इंटरनेशनल ने घोषणा की है कि 21वें संस्करण के लिए पंजीकरण आज, बुधवार, 20 अगस्त 2025 को शुरू हो गए हैं। 389,524 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाली विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रेस, रविवार, 18 जनवरी, 2026 को छत्रपति शिवाजी टर्मिनस से शुरू होगी। टाटा मुंबई मैराथन सिर्फ एक दौड़ से कहीं ज्यादा, भारत का सबसे बड़ा सहभागी खेल मंच है,जहां हर क्षेत्र के लोग अपनी सीमाओं को पार करने, नई शुरुआत करने और एकजुट होकर दौड़ने के लिए एक साथ आते हैं।

# हीरो एशिया कप के लिए 18 सदस्यीय टीम घोषित

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने बुधवार को आगामी हीरो पुरुष एशिया कप के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में 18 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा की। यह टूर्नामेंट 29 अगस्त से सात सितंबर तक बिहार के हाल ही में विकसित राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेला जायेगा। एफआईएच हॉकी विश्वकप बेल्जियम-नीदरलैंड 2026 के लिए क्वालीफायर टूर्नामेंट में भारत को जापान, चीन और कज़ाकिस्तान के साथ पूल ए में रखा गया है।

भारत अपने अभियान की शुरुआत 29 अगस्त को चीन के खिलाफ करेगा, उसके बाद 31 अगस्त को जापान और एक सितंबर को कजाकिस्तान से भिड़ेगा। इस टूर्नामेंट के लिए अनुभवी ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह भारतीय टीम की कप्तान करेंगे। गोलकीपिंग की जिम्मेदारी भरोसेमंद कृष्ण बी पाठक और सूरज करकेरा संभालेंगे।

डिफेंस में कप्तान हरमनप्रीत सिंह और अमित रो. हिदास के साथ जरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय और जुगराज सिंह भी शामिल होंगे, जो रक्षात्मक पंक्ति को मजबूती प्रदान करेंगे। मिडफील्ड में मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, राजिंदर सिंह, राज कुमार पाल और हार्दिक सिंह शामिल हैं। आक्रमण की अगुवाई मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा और दिलप्रीत सिंह करेंगे, जो विपक्षी डिफेंस को परेशान करने के लिए भरपूर क्षमता प्रदान करेंगे।

# सौरभ-सुरुचि ने मिश्रित टीम में जीता ब्रॉन्ज

## एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप

- **भारत के सौरभ और सुरुचि की जोड़ी ने चीनी ताइपे की टीम को 17-9 से हरा कर यह उपलब्धि हासिल की**

**श्यामकेंट, वार्ता।** कजाकिस्तान के श्यामकेंट शहर में चल रहे एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में भारत के सौरभ चौधरी और सुरुचि इंदर सिंह की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता। इस जोड़ी ने चीनी ताइपे की टीम को 17-9 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। इससे पहले मंगलवार को भारत की स्टार निशानेबाज और दो बार की ओलिंपिक मेडलिस्ट मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में ब्रॉन्ज मेडल जीता था।



क्वालिफिकेशन राउंड में पांचवें स्थान पर रहे सौरभ और सुरुचि ने क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 578 अंक हासिल किए और पां. चवें स्थान पर रहकर मेडल राउंड के लिए क्वालीफाई किया। सुरुचि ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली सीरीज में परफेक्ट 100 अंक स्कोर किए। हालांकि, दूसरी सीरीज में उनका स्कोर 94 रहा, लेकिन तीसरी सीरीज में उन्होंने 98 अंक बनाकर वापसी की। दूसरी ओर, सौरभ ने तीनों सीरीज में क्रमशः 95, 96 और 95 अंक बनाए। दोनों ने मिलकर क्वालिफिकेशन राउंड में 578 अंकों के साथ आठ टीमों के मेडल राउंड में जगह बनाई। मनु ने सुरुचि सिंह और पलक गुलिया के साथ मिलकर टीम इवेंट में भी भारत को ब्रॉन्ज दिलाया। 17 साल की सुरुचि इस सीजन में शानदार फार्म में हैं।

उन्होंने इस साल चार वर्ल्ड कप मेडल जीते हैं और इस चैंपियनशिप में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। चीनी ताइपे की जोड़ी को हराया मेडल राउंड में सौरभ और सुरुचि ने चीनी ताइपे की लियू हेंग-यू और सिंएह सियांग-चेन की जोड़ी को 17-9 से हराकर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। इस जीत के साथ भारत ने एशियाई निशानेबा. जी चैंपियनशिप में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की।

# इंग्लैंड श्रीलंका के साथ सीमित ओवर मुकाबले में भिड़ेगा

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड की पुरुष क्रिकेट टीम 2026 की शुरुआत में टी-20 विश्व कप से पहले सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी।

इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने श्रीलंका के साथ तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों वाले दौरे के कार्यक्रम की घोषणा कर दी हैं। श्रीलंका के दौरे पर इंग्लैंड 22,24 और 27 जनवरी को तीन एकदिवसीय मैच खेलगा। इसके बाद इसके बाद 30 जनवरी, एक फरवरी और तीन फरवरी को टी-20 मैच खेले जाएंगे। मैचों के स्थल अभी तय नहीं हुए हैं। यह टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला भारत और श्रीलंका की मेजबानी में होने वाले विश्वकप की तैयारी का हिस्सा होगी।

# एडम जम्पा को आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए फटकार

- **एडम जम्पा को खिलाड़ियों और सहयोग स्टाफ के लिए आचार संहिता का उल्लंघन करते पाया गया**



**दुबई, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एडम जम्पा को मंगलवार को केर्न्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए फटकार लगाई गई है। जम्पा को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-3 का उल्लंघन करते पाया गया, जो 'अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान सुनाई देने वाली अश्लीलता के प्रयोग' से संबंधित है। इसके अलावा, जम्पा के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है, जो 24 महीने की अवधि में उनका पहला अपराध था। यह घटना दक्षिण अफ्रीका की पारी के 37वें ओवर में हुई, जब जम्पा ने अपनी गेंद पर मिसफील्ड और ओवरथ्रो के बाद अनुचित भाषा का प्रयोग किया, जिसे स्टंप के माइक्रोफोन पर रिकॉर्ड किया गया और प्रसारित किया गया। जम्पा ने अपराध स्वीकार कर लिया और एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी के एंडी पाइक्रॉफ्ट द्वारा प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं पड़ी। मैदानी अंपायर क्रिस गैफनी और सैम नोगाज्स्की, तीसरे अंपायर रिचर्ड इललगवर्थ और चौथे अंपायर डोनोवन कोच ने आरोप लगाए। स्तर 1 के उल्लंघन के लिए न्यूनतम दंड आधिकारिक फटकार, अधिकतम दंड खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत और एक या दो डिमेरिट अंक हो सकते हैं।

## खेलो इंडिया जल क्रीड़ा महोत्सव

# शीर्ष राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय एथलीट करेंगे प्रतिस्पर्धा

- **देश के सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय एथलीट डल झील पर आयोजित होने वाले पहले खेलो इंडिया जल क्रीड़ा महोत्सव में दांव पर लगे 24 स्वर्ण पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे**

**श्रीनगर, वार्ता।** देश के सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय एथलीट यहां प्रतिष्ठित डल झील पर आयोजित होने वाले पहले खेलो इंडिया जल क्रीड़ा महोत्सव में दांव पर लगे 24 स्वर्ण पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

तीन दिवसीय इस आयोजन में 400 से अधिक एथलीट नौकायन, कैनोइंग और कयाकिंग जैसे पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। खेलो इंडिया जल क्रीड़ा महोत्सव 2025 पहली समेकित ओपन-एज श्रेणी चैंपियनशिप होगी, जिसमें सभी 14 कयाकिंग और कैनोइंग स्पर्धाएँ और 10 नौकायन स्पर्धाएं ओलंपिक स्पर्धाएं होंगी। जल खेलों के रोमांच को और बढ़ाने के लिए, तीन प्रदर्शनी स्पर्धाएं होंगी - वाटर स्कीइंग, शिखर बोट स्प्रिंग और ड्रैगन बोट रेस। केआईडब्ल्यूएसएफ में 36 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश हिस्सा लेंगे। इनमें उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, ओडिशा और केरल के एथलीटों पर सबकी निगाहें होंगी। प्रतियोगिता प्रबंधक, पूर्व विश्व कप विजेता कैनोइस्ट और ओलंपिक जज, बिलकिस मीर ने कहा कि चूँकि सर्विसेज इन खेलों में एक टीम के रूप में हिस्सा नहीं लेगी, इसलिए यह देखना अच्छा होगा कि राज्य कैसे प्रतिस्पर्धा करते हैं और कैसा प्रदर्शन करते हैं।

कोर्स को सभी अंतर्राष्ट्रीय मानकों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है और हम पूरी तरह तैयार हैं। खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल, खेलो इंडिया कैलेंडर में एक नया आयोजन है। 2025 में, दो नए कार्यक्रम जोड़े गए हैं। खेलो इंडिया बीच गेम्स मई में दीव में हुए थे। खेलो भारत नीति के अनुसार, वाटर गेम्स और बीच गेम्स दोनों का उद्देश्य खेलों को बढ़ावा देना और पर्यटन को आकर्षित करना है। मध्य प्रदेश की वाटर स्पोर्ट्स एथलीट सुहानी मीना, जो नौकायन में भाग लेंगी, ने कहा कि वह कश्मीर आकर बहुत खुश हैं।

उन्होंने कहा कि यह जल-क्रीड़ा एथलीटों के लिए एक शानदार अवसर है क्योंकि हमें राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में भाग लेने के लिए साल भर में बहुत कम अवसर मिलते हैं। अब खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल 2025 हमें उत्कृष्टता हासिल करने का मौका देगा। कयाकिंग और कैनोइंग के लिए, पिछली राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं नवंबर में टिहरी (उत्तराखंड) में आयोजित की गई थीं, जिन्हें क्वालीफायर के रूप में वर्गीकृत किया गया था। एकल और युगल में शीर्ष 15 और शीर्ष आठ चार खिलाड़ी केआईडब्ल्यूएसएफ में भाग लेंगे। नौकायन में, इस वर्ष मार्च में भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता के शीर्ष आठ खिलाड़ी भाग लेंगे।

इसमें अंतर्राष्ट्रीय स्तर का भी तड़का होगा। दिल्ली का प्रतिनिधित्व करने वाले सेना के नौकायन खिलाड़ी अर्जुन लाल जाट मुख्य आकर्षणों में से एक होंगे। 28 वर्षीय जाट ने 2020 टोक्यो ओलंपिक में भाग लिया है और हांगझाऊ में 2022 एशियाई खेलों में लाइट-वेट डबल स्कल्स में रजत पदक जीता है। जाट ने कहा कि यह मेरा पहला खेलो इंडिया इवेंट है और मैं पुरुषों की सिंगल स्कल्स स्पर्धा में भाग लूंगा। मुझे उम्मीद है कि इसमें भाग लेने वाली प्रत्येक टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी।

# चौथा कैप्टेंस कप: अनबू कॉम्बैट क्लब बना चैंपियन

- **भारत के सबसे व्यापक मार्शल आर्ट्स आयोजनों में से एक बन गया है, हर दिन लगभग 7 फाइटर्स खेल रहे**

**कोलकाता, वार्ता।** माइक्स मार्शल आर्ट्स द्वारा राष्ट्रीय कॉम्बैट स्पोर्ट्स फेडरेशन के सहयोग से आयोजित चौथी कैप्टेंस कप मार्शल आर्ट्स चैंपियनशिप कोलकाता में सफलता पूर्वक संपन्न हो गई। यह चार दिवसीय प्रतियोगिता (15 से 18 अगस्त) देशभर से आए फाइटर्स, डोजो और मार्शल आर्ट्स प्रेमियों को एक मंच पर लेकर आई, जिसने मुकाबले के जज्बे और अनुशासन की असली भावना को दर्शाया। चैंपियनशिप में काटा (फॉर्म्स), फुल कॉन्टैक्ट कराटे, किकबॉलक्सिंग, और ब्राजीलियन जिउ-जित्सु/ग्रैपलिंग जैसी विधाओं को शामिल किया गया, जिससे यह भारत के सबसे व्यापक मार्शल आर्ट्स आयोजनों में से एक बन गया। हर दिन लगभग 60 फाइटर्स ने 80 से अधिक कैटेगरीज में मुकाबला किया। कुल मिलाकर 14 डोजो-केरल, महाराष्ट्र, असम और पश्चिम बंगाल से-इस प्रतियोगिता का हिस्सा बने। महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही, जो कुल प्रतिभागियों का 39प्रतिशत थी, यह संकेत है कि कॉम्बैट स्पोर्ट्स में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। प्रतियोगिता में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिनमें प्रमुख रहीं ऋषिका बनर्जी, जो वर्तमान में यूथ यूरोपियन ओपन फुल कॉन्टैक्ट कराटे चैंपियन हैं, और स्नेहा सामंता, जो आगामी कराटे वर्ल्ड कप (जापान, नवंबर) में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

# वापसी के लिए तैयार हैं उमरान मलिक

### उमरान तमिलनाडु में चल रहे बुची बाबू टूर्नामेंट से ऐक्शन में वापसी करने के लिए तैयार है



**चेन्नई, वार्ता।** चोट और बीमारी के कारण 2024-25 का घरेलू सीजन और आईपीएल 2025 छूटने के बाद तेज गेंदबाज उमरान मलिक, तमिलनाडु में चल रहे बुची बाबू टूर्नामेंट से ऐक्शन में वापसी करने के लिए तैयार हैं। 25 साल के मलिक बुची बाबू टूर्नामेंट के पहले राउंड में नहीं खेल रहे हैं, जो 18 अगस्त को चेन्नई में शुरू हुआ। लेकिन वह दूसरे राउंड में जम्मू कश्मीर की ओर से बड़ौदा के खिलाफ 22 अगस्त से खेलेंगे। मलिक आखिरी बार आईपीएल 2024 में खेलते दिखे थे। हैमस्ट्रिंग और कूल्हे की चोट से उबरने के बाद उन्हें लगता है कि उनका शरीर घरेलू क्रिकेट की कठिनाईयों को झेलने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि मुझे अच्छा लग रहा है। मैंने लंबे समय से क्रिकेट नहीं खेला है। मैं सात-आठ महीने चोटिल भी था। वह एक मुश्किल दौर था। लेकिन अब वापसी करके बहुत अच्छा लग रहा है। मैंने हाल ही में कश्मीर में काफी लाल गेंद की क्रिकेट और टी-20 मैच खेले हैं। वह हमारा रजिस्ट्रेशन कैंप था। हम बुची बाबू (टूर्नामेंट) के लिए चेन्नई आए। मैं अभी जितने मैच खेल सकूं, उतना अच्छा है। यह मेरे शरीर के वर्कलोड के लिए अच्छा है। मैं वापसी कर चुका हूं और इस सीजन अच्छा करूंगा। यही मेरा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि निशांत (बोर्डोलोई, स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच) मेरी मदद कर रहे थे। तुलसी (राम युवराज, फिजियो) सर और सुरेश (राठौड़, फिजियो सर और (वीवीएस, लक्ष्मण (सीओई प्रमुख) सर ने मुझे वह सब कुछ दिया, जिसकी जरूरत थी। बीसीसीआई का शुक्रिया। चोट किसी भी स्पोर्ट्समैन की लजदगी का हिस्सा है। यह होना ही है। उस समय मैंने खुद को मजबूत रखा, अपना माइंडसेट सही रखा। अब सब ठीक है। मलिक ने पहली बार 2022 आईपीएल में सबका ध्यान खींचा था, जब उन्होंने 156-9 किमी/घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के लिए 14 मैचों में 22 विकेट लिए। उसी साल उन्हें भारत की सीमित ओवर टीमों में जगह मिली, लेकिन इसके बाद से चोटों ने लगातार उनके करियर को प्रभावित किया है।

# खिलाड़ियों की देखभाल और प्रदर्शन को लेकर हरियाणा स्टीलर्स और फ्रिडो ने की साझेदारी

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रो कबड्डी लीग 2025 में खिलाड़ियों की देखभाल और प्रदर्शन को नये स्तर पर ले जाने के लिए हरियाणा स्टीलर्स और फ्रिडो के बीच साझेदारी हुई है। भारत के अग्रणी डी2सी एर्गोनॉमिक ब्रांड फ्रिडो ने जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स की टीम हरियाणा स्टीलर्स के साथ साझेदारी का ऐलान किया है। अब 29 अगस्त से शुरु हो रही प्रो कबड्डी लीग 2025 में फ्रिडो टीम का आधिकारिक साझेदार होगा। यह साझेदारी केवल स्पॉन्सरशिप नहीं है, बल्कि इसमें फ्रिडो के एडवांस ऑर्थोटिक सॉल्यूशन्स को खिलाड़ियों के प्रदर्शन और वापसी से सीधे जोड़ा गया है। कबड्डी जैसा तेज-तर्रार और हाई-कॉन्टैक्ट खेल हर रेड, टैकल और स्प्रिंट में खिलाड़ियों के घुटनों और जोड़ों पर भारी दबाव डालता है। ऐसे में चोट से बचाव और तेजी से वापसी ही तय करती है कि खिलाड़ी मैदान पर टिके रहेंगे या बाहर बैठेंगे। फ्रिडो के नीकैप सपोर्ट्स, पोस्टचर करेक्टर्स और रिस्ट ब्रेसेज खिलाड़ियों को अतिरिक्त सुरक्षा, स्थिरता और आत्मविश्वास के साथ पूरे सीजन खेलने में मदद करेंगे। इस अवसर पर फ्रिडो के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी गणेश सोनवणे ने कहा कि कबड्डी में विस्फोटक मूवमेंट और जबरदस्त लोअर-बॉडी स्ट्रेंथ की जरूरत होती है। घुटनों पर सबसे ज्यादा दबाव पड़ता है और उनकी सुरक्षा खिलाड़ियों के करियर की लंबी उम्र और प्रदर्शन दोनों के लिए अहम है। फ्रिडो में हम प्रिवेंटिव हेल्थकेयर पर विश्वास रखते हैं।

## सम्पादकीय

गुरुवार, 21 अगस्त 2025

# निशाने पर पीएम-सीएम

केंद्र सरकार ने बुधवार को संसद में एक बिल पेश किया है, जिसमें गिरफ्तारी या 30 दिन हिरासत पर पीएम-सीएम का पद समाप्त हो जाएगा। यह 5 साल से अधिक सजा वाले अपराध में लागू होगा। सरकार ने इस बिल को जेपीसी को भेज दिया है, वहीं विपक्ष ने विरोध किया है। जैसे ही गृहमंत्री अमित शाह ने इस बिल को पेश किया, तो विपक्षी सदस्यों ने वेल में आकर हंगामा शुरू कर दिया।

विपक्ष का तर्क है कि इस बिल के बहाने मोदी सरकार देश की न्याय व्यवस्था को कमजोर करना चाह रही है, जिसे वे नहीं होने देंगे। गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में इससे संबंधित तीन बिल पेश किए। तीनों विधेयकों के खिलाफ लोकसभा में जमकर हंगामा हुआ। विपक्ष ने तीनों बिलों को वापस लेने की मांग की। ये तीनों बिल अलग-अलग इसलिए लाए गए हैं, क्योंकि केंद्र सरकार, राज्य सरकार और केंद्र शासित राज्यों के लीडर्स के लिए अलग-अलग प्रावधान हैं। विपक्ष ने इस बिल को महा-आपातकाल से भी बढ़कर बताया और कहा कि यह भारत के लोकतांत्रिक युग को हमेशा के लिए समाप्त करने वाला कदम है। यह कठोर कदम भारत में लोकतंत्र और संघवाद के लिए मृत्यु-घंटी है। आखिर इस बिल में ऐसा क्या है, जिसका विपक्ष विरोध कर रहा है।

केंद्र शासित प्रदेश सरकार विधेयक 2025 के अनुसार केंद्र शासित प्रदेश सरकार अधिनियम, 1963 के तहत गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए सीएम या मंत्री को हटाने का कोई प्रावधान नहीं है। ऐसे मामलों में केंद्र शासित प्रदेश सरकार अधिनियम, 1963 की धारा 45 में संशोधन करने की जरूरत है। वहीं संविधान विधेयक, 2025 के उद्देश्यों के अनुसार, संविधान के तहत गंभीर आपराधिक आरोपों में गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए मंत्री को हटाने का कोई प्रावधान नहीं है, इसलिए ऐसे मामलों में संविधान के अनुच्छेद 75, 164 और 239एए में संशोधन की जरूरत है। इसके साथ ही जम्मू कश्मीर पुनर्गठन विधेयक, 2025 के उद्देश्यों के अनुसार, जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के तहत गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए मुख्यमंत्री या मंत्री को हटाने का कोई प्रावधान नहीं है, इसलिए ऐसे मामलों में सीएम या मंत्री को हटाने के लिए एक कानूनी ढांचा प्रदान करने हेतु जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 54 में संशोधन की जरूरत है। विपक्ष का कहना है कि ऐसे बिलों की आड़ में सरकार संविधान बदलना चाहती है, जिसे किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा।

## पुलिस स्टेट बन जाएगा देश



संविधान संशोधन विधेयक संविधान में निहित शक्ति-विभाजन के सिद्धांत का उल्लंघन है और जनता के जरियें चुनी हुई सरकारों के अधिकार को कमजोर करता है, इससे कार्यकारी एजेंसियों को खुली छूट मिल जाएगी कि वे मामूली आरोपों और शक के आधार पर ही जज और जल्लाद दोनों बन जाएं, यह सरकार किसी भी कीमत पर देश को पुलिस स्टेट में बदलने पर तुली हुई है, यह कदम चुनी हुई सरकारों पर सीधा हमला है और लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करने वाला है, अगर इन विधेयकों को लागू किया गया, तो यह भारत के लोकतंत्रपर डेथ नेल (अंतिम वॉर) साबित होगा।

**-असदुद्दीन ओवैसी**
**सांसद, एआईएमआईएम**

# जननायक राहुल गांधी का एक दांव और एनडीए की धड़कनें तेज





**तसलीम कुरैशी**

> क्या नरेन्द्र मोदी को इस बात खतरा था कि कहीं आरएसएस खेला ना कर दे क्यों एनडीए के संसदीय नेताओं की बैठक में ही नरेन्द्र मोदी ने अपने नाम पर मुहर लगवाई थी क्या नरेन्द्र मोदी और आरएसएस के बीच चल रही रस्साकशी वजह तो नहीं थी। अगर थी तो क्या अब वह सियासी चिंगारी भड़केगी या वैसे ही फुसफुसा कर ही रह जाएगी जैसे 2024 में रह गई थी क्योंकि उपराष्ट्रपति पद के एनडीए प्रत्याशी संघ की पृष्ठभूमि से ही आते है। यह दांव सिर्फ उपराष्ट्रपति चुनाव का नहीं है, बल्कि एनडीए की एकजुटता की असली परीक्षा है। हो सकता है कि एनडीए की पहली बड़ी दरार इसी चुनाव में खुलकर सामने आ जाए अगर यह आशंका सही साबित हुई तो नरेन्द्र मोदी सरकार के सामने भी संकट खड़ा दिखाई देगा और इस संकट से निपटना मुश्किल हो सकता है, तो सवाल यह है कि क्या चंद्रबाबू नायडू, जगन मोहन रेड्डी और तेलंगाना के केसीआर पार्टी लाइन पर चलेंगे या फिर अपने ही राज्य की जमीन से उठे उम्मीदवार के खिलाफ जाकर अपनी राजनीति की सियासी कब्र खोदेंगे।

देश की सियासत बहुत तेजी से करवटें बदल रही है साथ ही जननायक की भूमिका में आए कांग्रेस के नेता राहुल गांधी की स्वीकार्यता देश में बहुत तेजगति से बढ़ती जा रही है। नेता प्रतिपक्ष जननायक राहुल गांधी की सियासी गुगली में मोदी की भाजपा सहित एनडीए भी फंसता दिखाई दे रहा है। उपराष्ट्रपति के चुनाव का मुकाबला रोचक हो गया है, क्योंकि यह मुकाबला दक्षिण के दो नेताओं के बीच होने की संभावना बढ़ गई है। उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर राजनीति में बड़ा धमाका हो चुका है।

एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन को हराने के लिए नेता प्रतिपक्ष जननायक राहुल गांधी ने मोदी स्टाइल में ही मास्टर स्ट्रोक चल दिया है उसका सियासी तोड़ मुश्किल नजर आ रहा है एनडीए खेमे में काफी बेचैनी महसूस की जा रही है। जननायक जब यह कहते हैं कि भाजपा ने बिहार में चुनी हुई सरकार चोरी की। 20 सालों से युवाओं का भविष्य चोरी किया। अब यहां के गरीबों से उनका वोट चोरी कर रहे हैं। बिहार के लोग ये चोरी रोकेंगे, 2 दशक का हिसाब भी लेंगे और वोट से जवाब भी देंगे तो जनता एक सुर में आवाज मिलाती नजर आती है। नेता प्रतिपक्ष जननायक राहुल गांधी मोदी सरकार को शुरू से ही घेरने का काम कर रहे हैं। वोट चोरी को लेकर वह एक बड़े आंदोलन को देश में खड़ा करने की ओर बढ़ रहे हैं।

इसकी शुरुआत वह बिहार से कर चुके हैं और उन्हें वहां अच्छे पैमाने पर समर्थन मिल रहा है। इस आंदोलन को जनता के मिल रहे सहयोग की बिहार की सड़कें गवाही दे रही है कि राहुल गांधी अब सिर्फ राहुल गांधी नहीं रहे अब वह जननायक बन गए हैं और यह बात नरेन्द्र मोदी सहित आरएसएस को परेशान कर रही है। राहुल गांधी को लेकर देशभर में प्रोपेगैंडा किया गया था कि शहजादे है पप्पू है पता नहीं क्या-क्या संघियों ने प्रचारित किया था, लेकिन हकीकत उसके उलट थी और है वह बहुत ही सिद्धांतवादी इंसान हैं इंसान मतलब इंसान।

इंसान के रूप में हैवान नहीं जैसा कि आज लोग हैं इंसान नहीं हैवानियत रूप धारण किए हुए हैं जबकि राहुल गांधी सभ्यताओं से भरपूर हैं जिसको देख मन सुखी हो उठता है। उनके द्वारा किए जा रहे आंदोलन में आ रही अपार भीड़ इसका प्रमाण है कि राहुल गांधी अब सिर्फ राहुल गांधी नहीं रह गए हैं वह जननायक बन गए हैं। बच्चे हों बड़े बुजुर्ग हों या जवान महिला हों या पुरुष सब एक झलक पाने को आतुर रहते हैं यही नहीं उनके द्वारा वोट चोरी को लेकर जो बातें की गई हैं या की जा रही हैं उसे वह सही मान रहे हैं और उसका समर्थन कर रहे हैं जो नरेन्द्र मोदी के लिए खतरे की घंटी है जिसको नरेन्द्र मोदी सहित पुरा संघ परिवार समझ चुका है कि अब सत्ता की उलटी गिनती शुरू हो गई है। अब सबसे ज्यादा मुश्किल में पहले चंद्रबाबू नायडू हैं जो एनडीए का हिस्सा होकर भी अपने ही आंध्र प्रदेश से उतरे विपक्षी उम्मीदवार को कैसे नकारें?

दूसरा नाम उसी राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी हैं जो कि राजनीति में अपने अस्तित्व को बचाने की जुगत में हैं लेकिन वोट देने में फंसा दुविधा जाल और तीसरे तेलंगाना राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) हैं जो कि तेलंगाना की सियासत के बेताज बादशाह कहे जाते थे या है, अब खुद को किस ओर जाएं की दुविधा में पाते हैं। विपक्ष ने चतुराई दिखाते हुए बी. सुदर्शन रेड्डी को उम्मीदवार बनाया है, जिनका ताल्लुक आंध्र प्रदेश से यानी दक्षिण से ही है। यानी उपराष्ट्रपति के चुनावी खेल में दक्षिण का मुकाबला दक्षिण से ही होगा सियासत भी कितनी अजीबोगरीब होती है कभी कैसे तो कभी कैसे रंग बदल लेती है, जिससे एनडीए के सहयोगियों को सबसे ज्यादा असहज होना पड़ेगा। यहां एक सवाल सबसे बड़ा यह भी है जबसे नरेन्द्र मोदी ने तीसरा कार्यकाल शुरू किया था तबसे ही मुंह बाएं खड़ा है जब 2024 के चुनावी परिणाम घोषित हो गए और यह तय हो गया था कि भाजपा की ही सरकार बनेगी, तो भाजपा ने पार्टी की संसदीय दल की बैठक क्यों नहीं बुलाई थी।

क्या नरेन्द्र मोदी को इस बात खतरा था कि कहीं आरएसएस खेला ना कर दे क्यों एनडीए के संसदीय नेताओं की बैठक में ही नरेन्द्र मोदी ने अपने नाम पर मुहर लगवाई थी क्या नरेन्द्र मोदी और आरएसएस के बीच चल रही रस्साकशी वजह तो नहीं थी। अगर थी तो क्या अब वह सियासी चिंगारी भड़केगी या वैसे ही फुसफुसा कर ही रह जाएगी जैसे 2024 में रह गई थी क्योंकि उपराष्ट्रपति पद के एनडीए प्रत्याशी संघ की पृष्ठभूमि से ही आते है। यह दांव सिर्फ उपराष्ट्रपति चुनाव का नहीं है, बल्कि एनडीए की एकजुटता की असली परीक्षा है। हो सकता है कि एनडीए की पहली बड़ी दरार इसी चुनाव में खुलकर सामने आ जाए अगर यह आशंका सही साबित हुई तो नरेन्द्र मोदी सरकार के सामने भी संकट खड़ा दिखाई देगा और इस संकट से निपटना मुश्किल हो सकता है, तो सवाल यह है कि क्या चंद्रबाबू नायडू, जगन मोहन रेड्डी और तेलंगाना के केसीआर पार्टी लाइन पर चलेंगे या फिर अपने ही राज्य की जमीन से उठे उम्मीदवार के खिलाफ जाकर अपनी राजनीति की सियासी कब्र खोदेंगे और अगर ऐसा हुआ, तो क्या एनडीए की मजबूती सिर्फ नाम की रह जाएगी?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मलेरिया रोकथाम के दो नए प्रयास

**वैज्ञानिक उक्त तकनीकों को लेकर उत्साहित हैं, लेकिन सतर्क भी हैं। यह सफल रहे तो भी इनका उपयोग मच्छरदानी, दवाइयों और कीटनाशकों जैसी अन्य रोकथाम विधियों के साथ मिलाकर ही करना होगा और कुछ सवाल अभी अनुत्तरित हैं। जैसे, क्या मच्छर या मलेरिया परजीवी इस तरह की सुरक्षा के प्रतिरोधी हो जाएंगे? ऐसे मच्छर प्रकृति में छोड़े गए, तो पर्यावरण व पारिस्थितिकी पर दीर्घकालिक असर क्या होंगे? अनचाहे परिणामों से बचाव कैसे किया जाएगा?**

मलेरिया रोकथाम के दो नए उपाय सामने आए हैं। एक उपाय में इंसानी खून को मच्छरों के लिए जहरीला बनाने का प्रयास किया गया है ताकि काटते ही मच्छर मर जाएं। दूसरे उपाय में कोशिश यह है कि मच्छरों को मलेरिया परजीवी के लिए अनुपयुक्त बना दिया जाए।

पहले उपाय में आइवरमेक्टिन नामक एक दवा का उपयोग शामिल है। यह दवा न केवल कृमियों को मारती है बल्कि जूं जैसे कीटों का भी खात्मा करती है। इसके अलावा जब कोई व्यक्ति इसे गोली के रूप में लेता है, तो उसका खून पीने वाले कीट भी मर जाते हैं। विचार यह आया कि यदि मच्छर ऐसे व्यक्ति को काटें जिसने हाल ही में आइवरमेक्टिन ली हो, तो क्या वे भी मर जाएंगे? और अगर एक साथ पूरा समुदाय यह दवा ले ले, तो क्या मच्छरों की संख्या घट सकती है?

प्रयोगशाला परीक्षण के नतीजे काफी उत्साहजनक रहे। एक दिन पहले आइवरमेक्टिन लेने वाले लोगों के खून पर पले 73 प्रतिशत मच्छर दो दिन में मर गए, जबकि नियंत्रण समूह में केवल 31 प्रतिशत। लेकिन असली चुनौती वास्तविक दुनिया में इसके असर को साबित करना था। अक्टूबर 2023 में दक्षिण केन्या के क्वाले काउंटी में एक बड़ा परीक्षण बरसात के मौसम की शुरुआत में हुआ, जब मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ती है। अध्ययन में 84 बस्तियों को शामिल किया गया था। आधी बस्तियों के लोगों को तीन महीने तक, हर महीने आइवरमेक्टिन दी गई और बाकी आधों को परजीवी नाशी दवा अल्बेंडेजोल दी गई, जो मच्छरों पर कोई असर नहीं करती। अगले छह महीनों में आइवरमेक्टिनसमूह में बच्चों में मलेरिया के नए मामलों में 26 प्रतिशत की कमी आई। हालांकि कई वैज्ञानिक इस नतीजे से सहमत नहीं है। एक तो, 26 प्रतिशत की कमी व्यापक इस्तेमाल के लिए पर्याप्त नहीं है। दूसरा, यह दवा गर्भवती महिलाओं और शिशुओं को नहीं दी जा सकती।

इसके अलावा बुर्किना फासो के दो परीक्षणों और गिनी-बिसाऊ (2024) के एक परीक्षण में कोई खास फायदा नहीं दिखा था। हालांकि, केन्या परीक्षण थोड़ा अलग था - दवा बरसात की शुरुआत में ही दे दी गई थी, जब मच्छर तेजी से बढ़ते हैं, और कई बार दी गई। एक अतिरिक्त फायदा यह हुआ कि खुजली और जुओं का भी सफाया हो गया। फिर भी इसकी कई चुनौतियां हैं। गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों के लिए यह दवा सुरक्षित नहीं है। हर खुराक के बाद दवा खून में कुछ ही दिनों तक प्रभावी रहती है। लंबे समय तक असर करने वाले संस्करणों पर फिलहाल शोध चल रहा है। मलेरिया के मामलों में महज 26 प्रतिशत कमी लागत और मेहनत के हिसाब से पर्याप्त नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन WHO का नियम है कि जब तक कम से कम दो बड़े और उच्च-गुणवत्ता वाले परीक्षणों में मजबूत सुरक्षा न दिखे, किसी तरीके को बड़े पैमाने पर अपनाने की सिफारिश नहीं की जा सकती। शोधकर्ता भी उपरोक्त शंकाओं को दूर करने की दिशा में और शोध कार्य करने की योजना बना रहे हैं।

दूसरा तरीका मच्छरों को ही मलेरिया के खिलाफ हथियार बनाने का है। नेचर पत्रिका में प्रकाशित एक नए अध्ययन में मच्छरों के जीन में बदलाव करके उन्हें मलेरिया परजीवी प्लाज्मोडियम का वाहक बनने से रो. कने का प्रयास किया गया है। आगे, जीन ड्राइव नामक तकनीक से इस गुण को तेजी से मच्छरों की आबादी में फैलाया जा सकता है। आम तौर पर मच्छर अपने जीन का आधा हिस्सा ही अगली पीढ़ी को देते हैं। लेकिन जीन ड्राइव एक खास आनुवंशिक तकनीक है, जो इस नियम को बदल देती है।

यह चुने हुए जीन को लगभग सभी संतानों में पहुंचाती है, जिससे वह तेजी से पूरी आबादी में फैल जाता है। यह तरीका कारगर तो है, लेकिन विवादास्पद भी है, क्योंकि इससे किसी प्रजाति में स्थाई और बड़े पैमाने पर बदलाव हो सकते हैं, जिनके पर्यावरण पर अनजाने असर पड़ सकते हैं। इसलिए नए शोध में वैज्ञानिकों ने कृत्रिम जीन बनाने की बजाय, मच्छरों में पहले से प्राकृतिक रूप से मौजूद एक उत्परिवर्तन का सहारा लिया। इस उत्परिवर्तन के चलते कुछ एनॉफिलीज गैंबिया मच्छरों में एक प्रोटीन का थोड़ा बदला हुआ रूप पाया जाता है। यह बदला हुआ प्रोटीन मलेरिया परजीवी को मच्छर के शरीर में अपना जीवन-चक्र पूरा करने में मुश्किल पैदा करता है।

**-स्रोत फीचर्स**

# वोट चोरी का मुद्दा: तू इधर-उधर की बात न कर...





**निर्मल रानी**

भारत में इन दिनों वोट चोरी का मुद्दा आम लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में होने वाले चुनावों की हालांकि पूरे विश्व में सराहना की जाती है परन्तु यह भी सही है कि इन चुनावों की पारदर्शिता को लेकर भी दशकों से सवाल उठते रहे हैं। आज यदि ईवीएम से होने वाली कथित धांधली पर सवाल उठाया जाता है तो बैलेट पेपर और मत पेटी के दौर में बूथ कैप्चरिंग व वोट गिनती में धांधली के आरोप भी लगते रहे हैं परन्तु पिछले दिनों इस सम्बन्ध में उठा विवाद कुछ ज्यादा ही तूल पकड़ गया है।

इस विवाद में एक तरफ भारतीय जनता पार्टी व चुनाव आयोग है तो दूसरी तरफ कांग्रेस के नेतृत्व में इण्डिया गठबंधन के सभी दल। यह विवाद दरअसल 2024 के लोकसभा चुनाव व कुछ राज्यों के विधानसभा चुनावों के बाद उस समय शुरू हुआ, जब कांग्रेस और इंडिया गठबंधन ने चुनाव आयोग पर मतदाता सूची में गड़बड़ियों और वोटर फ्रॉड के गंभीर आरोप लगाए।

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित अनेक विपक्षी नेताओं ने दावा किया है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में मतदाता सूचियों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी कर चुनावों में बेईमानी की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्नाटक, महाराष्ट्र, हरियाणा और बिहार जैसे राज्यों में बड़ी संख्या में फर्जी मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं और डुप्लिकेट वोटर की प्रविष्टियां बनाई गई हैं। कि कई जगह तो मतदाताओं के नाम सूची से भी हटा दिए गए हैं।

इस संबंध में राहुल गांधी ने चुनाव आयोग द्वारा ही उपलब्ध कराए गए वोटर लिस्ट के विशाल भंडार के शोध के आधार पर ही विशेष रूप से कर्नाटक के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र का उदाहरण दिया। उन्होंने अपनी पड़ताल में पाया कि अकेले महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में ही डुप्लिकेट प्रविष्टियों और फर्जी पतों के द्वारा 1,00,250 वोट चुराए गए। विपक्ष के मुताबिक इस तरह की गड़बड़ियों के कारण ही कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को 2024 के चुनाव में पराजय हुई। विशेष रूप से उन सीटों पर जहां हार का अंतर 50,000 वोटों से कम था। राहुल गांधी ने तो यहां तक दावा किया कि इसी वोटर फ्रॉड की वजह से ही कांग्रेस को लगभग 70 लोकसभा सीटों का नुकसान हुआ। इसी बीच बिहार में निकट भविष्य में होने वाले विधानसभा चुनावों से पूर्व चुनाव आयोग ने वोटर लिस्ट का विशेष गहन पुनरीक्षण Special Intensive Revision - SIR का काम शुरू कर दिया। इस प्रक्रिया में बिहार की मतदाता सूची से लगभग 65 लाख मतदाताओं के नाम हटाए गए, जिसे विपक्ष ने वोट चोरी का हिस्सा बताया। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए चुनाव आयोग को इन हटाए गए नामों का विवरण और कारण सार्वजनिक करने का निर्देश दिया।

उसके बाद ही चुनाव आयोग ने इन्हें सार्वजनिक किया। एक तरफ तो विपक्ष अर्थात इण्डिया गठबंधन, इस पूरे प्रकरण को लेकर चुनाव आयोग की बीजेपी के साथ मिलीभगत का आरोप लगा रहा है जबकि बीजेपी व चुनाव आयोग इसे विपक्ष की बौखलाहट और अनर्गल आरोप करार दे रहे हैं। पहले भी चुनाव आयोग विपक्ष के इस तरह के आरोपों को बार-बार खारिज करता रहा है, परन्तु कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक ने इस मुद्दे को जनता तक ले जाने के लिए वोट चोरी से आजादी अभियान शुरू किया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गत 17 अगस्त, 2025 को चुनावी राज्य बिहार के सासाराम से अपनी 16 दिवसीय मतदाता अधिकार यात्रा शुरू की।

1,300 किलोमीटर की यह यात्रा 1 सितंबर को पटना में एक विशाल रैली के साथ समाप्त होगी, जिसमें विभिन्न भारतीय राजनैतिक दलों के नेता शामिल होंगे। दूसरी तरफ ठीक उसी दिन व उसी समय यानी 17 अगस्त 2025 को ही चुनाव आयोग ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर कहा कि मतदाता सूची की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के तहत है। आयोग ने यह भी कहा कि राजनीतिक दलों को मतदाता सूची की जांच के लिए समय दिया जाता है, लेकिन विपक्ष ने समय पर आपत्तियां दर्ज नहीं कीं। आयोग ने राहुल गांधी से उनके आरोपों के समर्थन में शपथ पत्र मांगते हुए कहा कि यदि उन्होंने एक सप्ताह में अपनी आपत्तियों से सम्बंधित हलफनामा नहीं दिया तो उन्हें देश से मुआफी मांगनी पड़ेगी। अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में सी सी टी वी फुटेज को लेकर भी चुनाव आयोग ने कई ऐसी बातें कीं जिसे पक्षपातपूर्ण व अतार्किक माना जा रहा है। बहरहाल, विपक्ष व चुनाव आयोग के बीच भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में पहली बार इस कद्र तल्खी पैदा हुई है। चुनाव आयोग की मनमानी को बेनकाब करने के लिए कांग्रेस ने http://votechori.in के नाम से एक वेब पोर्टल लॉन्च किया है, जहां लोग वोट चोरी के विरुद्ध अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं और डिजिटल मतदाता सूची की मांग का समर्थन कर सकते हैं।

साथ ही कांग्रेस ने टोल फ्री नंबर 9650003420 भी मिस्ड कॉल के लिए जारी किया है। इस पर जनता उन्हें अपना समर्थन व वोट सम्बन्धी अपनी शिकायत दे सकती है। विपक्ष ने इस मुहिम को वोट चोरी से आजादी अभियान का नाम दिया है। इसमें कोई शक नहीं कि अब वोट चोरी के मुद्दे ने देश की राजनीति में उबाल पैदा कर दिया है। पूरा देश इसे एक गंभीर और संवेदनशील मुद्दे के रूप में देख रहा है, क्योंकि चुनाव आयोग व भाजपा की जुगलबंदी ने भारत जैसे विशाल लोकतंत्र की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर सवाल खड़ा कर दिया है। विपक्ष तो सीधे तौर पर इसे लो. कतंत्र पर हमला बता रहा है। देश के मतदाता इस समय चुनाव आयोग के पक्षपातपूर्ण रवैये से परेशान होकर यही कहते दिखाई दे रहे हैं कि तू इधर उधर की बात न कर। ये बता कि काफिला क्यों लुटा? मुझे रहजनों से गरज नहीं। तेरी रहबरी का सवाल है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### ब्रिटेन, फ्रांस यूक्रेन में सैनिक तैनात नहीं करेंगे

**मास्को।** ब्रिटेन और फ्रांस यूक्रेन में अपने हजारों सैनिक तैनात करने का कोई इरादा नहीं है लेकिन तथाकथित 'इच्छुक गठबंधन' यूक्रेन की सुरक्षा की गारंटी के लिए वैकल्पिक तरीकों पर विचार कर रहा है। द टाइम्स अखबार की जारी रिपोर्ट में यह खबर दी गई। जिसके अनुसार 'इच्छुक गठबंधन' यूक्रेन को हवाई और समुद्री हमलों से बचाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। साथ ही वह यूक्रेनी सशस्त्र बलों को फिर से मजबूत करने में मदद के लिए जमीनीस्तर पर सैन्य प्रशिक्षकों को तैनात कर रहा है।

### कराची में बारिश का कहर, 11 लोगों की मौत, 10 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिणी बंदरगाह शहर कराची में बारिश जनित हादसों में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि भारी बारिश के कारण कई इलाके झीलों में तब्दील हो गए और अनेक उड़ानें बाधित हुईं तथा बिजली गुल हो गई।बारिश के पानी में डूबने और करंट लगने से भी लोगों की मौत हुई है। राहत एवं बचाव विभाग के अनुसार, दक्षिणी सिंध प्रांत की राजधानी कराची में मंगलवार सुबह से हो रही भारी बारिश के बाद बिजली का करंट लगने, डूबने और दीवार गिरने की घटनाओं में कई लोगों की मौत हो गई।

### नाइजीरिया में मस्जिद पर हमले में तेरह लोगों की मौत

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तरी राज्य कात्सिना में नमाज के दौरान एक मस्जिद पर बंदूकधारियों के एक समूह द्वारा किए गए हमले में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई। एक स्थानीय अधिकारी ने यह जानकारी दी है। कात्सिना के आंतरिक सुरक्षा और गृह मामलों के आयुक्त नासिर मुआजू ने स्थानीय मीडिया को बताया कि बंदूकधारियों ने मालुमफशी में मुस्लिम बहुल उन्गुवान मंतौ समुदाय पर हमला किया और सुबह की नमाज के दौरान मस्जिद में नमाजियों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। उन्होंने कहा कि हमलावरों के 'प्रतिशोध अभियान' पर होने का संदेह है।

### अफगानिस्तान में बस-ट्रक हादसे में 79 की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान के पश्चिमी प्रांत हेरात में मंगलवार रात हुए सड़क हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 79 हो गई है। गृह मंत्रालय के अधिका. रियों ने बुधवार को बताया कि मृतकों में 19 बच्चे भी शामिल हैं। दुर्घटना उस वक्त हुई जब ईरान से हेरात लौट रही बस एक मोटर साईकिल से टकराने के बाद वहां अन्य मिनी ट्रक से टकरा गई। टक्कर के बाद बस में आग लग गई और यात्रियों को बाहर निकलने का मौका भी नहीं मिल सका। यह दुर्घटना इतनी भयानक थी कि आग में जले शवों की पहचान भी मुश्किल हो गई है।



नई दिल्ली। संसद में कांग्रेस संसदीय दल की चेयरपर्सन सोनिया गांधी, LOP राज्यसभा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व इंडिया गठबंधन के नेताओं के द्वारा उप-राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी का अभिनंदन किया गया।

# सुदर्शन रेड्डी लड़ेंगे दमदार चुनावः राहुल गांधी

## उपराष्ट्रपति चुनाव में कांग्रेस ने कसी कमर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर विपक्षी गठबंधन ने पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज बी. सुदर्शन रेड्डी को अपना उम्मीदवार बनाया है। विपक्ष का दावा है कि यह चुनाव सिर्फ एक पद के लिए नहीं, बल्कि संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए है।

कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को रेड्डी के समर्थन में एकजुट होकर यह संदेश दिया कि विपक्ष अब संविधान विरोधी ताकतों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह चुनाव संविधान को बचाने वालों और उस पर हमला करने वालों के बीच की लड़ाई है।

उन्होंने बताया कि रेड्डी ने तेलंगाना में जाति जनगणना पर काम किया और सामा. जिक न्याय की दिशा में ठोस दृष्टिकोण तैयार किया। राहुल ने एक दिलचस्प किस्सा साझा करते हुए कहा कि जब उन्होंने रेड्डी से बात. चीत की, तो उनकी जेब में संविधान की प्रति थी। रेड्डी ने उन्हें बताया कि वे पिछले 52 वर्षों से संविधान अपने साथ रखते हैं क्योंकि किसी भी कानूनी बहस का अंतिम उत्तर संविधान ही होता है। राहुल ने कहा कि यही प्रतिबद्धता आज देश को चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि बीते

■ लोक सभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने समर्थन में एकजुट होकर संदेश दिया

■ यह चुनाव संविधान को बचाने वालों और उस पर हमला करने वालों के बीच की लड़ाई है

■ राहुल गांधी ने कहाः जब उन्होंने रेड्डी से बातचीत की, तो उनकी जेब में संविधान की प्रति थी



11 वर्षों में सत्तारूढ़ भाजपा ने अपनी संसदीय बहुमत का बार-बार दुरुपयोग किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र ने प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो जैसी स्वायत्त एजेंसियों का विपक्षी नेताओं के खिलाफ इस्तेमाल किया है। खड़गे ने कहा कि अब नए विधेयक भी विपक्षी सरकारों को कमजोर करने और उन्हें अस्थिर करने के औजार बना दिए गए हैं। उनके अनुसार, संसद में लगातार विपक्ष की आवाज दबाई जा रही है और गंभीर जनहित के मुद्दों पर बहस तक नहीं होने दी जा रही। खड़गे ने जोर देकर कहा कि ऐसे समय में बी. सुदर्शन रेड्डी की उम्मीदवारी विपक्ष की सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि रेड्डी का जीवन और काम संविधान की आत्मा को दर्शाता है न्याय, करुणा और हर नागरिक को सशक्त बनाने की भावना। विपक्ष का मानना है कि रेड्डी उपराष्ट्रपति पद पर बैठकर न केवल लोकतंत्र की रक्षा करेंगे बल्कि देश को न्याय और एकता की नई दिशा देंगे।

## चीनी विदेश मंत्री वांग ई पाकिस्तान के बजाए अफगानिस्तान पहुंचे

**नई दिल्ली।** चीन के विदेश मंत्री वांग ई अपनी प्रस्तावित पाकिस्तान यात्रा के कार्यक्रम में बदलाव करते हुए अफगानिस्तान पहुंच गए हैं। वह काबुल में छठी चीन-अफगानिस्तान-पाकिस्तान त्रिपक्षीय विदेश मंत्रियों की वार्ता में भाग लेने वहां गए हैं। इस वार्ता में तीनों देशों के बीच राजनीतिक, आर्थिक और क्षेत्रीय सहयोग सहित कई प्रमुख मुद्दों पर चर्चा होगी। वांग ई की बीते तीन सालों में यह पहली अफगानिस्तान यात्रा है। पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार इस बैठक में भाग लेने के लिए काबुल पहुंच चुके हैं। अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय ने काबुल में त्रिपक्षीय वार्ता के लिए वांग ई और डार के आगमन की घोषणा करते हुए कहा कि इस बैठक में तीनों देशों के बीच राजनीतिक, आर्थिक और क्षेत्रीय सहयोग सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर व्यापक चर्चा होगी।

# भारत पर प्रतिबंध का मकसद रूस पर दबाव

## अमेरिका ने कहाः प्रतिबंध से यूक्रेन जंग रोकने में मदद मिलेगी, भारत पर अब तक 50% टैरिफ लगाया

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने रूस पर दबाव बनाने के लिए भारत पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलीन लीविट ने इसकी जानकारी दी। इससे पहले तक ट्रम्प प्रशासन रूस से तेल लेने पर भारत के खिलाफ की गई आर्थिक कार्रवाई को पैनल्टी या टैरिफ बताता रहा है। ट्रम्प ने भारत पर अब तक कुल 50 टैरिफ लगाने का फैसला किया है।

इसमें 25 प्रतिशत रेसीप्रोकल यानी जैसे को तैसा टैरिफ और रूस से तेल खरी. दने पर 25 प्रतिशत पैनल्टी है। रेसीप्रोकल टैरिफ 7 अगस्त से लागू हो गया है, जबकि पेनल्टी 27 अगस्त से लागू होगी। लीविट के मुताबिक इसका मकसद रूस पर सेकेंडरी प्रेशर डालना है, ताकि वह युद्ध खत्म करने पर मजबूर हो। लीविट ने दावा किया कि आपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाक संघर्ष को रोकने में ट्रम्प ने अहम भूमिका निभाई थी। प्रेस सेक्रेटरी के मुताबिक ट्रम्प ने व्यापार को हथियार की तरह इस्तेमाल कर इस संघर्ष को खत्म कराया। लीविट ने कहा कि ट्रम्प ने अजरबैजान और आर्मेनिया के बीच पीस डील कराई। साथ ही रवांडा और डेमोक्रेटिक रिपब्लिक आफ कान्गो के बीच संघर्ष खत्म करने में मदद की। व्हाइट हाउस के मुताबिक, फिलहाल ट्रम्प का सबसे ज्यादा ध्यान रूस-यूक्रेन और इजरायल-हमास जंग को खत्म कराने पर है। ट्रम्प पहले भी कई बार भारत-पाक संघर्ष को खत्म कराने का श्रेय खुद को दे चुके हैं। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात की थी। ट्रम्प ने इस बातचीत को सफल बताया। वहीं जेलेंस्की ने कहा कि यह अब तक की उनकी सबसे अच्छी बातचीत रही। हालांकि इस दौरान रूस-यूक्रेन के बीच सीजफायर पर सहमति नहीं बनी। ट्रम्प ने कहा कि फिलहाल इतनी जल्दी सीजफायर संभव नहीं है। दूसरी ओर अमे. रिका ने 6000 से ज्यादा इंटरनेशनल स्टूडेंट्स के वीजा रद्द कर दिए हैं। जांच में पाया गया कि इनमें से कुछ ने कानून तोड़ा, कुछ वीजा एक्सपायर होने के बाद भी रुके हुए थे, जबकि कुछ गंभीर अपराधों में शामिल थे। अमेरिका ने रद्द किए गए 6000 वीजा में से लगभग दो-तिहाई यानी करीब 4000 वीजा धारक अपराधों में शामिल थे। इनमें मारपीट, चोरी और नशे में गाड़ी चलाना शामिल है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की है कि कुछ मामले आतंकवाद से भी जुड़े थे। 2023-24 में अमेरिकी कालेजों में 11 लाख से ज्यादा विदेशी छात्र पढ़ रहे थे। सरकार को चिंता है कि कुछ लोग एजुके. शन वीजा का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। इस वजह से वीजा नियमों की जांच को और सख्त किया जा रहा है। अमेरिका ने 200 से 300 स्टूडेंट वीजा आतंकवाद से जुड़े मामलों की वजह से रद्द किए हैं। इन वीजा को इमिग्रेशन और नेशनैलिटी एक्ट की उस धारा के तहत रद्द किया गया, जो आतंकवाद और सुरक्षा से जुड़ी है। इन मामलों की डिटेल जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। अधिकारियों का कहना है कि इन घटनाओं में न सिर्फ अमेरिकी कानूनों का उल्लंघन किया गया, बल्कि कालेज कैंपस और आम लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा किया गया। अमेरिकी सरकार इंटरनेशनल छात्रों को वीजा देने की प्रोसेस को लगातार सख्त करती जा रही है। अमेरिकी विदेश विभाग ने कुछ दिन पहले ही 2 सितम्बर से वीजा की ड्राप बाक्स सुविधा यानी इंटरव्यू वेवर प्रोग्राम (आईडब्ल्यूपी) को बंद करने की घोषणा की है।

### यूएस ने 6000 स्टूडेंट वीजा रद्द किए स्टूडेंट में से 4000 अपराध और आतंकवाद में शामिल बताए गए

### हमारे कच्चे तेल का कोई विकल्प नहीं, अमेरिकी दबाव गलतः रूस





**मास्को/नई दिल्ली।** रशियन आयल खरीदने के चलते भारत पर बनाए जा रहे अमेरिकी दबाव को रूस ने गलत बताया है। सीनियर रूसी डिप्लोमेट रोमन बाबुश्किन ने कहा: भारत इस बात को समझता है कि तेल आपूर्ति को बदलने का कोई विकल्प नहीं है, क्योंकि रूसी तेल भारत के लिए बहुत फायदेमंद है। भारत के लिए रूसी कच्चे तेल पर डिस्काउंट लगभग 5 प्रतिशत है। रोमन बाबुश्किन ने कहा-भारत के लिए यह एक चुनौतीपूर्ण स्थिति है, लेकिन हमें भारत के साथ अपने संबंधों पर विश्वास है। हमें विश्वास है कि बाहरी दबाव के बावजूद भारत-रूस ऊर्जा सहयोग जारी रहेगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक रूस के दूतावास ने ये भी कहा कि ष्अगर भारतीय सामान अमेरिकी बाजार में नहीं जा सकते, तो वे रूस की तरफ जा सकते हैं। दरअसल, अमेरिका ने भारत पर रूसी तेल खरीदने के चलते 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। इससे अमेरिका में भारत के सामान महंगे हो जाएंगे।

# फलस्तीन को मान्यता देने पर ऑस्ट्रेलिया-इजरायल में तनाव

## ऑस्ट्रेलियाई पीएम ने खारिज किए नेतन्याहू के आरोप

**मेलबर्न।** फलस्तीन को मान्यता देने के बाद आस्ट्रेलिया और इजरायल के बीच तनाव बढ़ गया है। इजरायल लगातार आस्ट्रेलिया के इस कदम का विरोध कर रहा है। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने आस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज पर आरोप लगाया कि वे एक कमजोर राजनेता हैं।

उन्होंने इजरायल को धोखा दिया है। अल्बनीज ने नेतन्याहू के आरोपों को खारिज कर दिया है। उन्होंने नेतन्याहू को जवाब दिया कि मैं अन्य देशों के नेताओं के साथ सम्मान से पेश आता हूं। मैं उनके साथ कूटनीतिक तरीके से बातचीत करता हूं। आस्ट्रेलिया के पीएम अल्बनीज ने 11 अगस्त को एलान किया था कि आस्ट्रेलिया भी फलस्तीन को मान्यता देगा।

इसके बाद इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा था कि इतिहास अल्बानीज को उनके व्यक्तित्व के लिए याद रखेगा। एक कमजोर राजनेता जिसने इजरायल को धोखा दिया और आस्ट्रेलिया के यहूदियों को त्याग दिया। इसके जवाब में आस्ट्रेलियाई पीएम अल्बनीज ने कहा कि मैं इन बातों को व्यक्तिगत रूप से नहीं लेता। वैश्विक चिंता बढ़ती जा रही है क्योंकि लोग हिंसा के चक्र का अंत देखना चाहते हैं। इसे हम बहुत लंबे समय से देखते आ रहे हैं। आस्ट्रेलियाई भी यही देखना चाहते हैं। आस्ट्रेलिया के गृह मंत्री टोनी बर्क ने आस्ट्रेलिया आ रहे नेतन्याहू के गठबंधन के सदस्य दक्षिणपंथी इजरायली सांसद सिमचा रोथमैन का वीजा रद्द कर दिया। बर्क ने नेतन्याहू पर आस्ट्रेलिया के खिलाफ बैसा हमला करने का आरोप लगाया, जैसा उन्होंने फलस्तीनी राज्य को मान्यता देने के मुद्दे पर ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, आयरलैंड, नार्वे और स्पेन के खिलाफ किया था। बर्क ने इस बात से इंकार किया कि अल्बनीज कमजोर हैं।

### मैं अन्य देशों के नेताओं के साथ सम्मान से पेश आता हूंः ऑस्ट्रेलियाई पीएम अल्बनीज

# व्हाइट हाउस ने टिकटॉक अकाउंट शुरू किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका में 'व्हाइट हाउस' ने आधिकारिक तौर पर अपना टिकटॉक अकाउंट लॉन्च किया। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा इस सोशल मीडिया ऐप को लगभग सितम्बर तक नए मालिक की तलाश करने या फिर देश में प्रतिबंध का सामना करने की समय सीमा संबंधी धमकी के बीच हुआ है।

इस अकाउंट पर मंगलवार दोपहर को पहला वीडियो पोस्ट किया गया। यह 27 सेकंड की एक क्लिप है जिसमें ट्रम्प को अपने समर्थकों के साथ बातचीत करते हुए दिखाया गया है। इसमें 2016 के रिपब्लिकन नेशनल सम्मेलन में उनके स्वीकृति भाषण का 'आडियो' भी है। इस वीडियो को कुछ ही घंटों बाद अकाउंट के 57,000 से ज्यादा 'फॉलोअर्स' हो गए जबकि पिछले साल अपने राष्ट्रपति चुनाव अभियान के लिए ट्रम्प द्वारा इस्तेमाल किए गए टिकटॉक अकाउंट पर 1.5 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर्स हैं।

■ ट्रम्प द्वारा इस्तेमाल किए गए टिकटॉक अकाउंट पर 1.5 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर्स

### स्लोवेनिया ने गाजा में सहायता की पहली खेप भेजी

**लजुब्लजाना।** स्लोवेनिया ने जॉर्डन के रास्ते गाजा के लिए मानवीय सहायता की पहली खेप पहुंची है। स्लोवेनिया के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि रक्षा मंत्रालय के भंडार से खाद्य सामग्री और कंबल सहित यह सहायता एक स्पार्टन सैन्य मालवाहक विमान द्वारा पहुंचाई गई है। दो और उड़ानें निर्धारित हैं और सभी आपूर्ति अगस्त के अंत तक पूरी होने की उम्मीद है। मंत्रालय के अनुसार, यह खेप जॉर्डन में अम्मान के पास एक सैन्य हवाई अड्डे पर प्राप्त हुई। रक्षा मंत्री बोरुत साजोविक ने इस अभियान के बारे में बताया कि गाजा में मानवीय संकट के चलते पिछले लगभग दो वर्षों से संघर्ष झेल रहे हैं।

# ट्रम्प ने वेनेजुएला के पास तीन वॉरशिप भेजे

## ड्रग्स माफिया से निपटना मकसद, वेनेजुएला ने 45 लाख लड़ाके तैनात किए, कहाः अमेरिका पागल हुआ

**वाशिंगटन।** ट्रम्प प्रशासन ने वेनेजुएला के पास तीन वॉरशिप तैनात भेजे हैं। वॉरशिप अगले कुछ घंटों में वेनेजुएला के तट के पास पहुंच जाएंगे। ट्रम्प प्रशासन ने सोमवार को कहा था कि ये तैनाती ड्रग कार्टेल्स (ड्रग्स की तस्करी करने वाले ग्रुप्स) और इससे जुड़ी हिंसा को रोकने के लिए किया जा रहा है। ट्रम्प प्रशासन का मानना है कि वेनेजुएला की सरकार ड्रग तस्करी को बढ़ावा दे रही है।

वहीं, वेनेजुएला ने अमेरिका के इन आरोपों को खारिज किया है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने वॉरशिप तैनाती के खिलाफ 45 लाख सैनिकों को तैनात करने का ऐलान किया है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी के मुताबिक, यूएसएस ग्रेवली, यूएसएस जेसन डनहम और यूएसएस सैम्पसन नाम के तीन एजिस



■ ट्रम्प प्रशासन का मानना है कि वेनेजुएला की सरकार ड्रग तस्करी को बढ़ावा दे रही है

गाइडेड-मिसाइल डेस्ट्रायर वॉरशिप जल्द ही वेनेजुएला के तट पर पहुंचेंगे। तीनों वॉरशिप हवा, समुद्र, और पनडुब्बी हमलों से रक्षा करने में माहिर है। इनके साथ 4,000 सैनिक, पी-8ए पोसाइडन विमान, और एक हमलावर पनडुब्बी भी शामिल है। यह अगले कुछ महीनों तक इस इलाके में ड्रग तस्करों के खिलाफ अभियान में शामिल रहेंगे। वेनेजुएला के विदेश मंत्री यवान गिल ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि अमे. रिका का वेनेजुएला पर ड्रग तस्करी का आरा. 'प उसकी विश्वसनीयता की कमी को दिखाता है। गिल बोले, श्हम शांति और संप्रभुता के साथ आगे बढ़ रहे हैं। अमेरिका की हर धमकी यह साबित करती है कि वह एक स्वतंत्र देश को झुका नहीं सकता। ट्रम्प प्रशासन मादुरो को दुनिया के सबसे बड़े ड्रग तस्करों में से एक मानता है। अमेरिका ने 8 अगस्त को मादुरो की गिरफ्तारी के लिए इनाम की राशि को दोगुना करके 435 करोड़ रुपये कर दिया। इससे पहले मादुरो पर 217 करोड़ रुपये का इनाम था।

# इजरायल ने गाजा पर कब्जे को प्लानिंग को दी मंजूरी

## करीब 60 हजार रिजर्व फोर्स को सरकार ने ड्यूटी पर बुलाया, कुल 1.30 लाख सैनिक तैनात करेगा

**तेल अवीव।** इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने गाजा सिटी पर कब्जा करने की योजना को मंजूरी दी है। इसके लिए उन्होंने करीब 60 हजार एक्स्ट्रा सैनिकों (रिजर्व फोर्स) को ड्यूटी पर बुलाने का आदेश दिया है।

इजरायल के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। इजरायल ने गाजा सिटी पर कब्जे के लिए 1.30 लाख सैनिकों को मोर्चे पर तैनात करने का फैसला किया है। सैनिकों को ड्यूटी जाइन करने से कम से कम 2 हफ्ते पहले नोटिस दिया जाएगा। पहली खेप में 2 सितम्बर को करीब 40-50 हजार सैनिक बुलाए जाएंगे। दूसरी खेप नवम्बर-दिसम्बर में और तीसरी फरवरी-मार्च 2026 में



■ सैनिकों को ड्यूटी जाइन करने से कम से कम दो हफ्ते पहले नोटिस दिया जाएगा

बुलाई जाएगी। यह फैसला रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने सेना प्रमुख और सुरक्षा अधिकारियों के साथ बैठक के बाद लिया। गाजा सिटी पर कब्जे के अभियान को गिदोन'स चेरीअट्स-बी नाम दिया गया है। इस दौरान पहले से ड्यूटी कर रहे हजारों रिजर्व सैनिकों की सेवा 30-40 दिन और बढ़ा दी जाएगी। इस कार्रवाई में 5 आर्मी डिवीजन शामिल रहेंगी। इसमें 12 ब्रिगेड-लेवल टीमें होंगी, जिनमें पैदल सेना, टैंक, तोपखाना, इंजीनियरिंग और सपोर्ट यूनिट शामिल होंगी। इसके अलावा गाजा डिवीजन की नार्थ और साउथ ब्रिगेड भी हिस्सा लेंगी। इजरायल यह कदम हमास पर दबाव बढ़ाने के लिए उठाया गया है, क्योंकि गाजा में लगभग दो साल से चल रहे युद्ध को रोकने के लिए एक नई शांति योजना पर काम हो रहा है। इस नई योजना में 60 दिन तक युद्ध रोकने, बंधकों को चरणबद्ध तरीके से छोड़ने, कुछ फलस्तीनी कैदियों को रिहा करने और गाजा में खाने-पीने की चीजें पहुंचाने पर बात हो रही है। कतर ने कहा कि यह योजना पहले की एक योजना जैसी है, जिसे इजरायल ने मंजूर किया था। मिस्र ने कहा कि अब इजरायल को फैसला करना है। इजरायली सेना ने बताया है कि गाजा सिटी पर कब्जे की तैयारी शुरू हो चुकी है। अभी गाजा सिटी के बाहरी इलाकों में आपरेशन चल रहा है। जैतून इलाके में नहल और 7वीं आर्मर्ड ब्रिगेड आपरेशन चला रही है। वहीं एक दूसरे इलाके, जबालिया में गिवाती ब्रिगेड कफ आपरेशन को अंजाम दे रही है। यह अभियान कई स्टेप में चलेगा।

# नेतन्याहू ने मैक्रों पर यहूदी-विरोधी भावना भड़काने का लगाया आरोप

**तेल अवीव।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों पर यहूदी-विरोधी भावना भड़काने का आरोप लगाया है। पॉलिटिको ने एक पत्र का हवाला देते हुए बताया कि इजरायल ने फलस्तीन राज्य को मान्यता देने की पेरिस की पहल के बाद यह आरोप लगाया है।

मंगलवार को पॉलिटिको में प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक, नेतन्याहू ने मैक्रों को लिखे पत्र में कहा कि फलस्तीन के लिए आपका आह्वान इस यहूदी-विरा. 'धी आग में घी डालने जैसा है-यह कूटनीति नहीं, बल्कि तुष्टिकरण है। यह हमास के आतंक को बढ़ावा देता है, बंधकों को रिहा करने से हमास के इनकार को और मजबूत बनाता है। फ्रांसीसी यहूदियों को धमक. ाने वालों को बढ़ावा देता है और यहूदी-घृणा को बढ़ावा देता है, जो अब आपके यहां भी दिखने लगी है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि एलिसी पैलेस (फ्रांस के राष्ट्रपति का आधिकारिक कार्यालय एवं आवास) ने नेतन्याहू को जवाब दिया कि फ्रांस 'यहूदी धर्म के अपने देशवासियों की रक्षा करता है और हमेशा करता रहेगा' और इजराइली प्रधानमंत्री से 'भ्रम और छल-कपट की नहीं, बल्कि गंभीरता और जिम्मेदारी की माँग करता है।' मैक्रों के कार्यालय ने कथित तौर पर कहा कि नेतन्याहू के आरोप गलत, घृणित हैं और इनका जवाब दिया जाएगा।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108